CMYK

अधिकतम : 22° C
न्यूनतम : 11° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार 18 फरवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 318 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 29 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित





एआई वैश्विक सम्मेलन में कुप्रबंधन की खबरें सरकार की अक्षमता का परिणाम : खड़गे पेज 2





पाकिस्तान के लिए करो या मरो का मुकाबला खेल टाइम्स



रमजान मुबारक: इबादत, सब्र और इंसानियत का पाक महीना सम्पादकीय



तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### एआई को तेजी से अपना रहा है भारत : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि दुनिया तेज़ी से भारत की तरफ देख रही है क्योंकि देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को बहुत तेज़ी से अपना रहा है। श्री प्रधान ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भारत में एआई की सीमा को आगे बढ़ाना पर मंगलवार को आयोजित एक सत्र में हिस्सा लिया। इस दौरान श्री प्रधान ने सम्मेलन को भारत में एआई की वृद्धि को दिखाने और तेज़ करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोची हुई एक नई पहल बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया तेज़ी से भारत की तरफ देख रही है, क्योंकि देश एआई को बहुत तेज़ी से अपना रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि एआई भारत को ग्लोबल नॉलेज सुपरपावर बनाने में एक बदलाव लाने वाली भूमिका निभाएगा और विकसित भारत 2047 के विज़न में अहम योगदान देगा। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा पिछली पीढ़ियों से अलग तरीके से सोच रहे हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि शिक्षा में एआई और एआई में शिक्षा आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं इसलिए छात्रों और युवाओं को एआई का प्रयोग करके सशक्त बनने की अपील की।

### दिल्ली विवि परिसर में एक माह तक प्रदर्शन पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने परिसर में सार्वजनिक बैठकों, जुलूसों, प्रदर्शनों और किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन पर एक माह के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर की ओर से मंगलवार को जारी आदेश में विश्वविद्यालय परिसर में सार्वजनिक बैठकों, जुलूसों, प्रदर्शनों और किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन पर एक माह के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है, जो मंगलवार से प्रभावी हो गया है तथा एक महीने तक लागू रहेगा। आदेश के अनुसार परिसर में अनियंत्रित सार्वजनिक सभाओं और प्रदर्शनों से यातायात अवरोध, जन-जीवन को खतरा तथा शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका जताई गई है। आदेश में कहा गया है कि पूर्व में भी कई बार आयोजक ऐसे कार्यक्रमों को नियंत्रित करने में असफल रहे, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हुई।

### इंडिया एआई समिट में शामिल होंगे बिल गेट्स

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स के इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने को लेकर बनी असमंजस की स्थिति अब साफ हो गई है। गेट्स फाउंडेशन के प्रवक्ता के अनुसार, बिल गेट्स तय कार्यक्रम के मुताबिक समिट में हिस्सा लेंगे और अपना कीनोट एड्रेस देंगे। मंगलवार को वेबसाइट पर गेस्ट की लिस्ट में उनका नाम नहीं था। ऐसे में खबरें चल रही थीं कि सरकार ने उनका निमंत्रण रद्द कर दिया है। इसकी वजह अमेरिकी अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े विवादित दस्तावेजों में आए उनके नाम को बताया गया था। 16 फरवरी से दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हुई समिट 20 फरवरी तक चलेगी।

# भारत एवरेस्ट तक उड़ने वाला हेलीकॉप्टर बनाएगा: पीएम मोदी

## पीएम ने फ्रांस को स्पेशल पार्टनर बताया, मैक्रों बोले: भारत पर भरोसा, इसलिए टेक्नोलॉजी शेयर करते हैं

मुंबई, वार्ता



- दोनों नेताओं ने टाटा-एयरबस की एच-125 हेलीकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया
- मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति का किया स्वागत

**फ्रांस के** राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार को भारत पहुंचे। इस दौरान मुंबई में उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मिलकर टाटा-एयरबस की एच-125 हेलीकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

मुंबई में ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में ऐसे हेलीकॉप्टर का निर्माण करेंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भरेगा। मोदी ने फ्रांस को भारत का स्पेशल पार्टनर बताया और कहा कि दोनों देशों ने अपने रिश्तों को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' लेवल तक अपग्रेड करने का फैसला किया है। 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का मतलब है कि दोनों देश सिर्फ व्यापार या हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष, समुद्री इलाकों की सुरक्षा और बड़े वैश्विक मुद्दों पर साथ मिलकर काम करेंगे। मैक्रों ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद साझेदार है और फ्रांस भारत के साथ तकनीक साझा करने में भरोसा रखता है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों अपनी पत्नी के साथ पीएम मोदी के न्योते पर तीन दिन के भारत दौरे पर आए हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद मैक्रों का यह चौथा भारत दौरा है। इससे पहले वे मार्च 2018 में पहली बार भारत आए थे। इसके बाद वे सितम्बर 2023 में जी-20 समिट के लिए और जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनकर आए थे। भारत और फ्रांस के बीच 1998 से रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साथ काम करते हैं। यह दौरा भी इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

### ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकाने तबाह करने वाली हैमर मिसाइलें भारत में बनाने पर भी करार

**मुंबई।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं के बीच कई अहम समझौतों पर मुहर लगी। इनमें राफेल लड़ाकू विमान की खरीद पर चर्चा से लेकर हैमर मिसाइलों को भारत में बनाने के लिए समझौते पर भी बात हुई। इन मिसाइलों का जिक्र इसलिए भी अहम है, क्योंकि पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने में इन मिसाइलों की भूमिका काफी अहम रही थी। दरअसल, भारत ने बीते साल सात मई में जब पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था, तब हमारे किसी भी जवान या विमान ने सीमा पार नहीं की थी। बल्कि आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने का असल काम इन्हीं हैमर मिसाइलों और भारत की स्वदेशी निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों के जरिये किया गया था।

# नेताओं के भाषणों पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी नसीहत

शाह टाइम्स ब्यूरो



- राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए
- जनहित याचिका पर सुनवाई करने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** देश में नेताओं के भाषणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट ने शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं से राजनीतिक भाषणों पर दिशानिर्देश के लिए एक नई याचिका दाखिल करने को कहा है।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मौजूदा जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। याचिका में नेताओं और मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने कहा कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के कथित हेट स्पीच के संदर्भ में दायर की गई थी। सिब्बल ने दलील दी कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी -**शेष पृष्ठ दो पर**

# अजित पवार प्लेन क्रैश की सीबीआई जांच की मांग

- उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार सीएम फडनवीस से मिलीं, भतीजे रोहित ने साजिश की जताई थी आशंका

**नई दिल्ली/मुंबई।** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और एनसीपी नेताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस से मुलाकात कर बारामती विमान हादसे की सीबीआई जांच की मांग की। सुनेत्रा के साथ उनके बड़े बेटे पार्थ पवार, एनसीपी नेता सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल, हसन मुश्रीफ भी थे।

सुनेत्रा ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर सीएम को एक पत्र सौंपा। तटकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से बात करने का भरोसा दिया है। इधर, विमान दुर्घटना जांच एजेंसी (एएआईबी) ने लियरजेट-45 के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर से डेटा निकालने के लिए विशेष सहयोग मांगा है। पुणे जिले के बारामती में 28 जनवरी को एनसीपी नेता और उपमुख्यमंत्री अजित पवार का विमान क्रैश हुआ था।

### बारामती में क्रैश विमान के ब्लैकबॉक्स जलकर नष्ट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के बारामती में पिछले महीने हुए विमान हादसे के दोनों ब्लैक बॉक्स जलकर नष्ट हो चुके हैं और अब जांच सिर्फ डिजिटल फ्लाइट डाटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) तथा कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) के आधार पर होगी। बारामती में 28 जनवरी को वीएसआर वेंचर्स का लीयरजेट 45 विमान उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसमें आग लग गई थी। हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और दोनों पायलट समेत विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई थी।

# राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस रद्द



- कर्नाटक चुनाव में 40% कमीशन वाले विज्ञापन का मामला
- हाईकोर्ट ने भाजपा नेता की याचिका खारिज की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस को रद्द कर दिया। यह मामला 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले '40 फीसदी कमीशन' वाले कांग्रेस के विज्ञापनों को लेकर भाजपा नेता की शिकायत पर दर्ज हुआ था।

करप्शन रेट कार्ड वाले इस विज्ञापन को राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसके बाद भाजपा नेता केशव प्रसाद ने राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान विज्ञापनों में तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं पर सरकारी ठेकों से 40 फीसदी कमीशन लेने का झूठा आरोप लगाया। मामले में कर्नाटक की अदालत ने 23 फरवरी 2024 को सिद्धारमैया, डीके शिवकुमार और राहुल गांधी को समन जारी किया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने एक जून 2024 को सिद्धारमैया, शिवकुमार को और 7 जून 2024 को राहुल को जमानत दे दी थी। हालांकि राहुल गांधी ने समन को हाईकोर्ट में भी चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के जस्टिस सुनील दत्त यादव की सिंगल बेंच ने आदेश पारित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की याचिका मंजूर की जाती है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की कार्यवाही आगे बढ़ाना कानून की प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल होगा।

### चुनाव आयोग तुगलकी आयोग बना: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने चुनाव आयोग को तुगलकी आयोग बताया और आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर मतदाता सूची से लाखों नाम हटाए जा रहे हैं। ममता ने राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा के आईटी सेल की एक महिला कर्मचारी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर चुनाव आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान बंगाल के मतदाताओं के नाम हटा रहा है। आयोग लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन रहा है और आम लोगों से आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहा है। टीएमसी सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि भाजपा को खुश करने के लिए बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। ममता ने चुनाव आयोग की ओर से निलंबित किए गए सात असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एईआरओ) का बचाव भी किया।

# मुंबई तट के पास तीन संदिग्ध तेल टैंकर जब्त

- पहचान छिपाने के लिए नाम-झंडा बदला
- ईरान सरकार बोली: जहाजों से हमारा कोई संबंध नहीं

**नई दिल्ली/मुंबई।** भारत ने इस महीने मुंबई तट के पास तीन तेल टैंकर जब्त किए हैं। इन जहाजों के आईएमओ नंबर अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित जहाजों से मेल खाते हैं और इनका ईरान से संबंध होने का शक है। हालांकि, ईरान की नेशनल ईरानियन ऑयल कंपनी (एनआईओसी) ने इन जहाजों से किसी भी तरह के संबंध से इन्कार किया है।

सूत्रों के मुताबिक इन जहानों के नाम स्टेलर रूबी, अस्फाल्ट स्टार और अल जफिजआ हैं। इन्हें मुंबई तट से लगभग 100 नाटिकल माइल्स पश्चिम में संदिग्ध गतिविधियों के बाद रोका गया था। बाद में जांच के लिए मुंबई पोर्ट लाया गया है। बताया गया है कि ये जहाज पहचान छिपाने के लिए बार-बार अपना नाम, झंडा और अन्य पहचान बदल रहे थे। इन जहाजों की मालिक विदेशी कंपनियां हैं। भारतीय अधिकारियों ने इस कार्रवाई की जानकारी 6 फरवरी को एक्स पर दी थी, लेकिन बाद में वह पोस्ट हटा दी गई। सूत्रों के अनुसार इस घटना के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड ने निगरानी और सख्त कर दी है। 24 घंटे भारत के समुद्री क्षेत्र में निगरानी कर रहे हैं। इसके लिए करीब 55 जहाज और 10-12 विमान तैनात किए गए हैं।



नई दिल्ली: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षा में बैठने से पहले कक्षा 10वीं की छात्राएं खुशी का इजहार करते हुए।

# भारत के लिए एआई केवल एक तकनीक नहीं: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- प्रधानमंत्री ने भारत की एआई रणनीति, भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की

**नई दिल्ली।** ग्लोबल साउथ में अपनी तरह का पहला और सबसे बड़ा आयोजन इंडिया एआई समिट 2026 नई दिल्ली में जारी है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया से विशेष बातचीत की।

उन्होंने भारत की एआई रणनीति, भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने साफ किया है कि भारत के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का जरिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि आज एआई एक सभ्यतागत मोड़ पर खड़ा है। यह मानवीय क्षमताओं को अभूतपूर्व तरीकों से बढ़ा सकता है, लेकिन अगर इसे बिना मार्गदर्शन के छोड़ दिया गया, तो यह मौजूदा सामाजिक नींव की परीक्षा भी ले सकता है। इसीलिए उन्होंने जानबूझकर इस समिट को प्रभाव के इर्द-गिर्द तैयार किया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसके परिणाम सार्थक और न्यायसंगत हों, न कि केवल नवाचार तक सीमित रहें। सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना भारत के सभ्यतागत दर्शन को दर्शाती है, जिसका अर्थ है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य सभी का कल्याण और सभी की खुशी होना चाहिए। तकनीक मानवता की सेवा के लिए है, उसे प्रतिस्थापित करने के लिए नहीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई सिस्टम दुनिया भर के समाजों से ज्ञान और डेटा लेते हैं, इसलिए इसके लाभ सभी तक पहुंचने चाहिए, न कि केवल शुरुआती अपनाने वालों तक सीमित रहने चाहिए। भारत ग्लोबल साउथ की कम प्रतिनिधित्व वाली आवाजों और विकास प्राथमिकताओं को मंच दे रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि एआई विकसित भारत 2047 की यात्रा में एक परिवर्तनकारी अवसर का प्रतिनिधित्व करता है। एआई का रणनीतिक उपयोग विकास की गहरी चुनौतियों का समाधान करने के साथ-साथ आर्थिक अवसर पैदा करने और शहरी-ग्रामीण अंतर को पाटने में मदद करता है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा आज से

- 53.37 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष कुल 53,37,778 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में 8033 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने मंगलवार को लखनऊ में पार्क रोड स्थित शिविर कार्यालय में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया, जिससे सभी परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। इसके अलावा टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18001806607 और 18001806608 जारी किए गए हैं। इसके अलावा यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के हेल्पलाइन नंबर 18001805310 और 18001805312 भी उपलब्ध रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक न्याय के पुरोधा और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि शोषित-वंचितों के सशक्तीकरण और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता सदैव प्रेरणास्पद रहेगी। जननायक कर्पूरी ठाकुर ने सामाजिक न्याय को व्यवहारिक धरातल पर उतारने का कार्य किया और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उधर 17 फरवरी को उनकी 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बिहार की राजनीति में भी एक बार फिर हलचल तेज हो गई है।

### यूपीएसटीडीसी ने शुरू किया 'सुगम दर्शन' टूर पैकेज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 'सुगम दर्शन' टूर पैकेज की शुरुआत की है। इस सेवा के माध्यम से लखनऊ से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालु बिना लंबी कतारों में प्रतीक्षा किए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में रामलला के दर्शन कर सकेंगे। यह विशेष व्यवस्था अयोध्या जिला प्रशासन के सहयोग से तैयार की गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 से संचालित लखनऊ-अयोध्या टूर पैकेज को यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब एक दिवसीय आरामदायक यात्रा के लिए टेंपो ट्रैवलर सेवा 21 फरवरी से शुरू की जा रही है। इच्छुक यात्री आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

## मनरेगा के नाम परिवर्तन के विरोध में विस घेराव से पहले अजय राय गिरफ्तार

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ की बर्बरता!

शाह टाइम्स ब्यूरो



- जनता के हक की आवाज उठाने पर सरकार ने करवाई गिरफ्तारी: अजय
- गिरफ्तारी हमारे हौसलों की जीत व तानाशाही की हार

**लखनऊ।** मनरेगा का नाम बदले जाने के विरोध में विधानसभा घेराव के ऐलान के बीच मंगलवार को प्रदेश की सियासत गरमा गई। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब पार्टी कार्यकर्ता प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण विरोध को दबाने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया और कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। राजधानी लखनऊ में विधानसभा के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और कई स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई थी। गिरफ्तारी के बाद अजय राय ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जनता के हक की आवाज उठाने पर भाजपा सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लखनऊ की सड़कों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बर्बरता की गई, उन्हें पीटा गया और हिरासत में लिया गया। अजय राय ने कहा कि पुलिस का यह दमनचक्र कांग्रेस के सिपाहियों को नहीं डिगा पाएगा। गिरफ्तारी हमारे हौसलों की जीत है और यह तानाशाही की हार है। लड़ाई जारी रहेगी। सरकार की तानाशाही और अन्याय के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता डटकर खड़ा है। चाहे मनरेगा का मामला हो, अहिल्याबाई होलकर से जुड़ा विवाद हो, अविमुक्तेश्वरानंद के कथित अपमान का मुद्दा हो, किसानों की जमीन का सवाल हो या लखनऊ की पुरानी मजारों को तोड़े जाने का मामला-कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर भ्रष्टाचार में डूबी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सच्चाई जनता के सामने आकर रहेगी। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। फिलहाल इस घटना के बाद प्रदेश की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है और कांग्रेस ने अपने आंदोलन को जारी रखने का संकेत दिया है।

### विधानसभा में शायरी से एक दूसरे पर किए सियासी वार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को सवाल-जवाब के दौरान सियासी तकरार के साथ शायरी का रंग भी देखने को मिला। समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने शायरी पढ़ते हुए सरकार पर हमला बोला तो मंत्री गुलाबो देवी ने उसका जवाब दिया। रागिनी सोनकर ने एडेड स्कूलों में विज्ञान विषय के शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार विज्ञान के शिक्षक क्यों उपलब्ध नहीं करा पा रही है और जो प्रधानाचार्य सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनकी भर्तियां कब तक की जाएंगी। इस पर जवाब देते हुए मंत्री गुलाबो देबी ने भी शायरी के अंदाज में पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जानकर अंजान बने, ये कुछ और बात है, इनको मालूम न हो ये और बात है। सूर्य की किरणें कितनी भी चमचमाएं, लेकिन सागर को सुखा नहीं सकतीं। मंत्री ने संकेत दिया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## परिषदीय विद्यालयों की बंदी पर सपा ने किया हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सरकार ने कहा- एक भी स्कूल नहीं हुआ बंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में परिषदीय विद्यालयों के कथित बंदी के मुद्दे पर सोमवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। समाजवादी पार्टी के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है, जबकि गांव-गांव शराब की दुकानें खोली जा रही हैं।

सपा विधायकों ने शिक्षकों की कमी, भर्तियों में देरी और टीईटी को अनिवार्य किए जाने जैसे मुद्दों पर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा। सपा सदस्यों ने कहा कि परिषदीय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की रीढ़ हैं, लेकिन सरकार की नीतियों के कारण उनकी स्थिति कमजोर हो रही है। शिक्षकों की नियुक्तियां लंबित हैं और कई स्कूल स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जा रहा है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह स्पष्ट किया कि सरकार ने किसी भी परिषदीय विद्यालय को बंद करने का निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा की जा रही है, लेकिन एक भी स्कूल बंद नहीं किया गया है। मंत्री ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है।

निजी स्कूलों की फीस और किताब-ड्रेस के नाम पर वसूली के मुद्दे पर भी सदन में चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि राज्य में फीस रेगुलेशन एक्ट लागू है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति शिकायतों की जांच करती है और दोषी पाए जाने पर निजी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

## एआई सम्मेलन सरकार की अक्षमता का परिणाम: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि एआई पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन दुनिया में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतर अवसर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार पाने की भूख के कारण इस शिखर सम्मेलन का पूरा माहौल अराजक हो गया है।

खड़गे ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि भारत की डिजिटल और एआई क्षमताओं को प्रदर्शित करने का यह एक शानदार अवसर था, लेकिन इस एआई शिखर सम्मेलन में अव्यवस्थाओं को लेकर खबरें आ रही हैं। उनका कहना था कि खबरों के अनुसार 'प्रचार की भूखी' मोदी सरकार के घोर कुप्रबंधन के कारण यह सम्मेलन अराजकता में तब्दील हो गया है। इसमें शामिल संस्थाएं, अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले लोगों तथा आगंतुकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले ही दिन फोटो खिचवाने के लिए सम्मेलन स्थल पर अचानक पहुंचने के कारण लोगों को सुरक्षा कारणों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने बयान में कहा कि बताया जा रहा है कि प्रदर्शकों को भोजन और पानी नहीं मिला, उनके उत्पाद चोरी हो गए, डिजी यात्रा बुरी तरह विफल रही, लैपटॉप, व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और यहाँ तक कि बैग भी प्रतिबंधित कर दिए गए, डिजिटल यूपीआई भुगतान के बजाय केवल नकद भुगतान स्वीकार किया गया।

## यूपी में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया

### विपक्ष पर परिवारवाद और विकास विरोधी होने का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पीडीए मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला और कहा कि अखिलेश यादव को आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) की शाखाओं में जाना चाहिए, ताकि उन्हें जल्दी उठने की आदत हो जाए। योगी ने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए विपक्ष पर परिवारवाद और विकास विरोधी होने का आरोप लगाया। सीएम ने विपक्ष की नीतियों को हिंदू विरोधी करार दिया। पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पर तंज कसते हुए योगी ने कहा कि पीडीए मतलब 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी'।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 में जब बीजेपी सरकार बनी थी, तब राज्य का बजट करीब 3 लाख करोड़ रुपये था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 9,12,600 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया गया है। यह विकास की दिशा में बड़ा कदम है। सीएम ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि जैसी दृष्टि, वैसी सृष्टि। पहले यूपी में महिलाएं सुरक्षित नहीं थीं, लेकिन पिछले 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने जो काम किया है, वह अतुलनीय है। सीएम ने कहा कि परसेप्शन प्रचार से नहीं बनता, पौने नौ वर्षों में कोई दंगा नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने कानून व्यवस्था को मजबूत किया है, जिससे राज्य में शांति और विकास का माहौल बना है। विपक्ष पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि इनके लिए इनका परिवार ही सबकुछ है, इन्होंने परिवार को ही प्रदेश मान लिया है। आगरा के म्यूजियम का नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर करने का जिक्र किया और कहा कि यह इतिहास के सम्मान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्रगीत है, भारत की आजादी का मंत्र रहा है। जो गीत समग्र भारत को जोड़ने का काम किया था। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रध्वज का अपमान भारतीय संविधान का अपमान है और यह राष्ट्रद्रोह है। योगी ने विपक्ष को राष्ट्रविरोधी बताते हुए कहा कि ऐसे लोग देश की एकता को कमजोर करते हैं।

### सपा सरकार में स्थापित चिकित्सा संस्थानों की अनदेखी कर रही है योगी सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आरोप लगाया है कि सपा शासनकाल में स्थापित मेडिकल कॉलेजों, कैंसर इंस्टीट्यूट और अन्य अस्पतालों की जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। यादव का कहना है कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में कई मेडिकल कॉलेजों की इमारतें तो खड़ी कर दीं, लेकिन उन्हें सुचारु रूप से संचालित करने की दिशा में पर्याप्त प्रयास नहीं किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर बिना पर्याप्त डॉक्टरों और स्टाफ के संचालित हो रहे हैं या अधूरी स्थिति में हैं, जिससे मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। सपा ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने जनहित के अस्पतालों की बजाय अपने राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचे को प्राथमिकता दी है। पार्टी का दावा है कि स्वास्थ्य व्यवस्था की मौजूदा स्थिति से स्पष्ट है कि विभागीय समन्वय और प्रभावी नेतृत्व का अभाव है। स्वास्थ्य मंत्री पर भी सपा ने निशाना साधते हुए कहा कि विभाग की कार्यप्रणाली कमजोर हुई है और मंत्री की भूमिका सीमित दिखाई देती है। सपा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की स्थिति चिंताजनक है और भविष्य में मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान बदलाव की अटकलें भी लगाई जा रही हैं।

काम कोर्स उदास क्यों? अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा। फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें। ऋषि इन्टरनेशनल 08899787114 09808917010



सेंसेक्स 83450.96
निफ्टी 25725.40



सोना रु. 151000 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000 प्रति किलो



## शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता



आईटी और बैंकिंग सेक्टरों में घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को शुरुआती गिरावट के बाद तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 173.81 अंक (0.21 प्रतिशत) की बढ़त में 83,450.96 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 25,725.40 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.56 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी, सार्वजनिक बैंक, एफएमसीजी, ऑटो, मीडिया, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु, रियलटी और तेल एवं गैस समूहों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी और बीईएल के शेयर दो प्रतिशत से अधिक चढ़े। एलएंडटी, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स, टाइटन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और सनफार्मा के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे। मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक और टीसीएस के शेयर भी हरे निशान में रहे। क्वालिटी वाल्स का शेयर पांच प्रतिशत के करीब टूटा। इटरनल, टाटा स्टील और ट्रेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत से बीच गिरे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे।

### दोपहिया की बिक्री 2.9 करोड़ के पार पहुंचने की उम्मीद: क्रिसिल

**नई दिल्ली।** दुपहिया वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष (2026-27) में सात से नौ प्रतिशत के बीच बढ़कर 2.9 करोड़ इकाई पर पहुंच जाएगी। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से कीमतों में कमी के बाद दुपहिया की घरेलू बिक्री में आई तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। उसने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का घरेलू कंपनियों की बिक्री पर कुछ खास असर नहीं होगा।

### चांदी की कीमत 6 हजार गिरी, सोना 3 हजार घटा

**नई दिल्ली।** मंगलवार को चांदी में लगातार चौथे दिन गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी 6,667 रुपए गिरकर 2.34 लाख पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,903 रुपए सस्ता होकर 1.51 लाख पर आ गया है। पिछले चार कारोबारी दिन में चांदी 32 हजार रुपए सस्ती हुई है। इसने 29 जनवरी को 3.86 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक चांदी घ1.51 लाख सस्ती हो चुकी है। सोना भी बीते चार कारोबारी दिन में 6 हजार रुपए सस्ता हुआ है। इसने भी 29 जनवरी को 1.76 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक सोना 25 हजार सस्ता हो चुका है। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कीमत बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40 प्रतिशत) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। बल्क खरीदारी पर मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है। हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन होते हैं, ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं।

## चावल कमजोर, गेहूं, चीनी मजबूत दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



- गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े, चीनी भी नौ रुपये महंगी हुई

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव घट गए। वहीं, गेहूं और चीनी में तेजी रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,842 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत तीन रुपये बढ़कर 2,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

आटा आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 15 रुपये और चना दाल की 12 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल 11 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत नौ रुपये और उड़द दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.74 प्रतिशत की बढ़त में 57.44 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 33 रुपये और सरसों तेल 29 रुपये सस्ती हुई। वनस्पति में 19 रुपये और सूरजमुखी तेल में 15 रुपये की गिरावट रही। पाम ऑयल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी नौ रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## अयोध्या की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक उछाल: आईआईएम

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर विकसित 'टेंपल इकॉनमी मॉडल' को भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ (आईआईएम लखनऊ) की ताजा केस स्टडी में मजबूती मिली है। 'इकॉनमिक रेनेसांस ऑफ अयोध्या' शीर्षक से जारी अध्ययन में कहा गया है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटन, निवेश, रोजगार और राजस्व में व्यापक वृद्धि दर्ज की गई है। अध्ययन के अनुसार मंदिर निर्माण से पूर्व अयोध्या मुख्यत: एक पारंपरिक तीर्थस्थल तक सीमित थी, जहां आगंतुकों की संख्या और स्थानीय बाजार की आय सीमित थी। होटल श्रृंखलाओं की उपस्थिति नगण्य थी और बुनियादी ढांचा भी सीमित था। रोजगार के अवसर कम होने के कारण युवाओं का पलायन सामान्य था। पर्यटन से होने वाला राजस्व भी राज्य की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान नहीं दे पा रहा था। रिपोर्ट में उल्लेख है कि जनवरी 2024 में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले छह महीनों में 11 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। अब वार्षिक स्तर पर 5.6 करोड़ आगंतुकों की संभावना जताई गई है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष..

**नेताओं के ...** जा रही है, बल्कि भाषणों में जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया गया है। हालांकि, बेंच कपिल सिब्बल की दलील से सहमत नहीं हुई। चीफ जस्टिस ने कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। उन्होंने कहा कि इसे वापस लें। एक दूसरी याचिका दायर करें, जिसमें यह बताया जाए कि राजनीतिक दल कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह एक निष्पक्ष याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार है। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर हम गाइडलाइन बना भी दें, तो उनका पालन कौन करेगा? भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं? हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा। कपिल सिब्बल ने चुनाव आचार संहिता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन उससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उन्होंने पूछा कि ऐसे मामलों में मीडिया की क्या जिम्मेदारी है, ताकि लोकतांत्रिक माहौल खराब न हो। जस्टिस बागची ने कहा कि कोर्ट केवल आदेश पारित कर सकता है, लेकिन उन्हें लागू करना एक चुनौती है। हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहले ही कई सिद्धांत तय कर चुका है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इसमें राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी बनती है, क्योंकि नेता पार्टी का ही सदस्य होता है।

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने जयपुर से लॉन्च किया किसानों का एआई साथी 'भारत विस्तार' 2026

**लखनऊ।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को जयपुर (राजस्थान) से किसानों के लिए समर्पित एआई आधारित प्लेटफॉर्म 'भारत विस्तार' 2026 का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधानसभा स्थित अपने कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यह प्लेटफॉर्म आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) तकनीक के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी समस्याओं का त्वरित और सटीक समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि 'भारत विस्तार' देश की कृषि व्यवस्था को समृद्ध, सशक्त और सरल बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इसके जरिए किसानों को अपनी समस्याओं का समाधान अब केवल एक क्लिक पर उपलब्ध होगा। इस नई सुविधा के तहत किसान अपने मोबाइल फोन से 155261 नंबर डायल कर खेती से संबंधित किसी भी प्रश्न का उत्तर प्राप्त कर सकते हैं। एआई तकनीक के उपयोग से किसानों को मौसम, बीज, खाद, कीटनाशक और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी तुरंत और सटीक रूप से मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि यह प्लेटफॉर्म किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी और उन्नत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।

## चिकित्सकों के लिए मददगार होगा एआई: पटेल

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चिकित्सकों का स्थान लेने के लिए नहीं बल्कि उनकी सहायता के लिए है और इससे डॉक्टरों को जटिल मामलों और महत्वपूर्ण निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का अवसर देगा।

श्रीमती पटेल ने मंगलवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान 'नवाचार से प्रभाव: सार्वजनिक स्वास्थ्य में बदलाव लाने वाली एआई' विषय पर एक सत्र में भाग लिया। इस सत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका और भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सशक्त बनाने में इसकी संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप 'भारत के लिए एआई केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता नहीं बल्कि सर्व-समावेशी बुद्धिमत्ता है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का मूल्यांकन केवल उन्नत एल्गोरिद्म के आधार पर नहीं, बल्कि इस आधार पर होना चाहिए कि यह तकनीक लोगों के जीवन को कितना प्रभावित करती है और स्वास्थ्य असमानताओं को किस हद तक कम करती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत की विशाल एवं विविध आबादी, ग्रामीण-शहरी अंतर तथा संक्रामक और असंक्रामक रोगों का दोहरा बोझ विशेष चुनौतियां प्रस्तुत करता है। ऐसे परिदृश्य में एआई एक अपरिहार्य सहायक बन जाती है। उन्होंने बताया कि एआई को रोग निगरानी, रोकथाम, निदान और उपचार सहित स्वास्थ्य सेवा की पूरी श्रृंखला में एकीकृत किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई चिकित्सकों का स्थान लेने के लिए नहीं, बल्कि उनकी सहायता के लिए है।

इससे डॉक्टरों को जटिल मामलों और महत्वपूर्ण नैदानिक निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का अवसर मिलेगा। षचिकित्सा केवल विज्ञान नहीं, बल्कि एक कला भी है, जिसमें संवेदनशीलता और मानवीय स्पर्श की अहम भूमिका है। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने कहा कि एआई भारत को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ाने का रणनीतिक अवसर प्रदान करता है।

# सड़कों का होगा कायाकल्प, 802 करोड़ की परियोजना को दी मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कों को गड्ढामुक्त, समतल और लंबे समय तक टिकाऊ बनाने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बड़ी और व्यापक सड़क सुधार परियोजना को मंजूरी दी है। उन्नत तकनीक के माध्यम से दिल्ली की 241 से अधिक प्रमुख सड़कों का पुनर्विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि इस परियोजना में केंद्र सरकार का भरपूर सहयोग है। सभी सड़कों को 'वॉल-टू-वॉल कारपेटिंग' मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल राजधानी को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और भविष्य के लिए तैयार बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। योजना के तहत, 45 से ज्यादा विधानसभाओं की लगभग 400 किलोमीटर की प्रमुख सड़कें सुधारी जाएंगी। मुख्यमंत्री का कहना है कि अक्सर सड़कों पर केवल बीच का हिस्सा ठीक किया जाता है या जहां गड्ढे होते हैं वहीं पैचवर्क कर दिया जाता है। इससे कुछ समय बाद सड़क फिर खराब हो जाती है। नई प्रणाली में पूरी सड़क को एक समान रूप से 'वॉल-टू-वॉल' तैयार किया जाएगा।

टूटी-फूटी सड़कों से वाहनों की आवाजाही के दौरान मिट्टी और बारीक कण हवा में उड़ते हैं, जो प्रदूषण का बड़ा कारण बनते हैं। अब नए तरीके से सड़कों को बनाने से हवा में उड़ने वाले पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) के स्तर को कम करने में मदद मिलेगी और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता व वायु गुणवत्ता बेहतर होगी।मुख्यमंत्री ने बताया कि इस पूरी परियोजना को साल के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। काम को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा ताकि ट्रैफिक पर कम से कम असर पड़े और लोगों को असुविधा न हो। यह कार्य दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा करीब 45 विधानसभाओं में किया जाएगा। परियोजना की कुल लागत 802.18 करोड़ रुपये है। इसमें से 643.36 करोड़ रुपये केंद्र सरकार के सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (सीआरआईएफ) से प्राप्त होंगे, जबकि 158.82 करोड़ रुपये दिल्ली सरकार उपलब्ध कराएगी। योजना के अनुसार, जिन सड़कों को ठीक किया जाएगा उनमें मालवीय नगर की अगस्त क्रांति मार्ग, आउटर रिंग रोड, राव तुला राम मार्ग, कापससहेड़ा बिजवासन रोड, नजफगढ़- झाड़ौदा रोड, काल. काजी में कैप्टन गौड़ मार्ग, ग्रेटर कैलाश में लाला लाजपत राय मार्ग, रोहिणी में डॉ. के एन काटजू मार्ग, चांदनी चौक में शामनाथ मार्ग, करोल बाग में डीबी गुप्ता रोड, शाहदरा में ईएसआई अस्पताल रोड, सीमापुरी में तांगा स्टैंड रोड, प्रीत विहार रोड समेत अलग-अलग विधानसभाओं की लगभग 400 किलोमीटर लंबी कुल 241 से ज्यादा प्रमुख सड़कें शामिल हैं।

## कुत्ता घुमाने के विवाद में शख्स पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सागरपुर इलाके में 12 फरवरी की देर रात कुत्ता घुमाने के दौरान हुए विवाद में छह-सात युवकों ने एक शख्स पर पथराव कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अंकित कुमार सिन्हा अपने परिवार के साथ डाबड़ी एक्सटेंशन में रहते हैं। पुलिस को दिए बयान में अंकित ने बताया कि वह 12 फरवरी की देर रात अपने दोस्त मोहित पासवान के साथ कुत्ता घुमाने निकले थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे कुछ युवकों पर कुत्ता भौंकने लगा। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। अंकित का आरोप है कि युवकों ने गाली-गलौच शुरू कर दी और उनमें से एक ने मोहित को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद आरा. पी गली से पत्थर उठा लाए और मोहित के सिर पर वार कर दिया। मोहित जमीन पर गिर पड़ा तो आरोपियों ने उसके चेहरे पर दोबारा पत्थर मारा और लात-घूंसे से हमला किया। अंकित ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन आरोपी उसपर भी पत्थर फेंकने लगे। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। अंकित के बयान पर पुलिस ने साहिल, लकी, आदित्य, साजिद, अमन और चमन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चेहरे को कुचलने की कोशिश डॉक्टर ने बताया कि आरोपियों ने पत्थर से हमला कर मोहित के चेहरे को कुचलने की कोशिश की। आरोपियों ने उसकी नाक, कान और आंख पर लगातार वार किए। इससे नाक और कान से रक्तस्राव हो गया। आंखों पर चोट के चलते सूजन आ गई और चेहरे पर गहरे जख्म है।

# डीयू में पब्लिक मीटिंग, जुलूस, प्रदर्शन व प्रोटेस्ट पर 1 महीने के लिए लगी रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में एक महीने के लिए किसी भी तरह की पब्लिक मीटिंग, जुलूस, प्रदर्शन और प्रोटेस्ट पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार ने विद्यार्थियों, फैकल्टी सदस्यों और स्टाफ को इस संबंध में सूचना हेतु एक आदेश जारी किया है जोकि 17 फरवरी 2026 से अगले एक महीने तक प्रभावी रहेगा।

उन्होंने बताया कि यह आदेश इस जानकारी के आधार पर जारी किया गया है, कि डीयू परिसर में बिना रोक-टोक के सार्वजनिक समारोहों, जुलूस या प्रदर्शन से ट्रैफिक में रुकावट, इंसानी जान को खतरा और जनशांति भंग हो सकती है। उन्होंने कहा कि पहले भी, आयोजक अक्सर ऐसे ऐसे विरोध प्रदर्शनों को नियंत्रित करने में असफल रहे हैं, जिससे विश्व. विद्यालय परिसर में कानून-व्यवस्था बिगड़ रही है।प्रॉक्टर ने अपने आदेश में यह भी बताया कि असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस, सब-डिवीजन सिविल लाइंस ने भी 26 दिसंबर, 2025 को इस आशय में एक आदेश जारी किया है, जिसमें मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स, गवर्नमेंट भारत सरकार, के एक नोटिफिकेशन का हवाला दिया गया है। इसके अनुसार विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी पब्लिक मीटिंग, रैली, धरने, प्रदर्शन, आंदोलन अथवा किसी भी ऐसी गतिविधि पर रोक लगाई गई है जिससे कि आम लोगों की शांति या ट्रैफिक की सुगम आवाजाही पर असर पड़ सकता है। यह आद. ेश 17 फरवरी 2026 से लागू है और एक महीने तक लागू रहेगा।

## डीटीयू में एआई-डेटा साइंटिस्ट के पदों पर 19 फरवरी तक आवेदन का मौका

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से प्रायोजित एक शोध परियोजना के तहत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

यह परियोजना एआई आधारित ऑडिट समाधान के विकास और साइबर सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट की गुणवत्ता निगरानी से संबंधित है।

# मुख्यमंत्री ने किया सरोजिनी नगर में बने सीएम श्री स्कूल का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सरोजिनी नगर में बने सीएम श्री स्कूल का उद्घाटन किया। साथ ही,राजधानी में 75 सीएम श्री स्कूल परियोजनाओं की शुरुआत भी की गई। इस अवसर पर धर्मेंद्र प्रधान ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि सरकार ने एक साल के अंदर शिक्षा से जुड़े अपने वादों को पूरा करने की दिशा में अच्छा काम किया है। वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सीएम श्री स्कूल सिर्फ नए भवन नहीं हैं, बल्कि यह दिल्ली के बच्चों को बेहतर और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की पहल है। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विशेष रूप से 75 सीएम श्री विद्यालयों की स्थापना को।

उल्लेखनीय उपलब्धि बताया और कहा कि इन्हें उच्च मानक के रूप में विकसित कर दिल्ली सरकार ने उदाहरण प्रस्तुत किया है। इन विद्यालयों में गरीब, सामान्य और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को निजी स्कूलों जैसी आधुनिक सुविधाएं और तकनीकी रूप से उन्नत शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि दिल्ली में लाखों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रभावी रूप से लागू करना सरकार की जिम्मेदारी है।

उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा और शोध-केंद्रित शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में दिल्ली सरकार भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सीएम श्री स्कूल केवल नए भवन या सुविधाएं नहीं हैं, बल्कि यह दिल्ली के बच्चों के भविष्य को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का संकल्प है।




केंद्रीय शिक्षा मंत्री व दिल्ली की मुख्यमंत्री ने सरोजिनी नगर में बने सीएम श्री स्कूल के उद्घाटन अवसर पर।

## एक नजर

### धनराज पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सर्वपल्ली डॉ.राधाकृष्णन स्मृति राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् डॉ. दयानंद वत्स भारतीय ने आज समिति के मुख्यालय बरवाला में लिटिल फ्लावर्स ग्रुप आफ स्कूल्स के संस्थापक डायरेक्टर शिक्षाविद् स्वर्गीय श्री धनराज पटेल को उनकी 14वीं पुण्यतिथि पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि श्री धनराज पटेल दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी असाधारण व्यक्ति थे। उन्होंने पूर्वी दिल्ली में उस समय गरीब बस्तियों में स्कूल खोले जब दूर दूर तक स्कूल नहीं होते थे।

उन्होंने शिक्षा का महत्व समझा और शाहदरा में लिटिल फ्लावर्स ग्रुप आफ स्कूल्स की स्थापना की। आज पूर्वी दिल्ली में उनके स्कूल की की शाखाएं चल रही हैं। कम फीस में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए शाहदरा क्षेत्र में लिटिल फ्लावर्स ग्रुप आफ स्कूल्स का नाम है। यहां से पढ़कर निकले हजारों छात्र-छात्राएं जीवन के सभी क्षेत्रों में अग्रणी स्थान पर हैं। संस्थापक स्वर्गीय श्री धनराज पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती सी.एम पटेल और उनकी बेटी स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती नीता दुआ अपने पिता श्री धनराज पटेल के दिखाए मार्ग पर चलकर शिक्षा का उजियारा फैला रही हैं। वत्स ने कहा कि अपने जीवनकाल में ही श्री डी.आर पटेल ने शिक्षा और स्वास्थ्य के महत्व को देखते हुए कई स्कूल और नर्सिंग होम की स्थापना की। जहां उनके निर्देशानुसार शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं संचालित की जा रही हैं। लिटिल फ्लावर्स पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल शाहदरा के कारण हजारों बेटियां यहां से पढ़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

### जटिल हिप रिवीजन सर्जरी के बाद मरीज दोबारा चलने-फिरने में सक्षम

**नई दिल्ली।** जरा कल्पना करें कि एक या दो साल नहीं बल्कि पूरे चार दशकों तक चलने-फिरने में भारी तकलीफ और चुनौतियों के साथ जीना क्या होता है! यह सच 47-वर्षीय ऐसी महिला का है जिनकी किशोरावस्था में दाएं-कूल्हें की सर्जरी की गई थी। इसके बाद अगले करीब 35 वर्षों तक वह कूल्हे में प्लेटों और स्क्रू के साथ जीने के लिए मजबूर थी। बचपन में गिरने के बाद उनके कूल्हें में इन्हें लगाया गया था और इसके बाद से ही उन्हें लगातार बढ़ते दर्द, अकड़न, और चलने में कठिनाई का सामना करना पड़ा था क्योंकि उनके पुराने इंप्लांट्स खराब होने लगे थे।

फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल, फरीदाबाद में डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, डायरेक्टर ऑफ ऑर्थोपिडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के नेतृत्व में स्पेश्यलाइज्ड टीम द्वारा उनकी बेहद जटिल हिप (दाएं कूल्हे) रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद उनकी जिंदगी बदल गई है। यह सर्जरी इस वजह से चुनौतीपूर्ण थी क्योंकि उनकी फीमरल हेड और नैक के आसपास हड्डी का क्षरण हो चुका था, और पिछली सर्जरी के स्कार टिश्यू भी थे। साथ ही, पिछले इंप्लांट्स को भी सावधानीपूर्वक हटाया जाना जरूरी था।

### केसीआर के जन्मदिन पर शुरू हुआ पर्यावरण संरक्षण का अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केसीआर के जन्मदिन के अवसर पर, सभी में पर्यावरण के प्रति उत्साह जगाने के लिए पौधे लगाने का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस बार केसीआर के जन्मदिन के अवसर पर गंगा, ब्रह्मपुत्र और मेघना नदियों के बेसिन में स्थित सुंदरबन डेल्टा क्षेत्र में दस हजार मैनग्रूव पौधे लगाने की तैयारी की गई ।

हरित आन्दोलन की महानता न केवल तेलंगाना में मिली सफलताओं में ही नहीं, बल्कि राज्य की सीमाओं के बाहर इसकी प्रेरणा में भी है। संतोष कुमार के विचारों से शुरू हुआ ग्रीन इंडिया चौलेंज से इस मुद्दे पर देश में एक बड़ा कदम आगे बढ़ा है। 2018 में शुरू हुए इस पर्यावरण आंदोलन ने जंगलों में करोड़ों बीज बोए हैं। युवाओं, विद्यार्थियों ने हाथ मिलाकर करोड़ों पौधों को जीवन दिया है।

### क्रिप्टो से जुड़े मिथकों को दूर करने की कोशिश

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइनडीसीएक्स ने आज एक नए देशव्यापी कैम्प्पेन की शुरुआत की घोषणा की है। इस कैम्प्पेन का उद्देश्य पहली बार क्रिप्टो में निवेश करने वाले निवेशकों का भरोसा बढ़ाना, उन्हें सही जानकारी देना और क्रिप्टो से जुड़े मिथकों को दूर करना है।

यह कैम्पेन उन सवालों पर ध्यान केंद्रित करता है, जो आमतौर पर निवेशकों के मन में होते हैं-जैसे क्रिप्टो की वैधता, इसकी बुनियादी समझ और इसे अपने निवेश पोर्टफोलियो में कैसे शामिल किया जाए। कॉइनडीसीएक्स के चीफ मार्केटिंग एंड ग्रोथ ऑफिसर प्रशांत वर्मा कहते हैं, "नए निवेश के मामले में हम अक्सर अपने पिता का मार्गदर्शन चाहते हैं। वे बिना पूरी जानकारी जुटाए कोई सलाह नहीं देते। हम उसी समझदारी और सतर्कता को क्रिप्टो से जुड़ी बातचीत का हिस्सा बनाना चाहते थे।

## किफायती श्वसन ओपीईपी उपकरण लांच किया

**नई दिल्ली।** जायडस लाइफ साइंस लिमिटेड ने श्वसन देखभाल के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए पेपइर लॉन्च किया है, जो भारत का पहला किफायती ओपीईपी उपकरण बताया जा रहा है। यह दवा- रहित, हैंडहेल्ड डिवाइस सीओपीडी , अस्थमा और ब्रोंकिएक्टेसिस से पीड़ित मरीजों में कंजेशन कम करने और म्यूकस क्लियरेंस में मदद के लिए विकसित किया गया है। लॉन्च के अवसर पर डॉ. शार्विल पटेल, मैनेजिंग डायरेक्टर, जायडस लाइफसाइंसेज ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य दैनिक देखभाल को अधिक सुलभ बनाना है। उन्होंने कहा कि पेपइर के माध्यम से श्वसन रोगों से जूझ रहें मरीजों को एक प्रभावी, दवा-रहित समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है।

# दिल्ली पुलिस वीक 2026 का दूसरा दिन 'सेफ्टी सिक्योरिटी से भरोसे तक' थीम के तहत मनाया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस वीक 2026 का दूसरा दिन "सेफ्टी-सिक्योरिटी से भरोसे तक" थीम के तहत मनाया गया।इस मौके पर, दिल्ली भर के अलग-अलग इंस्टीट्यूशन के स्कूल स्टूडेंट्स ने अपने टीचर्स के साथ आस-पास के पुलिस स्टेशनों का दौरा किया। इन विजिट का मकसद स्कूल स्टूडेंट्स को पुलिस स्टेशनों के काम करने के तरीके, पुलिस वालों की ड्यूटी और जिम्मेदारियों, शिकायत करने के तरीकों और जरूरी इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताना था। इन विजिट का मकसद पुलिस और कम्युनिटी के युवा सदस्यों के बीच भरोसा बढ़ाना और रिश्ता मजबूत करना था। कुछ जगहों पर, स्टूडेंट्स के लिए सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम भी ऑर्गनाइज किए गए।

दिल्ली पुलिस पीआरओ ने बताया कि इंटरैक्टिव सेशन के दौरान, स्टूडेंट्स को पुलिस स्टेशनों का काम और स्ट्रक्चर,पुलिस इक्विपमेंट और रिस्पॉन्स सिस्टम का डेमोंस्ट्रेशन, इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर और उनका सही इस्तेमाल,रोड सेफ्टी के खास नियम और जरूरी सेफ्टी उपाय, "नो ड्रग्स" कैंपेन के बारे में अवेयरनेस और गुड टच और बैड टच" समेत बच्चों की सेफ्टी से जुड़े जरूरी टॉपिक के बारे म बताया गया।

# डॉ. हेडगेवार की गाथा को बड़े पर्दे पर लाएगी 'शतक'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आरएसएस सर संघचालक मोहन भागवत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष के अवसर पर बनी फिल्म 'शतक' को लेकर उत्साह बढ़ रहा है। हाल ही में नई दिल्ली स्थित केशव कुंज में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत जी ने इस फिल्म पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि एक विचार यात्रा का सजीव चित्रण है।

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत जी ने अपने संबोधन में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा, ष्वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के




संस्थापक थे और उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र के संगठन और समाज जागरण के कार्य के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन त्याग, अनुशासन और अखंड राष्ट्रभाव का प्रतीक रहा है। उन्होंने आगे कहा, षफिल्म 'शतक' के माध्यम से डॉ. हेडगेवार जी के जीवन के विभिन्न प्रेरक प्रसंगों को सामने लाने का प्रयास किया गया है।




दिल्ली स्टेट हज कमेटी के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर अशफाक अहमद आरफी हज कमेटी द्वारा हज यात्रियों के लिए चलने वाले ट्रेनिंग कैंप के संपन्न अवसर पर मीडियाकर्मी से मुखातिबत होते हुए।

# हज यात्रियों का ट्रेनिंग कैंप संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हज 2026 की तैयारियों और रमजान महीने के आने से पहले, भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, हज कमेटी ऑफ इंडिया और स्टेट हज कमेटियों की तरफ से हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

साथ ही सऊदी अरब के स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश के अनुसार यात्रियों की मेडिकल जांच भी की जा रही है। दिल्ली स्टेट हज कमेटी के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर अशफाक अहमद आरफी ने बताया कि दिल्ली स्टेट हज कमेटी द्वारा हज यात्रियों के लिए 2 फरवरी से 17 फरवरी तक चलने वाला ट्रेनिंग कैंप आज पूरा हो गया। इस 15 दिन के ट्रेनिंग प्रोग्राम में दिल्ली के अलग-अलग इलाकों के हज यात्रियों को हज और उमरा के तरीके, जरूरी नियम और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान ट्रेनिंग देने वालों में मस्जिद अल-कुरैश के इमाम और खतीब तथा जमीयत उलेमा-ए-हिंद के दारुल कजा के मुफ्ती मोहम्मद शमीम अहमद, आलिमा सबीहा जमाल सालेहाती, दिल्ली स्टेट हज कमेटी के डिप्टी एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मोहसिन अली, मशहूर फिटनेस ट्रेनर डॉ. बदरुल इस्लाम किरानवी, महिला फिटनेस ट्रेनर कौसर और अन्य क्षेत्रीय ट्रेनर शामिल थे।

रमजान के बाद फिर से अलग-अलग इलाकों में ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे। अशफाक अहमद आरफी के अनुसार दिल्ली सरकार के 24 सरकारी अस्पतालों में हज यात्रियों की मेडिकल जांच जारी है। इनमें लोक नायक अस्पताल, जीबी पंत अस्पताल, जीटीबी अस्पताल, जोशी अस्पताल, मदन मोहन मालवीय अस्पताल, जग प्रवेश अस्पताल, हेडगवार अस्पताल, अरुणा आसफ अली अस्पताल, लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल आदि शामिल हैं। जिन हज यात्रियों की मेडिकल जांच अभी तक नहीं हुई है, वे इन अस्पतालों में जाकर जांच करवाना और जांच के बाद मेडिकल कार्ड लेकर आसफ अली रोड, तुर्कमान गेट के पास स्थित दिल्ली हज कमेटी के कार्यालय में जाकर जरूरी टीका लगवाना अनिवार्य हैं। ज्ञात हो कि इस साल दिल्ली से हज यात्रियों की उड़ान 18 अप्रैल से शुरू होकर 20 मई तक चलेंगी। कुल 55 फ्लाइटें होंगी। इनमें से 4 मई तक 31 फ्लाइटें मदीना मुनव्वरा जाएंगी और 6 मई से 20 मई तक 23 फ्लाइट मक्का मुकर्रमा जाएंगी।

# स्टेज पर हंगेरियन लोक कथाओं को जीवंत किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लिज्ट इंस्टीट्यूट ख्र हंगेरियन कल्चरल सेंटर दिल्ली ने "मंच" का प्रीमियर आयोजित किया, जो एक सहयोगी थिएटर पहल है जिसे अंतरराष्ट्रीय विरासत को सामा. जिक विकास से जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है।

लिज्ट इंस्टीट्यूट हंगेरियन कल्चरल सेंटर की निदेशक मैरिएन एर्डो कहती हैं, ष्हंगेरियन लोक कथाओं को भारतीय व्याख्या की गहराई के साथ मिश्रित होते देखना वास्तव में जादुई है। इसे लागू करने वाले विक्रांत सिंह, 23 वर्षों से अधिक अनुभव वाले एक विशेष थिएटर-इन-एजुकेशन शिक्षक हैं,



जिन्होंने रचनात्मक वास्तुकार के रूप में कार्य किया। निर्देशक विक्रांत सिंह कहते हैं, मेरी ड्रामा क्लास में, मुझे सबसे ज्यादा आनंद यह देखने में आता है कि जादू कैसे होता है। इन बच्चों ने केवल पंक्तियाँ याद नहीं कीं।

उन्होंने प्रिंस जानोस के साथ अंडरवर्ल्ड में सुधार किया और नेविगेट किया।

## कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के धीरपुर में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) इस माह भूमि की मिट्टी जांच कराकर आगे की प्रक्रिया शुरू करेगा।

इसमें कामकाजी महिलाओं के ठहरने व खाने की सुविधा के साथ अध्ययन की व्यवस्था भी होगी। इसमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली युवतियों को भी ठहरने की अनुमति दी जाएगी। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने बताया कि करीब 100 महिलाओं के ठहरने के लिए हॉस्टल बनाने की योजना है। इसकी बनावट तय करने से पहले मिट्टी की जांच कराई जाएगी।

# वार्षिक दिवस मनाया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उड़ान-नन्हे सपनों का उत्सवष - नूतन शिक्षा सदन का वार्षिक दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर जोन के डीडी शिव कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही, साथ ही चंद्र प्रकाश शर्मा (निगम पार्षद), प्रवेश कुमार शर्मा (अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम के निदेशक), अशोक कुमार गुप्ता और विद्यालय के पूर्व छात्र भी उपस्थित थे।छात्रों ने नृत्य, नाटक, संगीत, ताइक्वांडो और योग सहित जीवंत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसका समापन छात्रों को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने युवा प्रतिभाओं के पोषण और भविष्य के लिए जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण में विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी जन शिकायतें

# समाधान कराने के सम्बंधित को दिए निर्देश

■ अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएं, जनता का उत्पीड़न किसी भी रूप में क्षमा योग्य नहीं हैं



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/ शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने तथा जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश दिया गया।

जनता दर्शन में निरंतर प्राप्त होने वाली शिकायतों, समस्याओं और निवेदनों दिव्यांगजन कल्याण विभाग, शस्त्र लाईसेंस (विरासत), नियोजन विभाग (फैमिली आईडी), यूपीनेडा, पीएम सूर्य घर योजना, अवैध कब्जा/भूमाफियाओं के खिलाफ अभियान आदि के निस्तारण एवं निवारण के क्रम में जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देशि दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त सभी कार्य युद्ध स्तर पर किये जाएं, उक्त से सम्बंधित किसी भी व्यक्ति को असुविधा का सामना ना करना पड़ें। ऐसा कोई भी कार्य बर्दाश्त नहीं किया जायेगा जिससे सरकार की छवि धूमिल हो। अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएं। जनता का उत्पीड़न किसी भी रूप में क्षमा योग्य नहीं हैं। जनसुनवाई के दौरान एडीएम ई ज्योति मौर्य, एडीएम जेअंजुम बी, एडीएम एल/ ए अवनीश, एडीएम सिटी विकास कश्यप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले की हवा चार दिन से खराब इंदिरापुरम की सबसे जहरीली

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले की हवा बीते चार दिन से खराब श्रेणी में बनी हुई है। लोगों को प्रदूषण से राहत नहीं मिल रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार एक्यूआई 276 दर्ज किया गया।

वहीं, इंदिरापुरम की हवा सबसे अधिक जहरीली बनी हुई है। यहां का एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में 320 दर्ज किया गया। हवा की गति बढ़ने पर 12 व 13 फरवरी को जिले का एक्यूआई मध्यम श्रेणी में आ गया था। इससे लोगों को थोड़ी राहत मिली थी।

लोगों को उम्मीद थी कि अब आगे भी प्रदूषण से राहत रहेगी, लेकिन दो दिन बाद ही



हवा फिर से खराब श्रेणी में आ गई है। ज्यादातर दिन लोनी की हवा ही सबसे खराब रहती है, लेकिन मंगलवार को यहां का प्रदूषण मापक यंत्र बंद रहा। इससे यहां का एक्यूआई का पता नहीं चल सका। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह का कहना है कि प्रदूषण रोकथाम के लिए कार्रवाई जारी है।

## सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनने पर ताहिर हुसैन का सपाइयों ने किया स्वागत




**गाजियाबाद।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश पर ताहिर हुसैन को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। आरडीसी स्थित सपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में स्वागत व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकताओं ने ताहिर हुसैन का स्वागत किया और उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महानगर महासचिव राजन कश्यप, प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर भवन भास्कर जोशी, महानगर उपाध्यक्ष गुलाब यादव, महिला सभा प्रदेश महासर्चि. चव मधु चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा राज देवी चौधरी, वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव, लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष असलम कुरेशी, जिला अध्यक्ष छात्र प्रभा अंशु ठाकुर, वरिष्ठ सपा नेता शिवचरण चौहान आदि उपस्थित रहे।

## क्राइम ब्रांच ने पकड़े सरिया चोर गिरोह के चार सदस्य

# साढ़े चार टन चोरी का सरिया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्वाट टीम क्राइम ब्रांच और थाना वेव सिटी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सरिया चोर गिरोह के चार सदस्यों आफताब उर्फ अफजाल, शाहरुख, नेम और वासिद को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से तीन ट्रॉले और उनमें लोड साढ़े 44 टन चोरी के सरिए बरामद किए गए हैं।

बता दें कि 9 फरवरी को भी सरिया चोरी की घटना में आदित्य वर्ल्ड सिटी के कर्मचारी श्रवण कुमार और 10 फरवरी को आरोपी बाबर को तीन ट्रॉले और 7800 किलो सरिया के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। एडीसीपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि उक्त प्रकरण में आफताब का नाम भी सामने आया था जिसे मुखबिर की सूचना पर मेरठ मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आफताब ने बताया है कि वह एक ट्रक ड्राइवर है और अपने बुआ के लड़के के जानकार अमित नगर जो कि ट्रांसपोर्टर है के यहां लोहा मंडी में ट्रक ड्राइवर की नौकरी करता था।



2018 में भी वह थाना मसूरी से सरिया चोरी के आरोप में जेल गया था। जेल से छूटने के बाद 2020 में उसने मोरटा के ट्रांसपोर्टर के यहां ट्रक ड्राइवर की नौकरी शुरू कर दी। आफताब ने बताया कि इस दौरान उसने अपने साथी शमशु और अन्य साथियों के साथ मिलकर मसूरी थाना क्षेत्र में सरिया की लूट को भी अंजाम दिया था। इस वारदात में भी वह 6 महीने की जेल काटकर आया था। इसके बाद उसने अलीगढ़ में भी सरिया से भरे ट्रक की लूट को अंजाम दिया और इस मामले में भी उसे जेल हुई थी। अलीगढ़ जेल से वापस आने के बाद 2022 में उसकी मुलाकात साजिद व रशीद निवासी बुलंदशहर से हुई थी।

उन्हीं के साथ वह धर्म कांटे पर इलेक्ट्रॉनिक चिप लगाकर सरिया की टोल में हेरा फेरी करने लगा था। एडीसीपी ने बताया कि आफताब के पास से साढ़े 44 टन चोरी का सरिया, तीन ट्रॉले, दो फर्जी नंबर प्लेट, दो इलेक्ट्रॉनिक चिप, 10 रिमोट, ग्रांड विटारा कार समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि आफताब के विरुद्ध कई जनपदों में 11 मामले दर्ज हैं।

## 2 लोगों से 34 लाख की ठगी, शातिरों ने शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर बनाया शिकार

**गाजियाबाद।** साइबर अपराधियों ने शहर के दो लोगों को शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 34.66 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ितों से विभिन्न बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर कराकर ठगी हुई है। इंदि. रापुरम निवासी सुरेंद्र राना से निवेश के नाम पर 17.50 लाख रुपये ठगे गए हैं जबकि क्रॉसिंग रिपब्लिक निवासी बाबू खान से निवेश के नाम पर 17.16 लाख रुपये की ठगी हुई है। पीड़ितों की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। साइबर अपराधियों ने इंदिरापुरम निवासी सुरेंद्र राना को शेयर ट्रेडिंग में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 17.50 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उन्हें दिसंबर में एक वॉट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था। ग्रुप में निवेश से जुड़ी सलाह दी जा रही थीं। उन्हें भी ग्रुप के जरिए निवेश के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके बाद पांच बार में विभिन्न खातों में रुपये ट्रांसफर कराए गए। पीड़ित ने जब रुपये निकालने का प्रयास किया तो उनसे अतिरिक्त धनराशि की मांग की गई। क्रॉसिंग रिपब्लिक निवासी बाबू खान ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उनके पास बीते वर्ष 11 सितंबर को भावना शर्मा नामक युवती ने वॉट्सएप पर मैसेज कर शेयर बाजार में निवेश पर अच्छे मुनाफे का झांसा दिया। सेंचुरी मार्केट एप पर उनका डीमैट खाता खुलवाकर विभिन्न बैंक खातों में धनराशि ट्रांसफर कराई गई।



**गाजियाबाद। वरिष्ठ समाजसेवी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड पश्चिम जोन के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ राना एवं उनकी धर्मपत्नी कोमल राना की 17वी शादी की सालगिरह पर उनके शुभचिंतक बधाई देते हुए!**

## युवक से मारपीट व गाली का गलौच करने के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना खोड़ा पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो पर संज्ञान लेते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था जिसमें सोनू शर्मा व हिमांशु निवासी खोड़ा कॉलोनी एक व्यक्ति से गाली गलौज व मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं।

थाना खोड़ा पुलिस ने वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए उपरोक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए हिमांशु पुत्र महावीर निवासी गली नंबर 1 आईटीआई लोक.



प्रिय विहार और सोनू शर्मा पुत्र वीरेंद्र शर्मा निवासी अनिल विहार खोड़ा कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया गया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पूछताछ व साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## मीरपुर हिंदू गांव में बसपा का समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बहुजन समाज पार्टी ने मीरपुर हिंदू गांव पहुंचकर ग्रामीणों का खुला समर्थन किया है। पार्टी ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के निर्माण के खिलाफ ग्रामीण आंदोलन को जायज ठहराते हुए पुलिस की बर्बर कार्रवाई की कड़ी निंदा की है।

मीरपुर हिंदू गांव में प्रस्तावित वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के विरोध में ग्रामीण डेढ़ माह से धरना दे रहे थे। रविवार को ग्रामीणों ने निर्माण रोकने की कोशिश की, तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिसमें दर्जनों ग्रामीण (महिलाएं सहित) घायल हो गए।

बसपा जिलाध्यक्ष मनोज जाटव महासचिव लेखराज बौद्ध, पंकज शर्मा, लोनी विधान सभा



अध्यक्ष जितेन्द्र विधानसभा प्रभारी धर्मपाल, अजित मनीष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पंचायत में पहुचे, जिलाध्यक्ष मनोज जाटव ने अपने संबोधन में किसान भाइयों को भरोसा दिया के किसानो की इस जायज लड़ाई मैं बसपा का एक एक कार्यकर्ता उनके साथ है जिलाध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की इस प्लांट को तत्काल बंद किया जाए किसान भाइयों के साथ सहमती बनाई जाए।

ग्रामीणों को दिए गए पुराने आश्वासनों का पालन हो तथा पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन के बिना कोई प्लांट न बने। बसपा के वरिष्ट नेता पंकज शर्मा ने अपने संबोधन में प्रशासन से जांच कमेटी बनाते हुए पुलिस की मनमानी कार्रवाई पर एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए जिम्मेदार अफसरों पर सख्त कदम उठाया जाए।

## तन्मय दोहरे ने जेईई मेंस में 98.17 प्रतिशत अंक हासिल कर किया रोशन

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में रहने वाले तन्मय दोहरे ने जेईई मेंस की परीक्षा में 98.17 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता पिता सहित पूरी गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी का नाम रोशन किया है। गुलमोहर एन्क्लेव के सी4/413 में रहने वाले तन्मय अभी डीपीएस इंदिरापुरम में इंटरमीडिएट में पढ़ रहे हैं और अपनी परीक्षा दे रहे हैं। उन्होंने इंदिरापुरम स्थित डीपीएस से ही हाईस्कूल 98 प्रतिशत अंकों के साथ पास की थी। तन्मय के पिता अरविंद कुमार दोहरे जीएसटी के जॉइंट कमिश्नर के पद से सेवा. निवृत्त हो चुके हैं और वर्तमान में गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी के आरडब्लूए में सचिव के पद पर तैनात हैं। माता मंजू दोहरे समाजशास्त्र से एमए हैं और फिलहाल अपना घर संभाल रही हैं।

तन्मय की बड़ी बहन मयंका दोहरे कनाडा में जे एस एस एकेडमिक से इंजिनयरिंग करके वहीं सेटल्ड हैं। दूसरी छोटी बेटी जोशिका दोहरे ने पुणे से एलएलबी



करके कनाडा से एलएलएम किया और कनाडा में ही मल्टी इंटरनेशनल कम्पनी में लीगल एडवाइजर के रूप में तैनात हैं। तन्मय ने बताया कि वह स्वयं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए आई) से इंजीनियरिंग करना चाहते हैं। तन्मय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु और माता-पिता को दिया है।

इस अवसर पर आरडब्लूए के अध्यक्ष विजेंद्र गिरी, पूर्व अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य रश्मि चौधरी, नीलम गर्ग, गौरव बंसल, अनुजा बंसल, राहुल यादव ने तन्मय को बुके देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

आरडब्लूए के अध्यक्ष विजेंद्र गिरी और पूर्व अध्यक्ष रश्मि चौधरी ने कहा कि सोसायटी के बच्चे लगातार तरक्की कर रहे है जिससे सोसायटी का नाम रोशन हो रहा है। ऐसे बच्चे अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं। तन्मय के घर बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है।

## नंदग्राम में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र में गत दिनों उस समय सनसनी फैल गई, जब एक खाली भूखंड में लगे पेड़ से एक युवक का शव लटका हुआ मिला। शव की स्थिति संदिग्ध होने के कारण हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, नंदग्राम इलाके में स्थित एक खाली प्लॉट में स्थानीय लोगों ने सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटका देखा। शव को देखते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक के घुटने मुड़े हुए थे और शव पूरी तरह सीधे लटकता हुआ नहीं था, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सामान्य तौर पर आत्महत्या की स्थिति में शरीर सीधे लटकता है, लेकिन यहां शव की स्थिति अलग नजर आ रही थी।

सूचना मिलते ही नंदग्राम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है, ताकि साक्ष्य जुटाए जा सकें।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में विश्व ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन दिवस के अवसर पर लेक्चर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के ओरल सर्जरी विभाग द्वारा विश्व ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन दिवस मनाया गया। जिसमें संस्थान के 250 से अधिक बी.डी.एस. एवं एम.डी.एस. के विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी दंत विभागों के एच.ओ.डी. तथा दंत चिकित्सक सम्मिलित थे।

यह दिन ओरल सर्जरी की विशेषता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये दुनिया भर के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जनों की प्रेरक भूमिका को याद कराता है।



इसलिए संस्थान द्वारावजागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वक्ता डॉ मुदित अग्रवाल और आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा एवं आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया।

उद्घाटन समारोह के दौरान संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी एवं डॉ. अमित गुप्ता, प्रोफेसर एंड एच. ओ.डी.ए ओरल सर्जरी विभाग के साथ-साथ संस्थान के सभी दंत विभागों के एच.ओ.डी. एवं दंत चिकित्सक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अतिथि वक्ता डॉ मुदित अग्रवाल वर्तमान में राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेंटर, नई दिल्ली के हेड एंड नैक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग में विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत है। डॉ मुदित द्वारा गले और मुख के कैंसर के विषय पर एक लेक्चर प्रस्तुत किया गया।

उन्होंने अपने लेक्चर के दौरान गले और मुख के कैंसर के उपचार के प्रक्रिया की भूमिका के बारे में सभी प्रतिभागियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने सभ प्रतिभागियों को विभिन्न गले और मुख के कैंसर प्रक्रिया को पूरा करने के बारे में भी प्रशिक्षित किया, जिसके माध्यम से मरीजों को नवीनत प्रक्रियाओं के साथ उपचार प्रदान किया जा सकें।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बढते हुये गले और मुख के क्षेत्र में सभी दंत चिकित्सकों के ज्ञान को बढ़ाना था। इसके साथ ही वक्ता डॉ मुदित ने विद्यार्थियों एवं दंत चिकित्सकों के लिये आयोजित इस ज्ञानवर्धक मंच के लिये संस्थान को धन्यवाद देते हुये लेक्चर का समापन किया।

# नवजात बच्चे का किडनैप मामला सुलझा, महिला सहित दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल से एक बार फिर से बच्चा चोरी हो गया। बच्चा चोरी के वक्त वार्ड के बाहर तैनात सुरक्षा गार्डों को पता नहीं चला। नॉर्थ रोहिणी पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल रही है और कई संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार सुबह नौ बजे पुलिस को अस्पताल से एक दो दिन का बच्चा किडनैप होने की पीसीआर कॉल मिली थी। शिकायतकर्ता, नरेला की रहनेवाली साहिन ने बताया कि 12 फरवरी को वह अस्पताल में भर्ती हुई थी। दो दिन बाद उसने लडके को जन्म दिया था। उससे एक करीब तीस साल की अंजान महिला अक्सर उससे मिलने आती थी और उसका भरोसा जीत लेती थी। मंगलवार सुबह पांच बजे वह महिला नवजात को दूध पिलाने के बहाने ले गई। इसके बाद वह सो गई थी। जब वह आठ बजे सोकर उठी बच्चा उसके पास नहीं था और न ही वो महिला वहां पर थी। उसने अपने पति को आपबीति बताई। जिसके तुरंत बाद पीसीआर कॉल की गई थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

वार्ड के सुरक्षा गार्डों से पूछताछ की। जिन्होंने किसी पर शक जाहिर नहीं किया। मगर अंजान महिला वार्ड में किस तरह से घूम रही थी। इस बारे में अस्पताल स्टॉफ व सुरक्षा गार्ड ने चुप्पी साध ली थी। पुलिसने अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों के कंट्रोल रूम जाकर फुटेज खंगाली। फुटेज में एक अंजान महिला बच्चे को लेकर जाती दिखाई दी। पुलिस फुटेज और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से किडनेपर महिला की पहचान करने की कोशिश कर रही है। पुलिस अस्पताल के बाहर खाने आदि की रेहड़ी लगाने वाले और ई रिक्शा चालकों से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस को शक है कि महिला बच्चे को लेकर ई रिक्शा या फिर ऑटो से अपने ठिकाने पर गई है। बता दें कि यह पहला मामला नहीं हैं कि जब इस अस्पताल से बच्चा किडनैप हुआ हुआ।

सात फरवरी 2023 में भी भलस्वा डेयरी के रहने वाले जगबीर का साढ़े चार महीने का आयुष किडनैप हो गया था। इसी तरह से जनवरी 2024 महीने में महिला किडनैपर को गिरफ्तार किया था। जो समयपुर बादली की थी। जिसने बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल से बच्चा चोरी किया था।

## कपड़ा कारोबारी गवाह के घर पर बदमाशों ने की फायरिंग

**नई दिल्ली।** स्वरूप नगर इलाके में बीती रात बाइक सवार बदमाशों ने कपड़ा कारोबारी के घर के बाहर दो राउंड फायरिंग की। वारदात के बाद आरा. पी मौके पर से फरार हुए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को रात करीब एक बजे इलाके में रहने वाले कपड़ा कारोबारी करण राठौड़ पर गोली चलने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। घर के बाहर कारतूस के दो खोल पड़े मिले। जिनको पुलिस ने कब्जे में ले लिया। बताया गया कि करण राठौड़ का एक केस रोहिणी कोर्ट में चल रहा है। जिसमें वह गवाह हैं। आने वाली 23 फरवरी को करण की रोहिणी कोर्ट नंबर 306 में 2021 में बदमाशों के खिलाफ मुकदमे में गवाई होनी है। आशंका जाहिर की गई कि गवाई तुड़वाने के मकसद से फायरिंग की गई, जिसमें स्वरूप नगर के चड्ढा कॉलोनी में रहने वाले तीन संदिग्ध शामिल थे।

## उम्रकैद की सजा काटने के दौरान फरार होने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काटने के दौरान फरार होने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।उसे सितंबर 2020 में तीन हफ्ते की फरलो पर रिहा किया गया था, लेकिन वह सरेंडर नहीं कर पाया और मार्च 2021 से फरार था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने बताया कि एक मामले में झगड़े के दौरान आरोपी रॉबिन तमांग ने नीरज के सीने में 3-4 बार चाकू मारा और भाग गया। नीरज को हिंदू राव हॉस्पिटल ले जाया गया, जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# ट्रैफिक पुलिस को ब्लैकमेल करने वाला गिरोह बेनकाब

■ **पुलिस ने इस मामले में महिला सरगना समेत अब तक तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी-रॉबरी एंड स्नैचिंग सेल (एआरएससी) ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को फर्जी वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले एक और गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में महिला सरगना समेत अब तक तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने मंगलवार को जानक. ारी देते हुए बताया कि पकड़े गए आरो. पित की पहचान समालखा, हरियाणा निवासी 32 वर्षीय महिला (सरगना), सचिन (35) और सुल्तानपुरी निवासी आमिर उर्फ सिकंदर के रूप में हुई है। आमिर उगाही के लिए फोन करता था। जबकि सचिन वीडियो एडिट करता था। पुलिस ने आरोपितों के पास से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन बरामद किया हैं। पुलिस उपायुक्त के अनुसार क्राइम ब्रांच थाने में 19 जनवरी 2026 को एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि एक फर्जी और आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उनसे 1.20 लाख रुपये वसूले गए। पुलिस शिकायतकर्ता के बयान पर संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस उपायुक्त के अनुसार 10 फरवरी को पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि हरियाणा के समालखा निवासी 32 वर्षीय महिला इस गिरोह की मास्टरमाइंड है। वह अपने साथियों के साथ दिल्ली आकर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की चालान कार्रवाई के दौरान छिपे कैमरों से वीडियो रिकॉर्ड करती थी। इन वीडियो को गिरोह का सदस्य सचिन एडिट कर इस तरह से तोड़-मरोड़ देता था कि देखने में पुलिसकर्मी की गलती प्रतीत हो। इसके बाद आरोपित आमिर उर्फ सिकंदर पुलिसकर्मियों को फोन कर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने और झूठी शिकायत दर्ज कराने की धमकी देता था। वीडियो हटाने के बदले पैसे की मांग की जाती थी। जो लोग पैसे देने से इनकार करते, उन्हें बार-बार परेशान किया जाता और झूठी शिकायतें दर्ज कराई जातीं। रकम मिलने के बाद ही शिकायत वापस ली जाती थी।




दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज के 35वें वार्षिकोत्सव में पुरस्कार वितरण करते हुए।

# मेडिकल छात्र पर लगा चोरी का अरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मेट्रो यूनिट की नेहरू प्लेस मेट्रो थाना पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर चोरी का मामला सुलझाते हुए छह लाख रुपये से अधिक कीमत के सोने के गहने बरामद कर लिए। गहने एक 60 वर्षीय महिला के थे, जो टिकट काउंटर पर अपना पर्स भूल गई थीं।

मेट्रो के पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने मंगलवार को बताया कि 16 फरवरी को फरीदाबाद निवासी सुनीता ने शिकायत दी कि वह लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन के टिकट काउंटर पर अपना पर्स भूल गई थीं। पर्स में चार सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन व पेंडेंट, एक जोड़ी सोने के झुमके और नकदी थी। मामले को गंभीता से लेते हुए मेट्रो पुलिस ने स्टेशन के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में एक युवक दिखाई दिया, जो पर्स उठाकर स्टेशन के अंदर जाता नजर आया।

डिजिटल जानकारी के आधार पर और डीएमआरसी के सहयोग से आरोपित का पता मेरठ (उप्र) में चला। मेट्रो पुलिस ने मेरठ के स्थानीय मेडिकल थाने की मदद से आरोपित को पकड़ लिया। उसकी पहचान आजिम-उल-हक (25) के रूप में हुई। वह मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज में मेडिकल छात्र है। पुलिस ने आरोपित के पास से चार सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन व पेंडेंट, दो सोने के झुमके और पर्स में रखी नकदी बरामद कर ली।

# अरुण जेटली स्टेडियम के पास आज मिल सकता है जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फिरोज शाह कोटला स्थित अरुण जेटली स्टेडियम के आसपास बुधवार सुबह नौ बजे से दोपहर 2 बजे के बीच यातायात प्रभावित हो सकता है। साउथ अफ्रीका बनाम यूएई के बीच टी-20 मैच के चलते उस क्षेत्र में डायवर्जन लागू किया जाएगा।

दिल्ली यातायात पुलिस ने लोगों को इस दौरान राजघाट से जेएलएन मार्ग, आसफ अली रोड (तुर्कमान गेट से दिल्ली गेट) और बहादुर शाह जफर मार्ग (आईटीओ चौक से दिल्ली गेट) पर यातायात से बचने की सलाह दी है। यातायात पुलिस ने बताया कि मैच शुरू होने से एक घंटा पहले और खत्म होने के एक घंटे बाद तक बहादुर शाह जफर मार्ग, दिल्ली गेट से जेएलएन मार्ग, दरिया गंज से बहादुर शाह जफर मार्ग और गुरु नानक चौक से आसफ अली रोड पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। यह भी जानकारी दी कि मैच देखने आ रहे दर्शक बहादुर शाह जफर मार्ग की ओर गेट एक से आठ, जेएलएन मार्ग की ओर गेट 10 से 15 और बहादुर शाह जफर मार्ग पेट्रोल पंप के पास गेट 16, 17, 18 से प्रवेश कर सकते हैं।

## कुछ इलाकों में आज व कल नहीं आएगा पानी

**नई दिल्ली।** कई इलाकों में आज 18 और कल 19 फरवरी को पानी नहीं आएगा। दिल्ली जल बोर्ड ने लोगों से पहले से पानी जमा करने की अपील की है। 18 फरवरी को सेक्टर बी-1 वसंत कुंज, कुतुब, महरौली, गली नंबर 36 तुगलकाबाद एक्सटेंशन, नेहरू अपार्टमेंट कालकाजी, पॉकेट-12 व 08 काल. काजी एक्सटेंशन में पानी नहीं आएगा। 19 फरवरी को सेक्टर-ए पॉकेट बी व सी वसंत कुंज, लाल टंकी, महरौली, छत्तरपुर, गली नंबर 25 तुगलकाबाद एक्सटेंशन, नेहरू प्लेस, बी-ब्लॉक कालकाजी और छुरिया मोहल्ला प्रभावित रहेंगे। भूमिगत जलाशयों और बूस्टर पंपिंग स्टेशनों की वार्षिक फ्लशिंग के चलते पानी की परेशानी रहेगी।

## पार्किंग विवाद में आरोपियों ने की हवाई फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ईस्ट ऑफ कैलाश इलाके में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में रविवार शाम को आरोपियों ने हवाई फायरिंग की। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। अमर कॉलोनी थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता 24 वर्षीय मोहम्मद अंजार अपने परिवार के साथ डीडीए फ्लैट्स, ईस्ट ऑफ कैलाश इलाके में रहता है। पीड़ित ने बताया कि वह कार धोने का काम करता है। रविवार सुबह करीब 10:15 बजे पड़ोस में रहने वाले अरुण ठकराल ने अपनी गाड़ी गलत तरीके से खड़ी कर दी थी, जिससे अन्य गाड़ियों की धुलाई प्रभावित हो रही थी। अंजार चाबी लेने अरुण के घर गया, लेकिन उसने चाबी देने से इंकार कर दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि शाम करीब चार बजे अरुण ठकराल अपने साथी अनिल उर्फ कान्हा के साथ डीडीए मार्केट स्थित कैफे पर पहुंचा। वहां अंजार पहले से ही बैठा था। अंजार को देखते हुए दोनों ने हवा में 2-3 राउंड फायर किया और मौके से फरार हो गए। फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई।

# नाबालिग आरोपी पर पहले से 'ओवर-स्पीडिंग' के 13 चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द्वारका साउथ थाना इलाके में 3 फरवरी को एक भीषण सड़क दुर्घटना ने 23 वर्षीय साहिल धनेश्रा की जान ले ली थी । लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज के पास हुई इस दुर्घटना में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को टक्कर मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में एक टैक्सी चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि स्कॉर्पियो कार का चालक एक 17 वर्षीय नाबालिग था, जिसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया हालांकि उसे बोर्ड परीक्षा के लिए अंतर्. रम जमानत मिल गई है। इस घटना ने नाबालिगों द्वारा खतरनाक तरीके से वाहन चलाने और यातायात नियमों की अनदेखी के गंभीर मुद्दे को उजागर किया है।साहिल की मां, इन्ना माकन, इस हादसे से गहरे सदमे में हैं और अपने बेटे के लिए न्याय की मांग कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जिस स्कॉर्पियो ने उनके बेटे को कुचला, उस पर पहले से ही ओवर-स्पीडिंग के 13 चालान थे। इसके बावजूद, वाहन के मालिक (जो कि आरोपी चालक के पिता हैं) ने उसे नहीं रोका।

इन्ना माकन ने बताया कि उनका बेटा 3 फरवरी को ऑफिस जा रहा था, जब यह दुर्घटना हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कॉर्पियो चालक बहुत तेज गति से गाड़ी चला रहा था, और उसकी बहन साथ में बैठकर श्रीलश बना रही थी। गाड़ी उल्टी लेन में चलाई जा रही थी और बस के सामने स्टंट करने का प्रयास किया गया, जिससे यह भयानक हादसा हुआ।उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक आपराधिक कृत्य है, जिसमें उनके बेटे की जान चली गई। इन्ना माकन ने सोशल मीडिया पर भी अपने बेटे के लिए न्याय की गुहार लगाई है।

उन्होंने एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि उन्होंने अपने 22+ वर्षीय प्रतिभाशाली बेटे साहिल धनेश्रा को एक सिंगल मॉम के तौर पर 23 साल तक पाला। उन्होंने आरोप लगाया कि एक कार चालक और उसकी बहन ने रील बनाने के चक्कर में उनके बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी।

मृतक साहिल के दोस्त मानव सचदेवा ने कहा कि मैंने अपनी जिंदगी में इतना मेहनती इंसान कभी नहीं देखा। मैं सोच भी नहीं सकता कि कोई दूसरा दोस्त अपने परिवार और अपने लिए इतनी मेहनत करता होगा। मुझे उसकी मां से इशारा मिला था। वे शायद उसे मैनचेस्टर या जर्मनी भेजना चाहते थे। उसने मुझसे इस बारे में पूछा। लेकिन मैंने मना कर दिया क्योंकि मेरा पूरा परिवार यहीं है और मेरा पूरा बिजनेस यहीं सेट अप है।

दोस्त ने बताया कि ष्हम अभी अपनी आवाज उठा रहे हैं। हमारी मांग यह है कि सबसे पहले, उसे कुछ समय जेल में रहना चाहिए और उसने जो किया उसके लिए उसे सजा मिलनी चाहिए। उसे याद रखना चाहिए कि अगर दो लोगों ने दो जानें ले लीं तो उसके साथ क्या होता है। उसके पिता को याद रखना चाहिए कि उन्होंने अपने बेटे को बिना लाइसेंस वाली कार में भेजा था। वहीं, हादसे में घायल कैब ड्राइवर अजीत सिंह ने कहा कि मैं लाल बहादुर कॉलेज के पास इंतजार कर रहा था। तभी पीछे से एक स्कॉर्पियो आई और मेरी कार को टक्कर मार दी और मेरी कार आगे जाकर बस से टकरा गई। कुछ बच्चों ने मुझे कार से बाहर निकाला और उन्होंने मुझे हॉस्पिटल भेजा।

## पंजाबी बाग फ्लाईओवर पर सड़क हादसा,एक की मौत

**नई दिल्ली।** पंजाबी बाग फ्लाईओवर पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में 24 वर्षीय विजय की मौत हो गई और एक अन्य युवक मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार को वेस्ट दिल्ली के पंजाबी बाग फ्लाईओवर पर दोपहिया से जुड़े एक रोड एक्सीडेंट में 24 साल के एक युवक की जान चली गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सुबह 8.10 बजे मिली पीसीआर कॉल पर पुलिस मौके पर पहुंची और एक स्कूटर और एक मोटरसाइकिल खराब हालत में पड़ी मिली।

एक सीनियर पुलिस ऑफिसर ने बताया कि मौके पर दो घायल लोग मिले, जिन्हें आचार्य भिक्षु हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया। उन्होंने बताया कि घायलों में से एक, रोहिणी के सेक्टर 20 का रहने वाला विजय को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि जबकि मोनू को उसकी हालत गंभीर होने की वजह से तुरंत सफदरजंग हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

## होली के मद्देनजर विशेष रेलगाड़ी चलेगी

**नई दिल्ली।** यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली जंक्शन से वाराणसी के बीच विशेष रेलगाड़ी का परिच. ालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 04209 वाराणसी जंक्शन से रात 10:30 बजे चलकर अगली दोपहर 1:30 बजे दिल्ली जंक्शन पहुंचेगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या NER-BSB0SnT-OT-07-2026**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली ई-निविदा" आमंत्रित की जाती है :- **क्रमांक-1,** निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम: NER-BSB0SnT-OT-07-2026: कार्य का नाम: वाराणसी मंडल के स्टेशनों पर VHF आधारित स्टेशन कम्यूनिकेशन के लिये वॉयस लॉगिंग सुविधा प्रदान करना। **विवरण:** अनुमानित लागत (रू० में): ₹ 3,30,18,192.97, बयाना की राशि (रू० में): ₹ 3,15,100/-, निविदा प्रपत्र की कीमत: ₹ 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 180 दिवस, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय: 09-03-2026 को 15:00 बजे।

**(1)** ई-निविदा दिनांक 09-03-2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। **(2)** पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाईट **i.e. www.ireps.gov.in** देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूरसंचार**

मुजाधि/सिगनल-105 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# युवक का सिर अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क थाना क्षेत्र में एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी, युवक को किसी अज्ञात वाहन ने कुचला है जिसकी अभी पहचान नहीं हो पाई है, फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है स

मृतक की पहचान गोविन्द उर्फ बबलू (33) के रूप में हुई है, वह अपने परिवार के साथ गौतम विहार,उस्मानपुर में रहता था सोमवार को जब वह श्यामगिरी मंदिर शास्त्री पार्क के पास स्कूटी से जा रहा था तभी अचानक किसी अज्ञात वाहन ने पहिए से उसके सिर को कुचल दिया,जिसके बाद राहगीरों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी,पुलिस बबलू के शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस ने बताया की सोमवार को दोपहर करीब 1.40 बजे पीसीआर कॉल मिली थी कि कश्म. ीरी गेट से शास्त्री पार्क की तरफ आने वाले रोड पर श्यामगिरी मंदिर के पास एक युवक का एक्सीडेंट हो गया है और सड़क पर उसके मांस के हिस्से फैले हुए है।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया स पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है स गौरतलब है कि हादसे के बाद सड़क पर लम्बा जाम लग गया जाम खत्म करने के लिए अर्धसैनिक बल का सहयोग लिया गया।




बाहरी जिला पुलिस द्वारा फ्री हेल्थ चेक-अप कैंप में स्वास्थ्य जांच करवाते पुलिसकर्मी।

# बाहरी जिला पुलिस ने हेल्थ चेकअप कैंप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस के मौके पर दिल्ली की बाहरी जिला पुलिस ने मंगोलपुरी के बापू पार्क में मेगा ब्लड डोनेशन और फ्री हेल्थ चेक-अप कैंप लगाया, जहाँ पुलिसवालों और वहाँ के लोगों ने कंधे से कंधा मिलाकर कीमती जानें बचाने में मदद की।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि यह ब्लड डोनेशन कैम्प पीतमपुरा की ब्लड बैंक टीम की मदद से किया गया, जिसके मेडिकल प्रोफेशनल्स ने खून को इकट्ठा किया। बड़ी संख्या में पुलिसवालों और वहाँ के लोगों ने अपनी मर्जी से खून दिया। इसके अलावा फ्री हेल्थ चेक-अप कैंप श्री बालाजी एक्शन हॉस्पिटल ने लगाया था, जिसके डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की डेडिकेटेड टीम ने पार्टिसिपेंट्स को पूरी हेल्थ सर्विसेज दीं।

हेल्थ कैंप में फ्ररी मेडिकल कंसल्टेशन, बीपी और ब्लड शुगर (डायबिटीज) चेक-अप और जनरल हेल्थ स्क्रीनिंग की गई।

इस दौरान पुलिस स्टाफ के साथ- साथ, बड़ी संख्या में सीनियर सिटिजन्स, महिलाओं और युवाओं ने हेल्थ चेक-अप कैंप में हिस्सा लिया और दिल्ली पुलिस के इंसानियत और दया वाले चेहरे की तारीफ की।

**नयायालय सिविल जज (सी0डि0) जनपद बरेली।**

प्रर्कीण वाद सं0 548/25

रविन्द्र प्रताप सिंह राठौर उम्र लगभग 46 वर्ष पुत्र स्व0 प्रकाश चन्द्र राठौर निवासी डी-/12 चरण 2 डी0आर0डी0ओ0 टाउनशिप रेलवे गेट के पास कग्गदासपुरा वगापौर उत्तर वी0बी0 रमन नगर उत्तर बगलूर कर्नाटक हाल निवासी डी-62 प्रथम तल पटेल नगर -2 गाजियाबाद उ0प्र0 ....प्रार्थी/वादी

**बनाम**

महेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व. प्रकाश चन्द्र राठौर निवासी के0एच0-201 कोठारी वैज्ञानिक हॉस्टल डी0आर0डी0ओ0 आवासीय परिसर आई0एन0एम0ए0 एस0 के पास तियारपुर सिविल लाइन ओ0 उत्तरी दिल्ली ...... प्रतिवादी

दरखास्त मुसम्मी रविन्द्र प्रताप राठौर वास्ते हुक्म सर्टीफिकेट वसूल दर्ज व किफायत जाये माफताली मुसम्मी (मृतक) प्रकाश चन्द्र राठौर मुतवफी अपने व मुजबि एक्ट 7 सन् 1989 ई0 व कैद हरगाह मुसम्मी रविन्द्र प्रताप राठौर ने दरखास्त हुक्म सर्टीफिकेट और तारीख 24.2.2026 वास्ते समायत दरखास्त हाजा के मुकर्रर की है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरखास्त हाजा के निसबत कोई उजर हो असालतन या वकालतन तारीख 24.2.2026 पेश होकर हरखास्त हाजा की निसबत उजर पेश कारे दरसूरत इनकारे तारीख मुकर्रर कोई उजर निसवत दरखास्त सुना नहीं जायेगा और मुनासिब हुक्म निसवत दरखास्त हाजा सादिर होगा। आज बतारीख 2.12.2025 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

आदेशानुसार

सिविल जज (सी0डि0) बरेली।

## मुख्यमंत्री ने पविद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में शामिल हो रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह समय वर्षभर के परिश्रम को निखारने का एक सुनहरा अवसर है और विद्यार्थियों को पूरे आत्मविश्वास एवं उत्साह के साथ परीक्षा में भाग लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट पर अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा को उत्सव की तरह लेने की प्रेरणा दी है। उनका मूल मंत्र "आपका आत्मविश्वास ही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है" छात्रों को मानसिक रूप से मजबूत बनाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रसन्नचित्त होकर अपनी मेधा का परिचय देने और धैर्य एवं निरंतर प्रयास को अपनी असली शक्ति बनाने का आह्वान किया।

# शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम:विधानसभाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यह संस्थान केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं है, बल्कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के उन सपनों का प्रतीक है, जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन की परिकल्पना की थी ये विचार दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विश्व. विद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज के 35वें वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में कॉलेज प्रशासन, संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। समारोह के दौरान अध्यक्ष ने मेधावी छात्रों को शिक्षा, खेल और पाठ्येतर गतिविधियों में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। राष्ट्रीय दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रवर्तित श्विकसित भारतश के रोडमैप के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि युवा केवल विकसित भारत के लाभार्थी नहीं हैं, बल्कि इस परिवर्तन के प्राथमिक शिल्पकार भी हैं।

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी की ऊर्जा और नवाचार ही भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के मिशन के पीछे की प्रेरक शक्ति है। छात्रों को प्रेरित करते हुए गुप्ता ने कहा कि वर्तमान युग प्रतिभा और नवाचार का है। उन्होंने उल्लेख किया कि युवा एक पुनरुत्थानवादी भारत का हिस्सा हैं जो दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमेशा याद रखें, आपकी डिग्री केवल कागज का एक टुकड़ा नहीं है, बल्कि समाज के प्रति आपकी जिम्मेदारी की घोषणा है। बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिष्ठित आह्वान 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का उल्लेख करते हुए, विधानसभा अध्यक्ष ने जोर दिया कि आधुनिक संदर्भ में इसका अर्थ राष्ट्रीय चुनौतियों को हल करने और समावेशी विकास को गति देने के लिए शिक्षा का उपयोग करना है। अध्यक्ष ने कहा कि आपकी सफलता आपकी कड़ी मेहनत और आपके शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। जिन्हें आज पुरस्कार नहीं मिले, वे याद रखें कि असफलता केवल इस बात का संकेत है कि और अधिक प्रयास की आवश्यकता है।

## जल निकायों के लिए कार्य योजना तैयार करे डीपीसीसी: एनजीटी

**नई दिल्ली।** राजधानी में जल स्रोतों के संरक्षण को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सख्त रुख अपनाया है। इसके तहत एनजीटी ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को जल निकायों के पुनर्जीवन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

एनजीटी ने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों से वसूली गई पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि का उपयोग इसी योजना के क्रियान्वयन में किया जाए और छह माह के भीतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की जाए। यह आदेश पूर्वी दिल्ली के ब्रह्मपुरी इलाके में एक व्यक्ति द्वारा भूजल के अवैध दोहन के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया गया।

# सीबीआई की याचिका पर सुनवाई टली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सीबीआई की याचिका पर सुनवाई 22 अप्रैल तक के लिए टाल दी। इसमें देवघर कोषागार से जुड़े एक घोटाले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को झारखंड हाईकोर्ट से मिली जमानत को चुनौती दी गई है।

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह कहते हुए मामले को टाल दिया कि दलीलें पूरी नहीं हुई हैं और कुछ आरोपियों की मौत हो चुकी है। सुनवाई के दौरान सीबीआई ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलील दी कि हाईकोर्ट ने एक गैर-कानूनी आदेश पारित किया है और कानून का उल्लंघन करते हुए सजा निलंबित की गई है। लालू की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि कुछ आरोपियों को नोटिस नहीं दिया गया है। अदालत ने कहा कि हम दोनों ही जानते हैं कि यह कैसी विशेष अनुमति याचिका है। हमें लगता है कि आप दोनों जानते हैं कि इसका नतीजा क्या होगा। हम सभी जानते हैं कि कानून का सवाल क्या है। लोग 60, 70 और 80 की उम्र के हैं। पीठ ने कहा कि फाइलें बस लटकी हुई हैं। हम अप्रैल में तारीख देंगे। जिन मामलों में प्रतिवादियों की मौत हो गई है, हम उन्हें बंद कर देंगे।

# रामलीला भूमि पर अतिक्रमण और सुरक्षा को लेकर कमेटी ने लगाई उपमुख्यमंत्री से गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर की प्रतिष्ठित रामलीला समिति रजिस्टर्ड हापुड़ ने रामलीला मैदान की सुरक्षा और विकास को लेकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए बाउंड्री वॉल और इंटरलॉकिंग कराने की मांग उठाई है। समिति ने बताया कि लगभग 90 वर्षों से जनता के सहयोग से यहां रामलीला का धार्मिक मंचन होता आ रहा है, लेकिन समय के साथ चारों ओर आबादी बढ़ने से मैदान पर अतिक्रमण और अव्यवस्थाओं की समस्या गंभीर हो गई है।



समिति के पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि जब मैदान रामलीला के लिए मिला था, तब क्षेत्र में आबादी नहीं थी, किंतु अब चारों ओर बस्ती विकसित होने से भूमि की सीमाएं प्रभावित हो रही हैं। मैदान कच्चा होने के कारण बरसात में पानी भर जाता है और जलनिकासी के लिए हर वर्ष भारी मशक्कत करनी पड़ती है। कीचड़ और धूल की समस्या के चलते रामलीला के दौरान दर्शकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। मांग में यह भी उल्लेख किया गया कि नगर क्षेत्र का कूड़ा मैदान में डाले जाने से स्थिति और बिगड़ती है तथा आसपास कुछ अवैध मीट की दुकानों के संचालन की भी शिकायत की गई है। समिति का कहना है कि बाउंड्री वॉल बनने से भूमि सुरक्षित होगी, अतिक्रमण रुकेगा और धार्मिक आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हो सकेंगे। समिति ने उपमुख्यमंत्री से मैदान की पैमाइश कराकर बाउंड्री वॉल, इंटरलॉकिंग तथा आवश्यक विकास कार्य शीघ्र कराने का अनुरोध किया है, ताकि शहर की ऐतिहासिक रामलीला परंपरा को सुरक्षित रखा जा सके और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# मिशन शक्ति का असर, छात्र-छात्राओं को मिला डिजिटल सुरक्षा का पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** जनपद में साइबर अपराध की रोकथाम और महिला सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत थाना हापुड़ देहात पुलिस ने स्कूल परिसर में कार्यशाला आयोजित कर छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में तथा लखनऊ स्थित साइबर क्राइम मुख्यालय के निर्देशों के क्रम में आयोजित किया गया।

थाना हापुड़ देहात प्रभारी नीरज कुमार ने विज़डम स्कूल में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को साइबर अपराध के बदलते तरीकों, ऑनलाइन ठगी से बचाव और डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन 1930, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन 1090, महिला सुरक्षा केंद्र और एंटी रोमियो स्क्वॉड की भूमिका से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के मूलभूत उपायों और आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराध और महिला उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाते हुए प्रश्न पूछे और डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों को अपनाने का संकल्प लिया।

# अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में नवाचार की गूंज, शिक्षकों ने साझा किए अनुभव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल में 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में भारत और श्रीलंका के शिक्षाविदों ने शिक्षा के बदलते आयामों पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में श्रीलंका के शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों सहित 25 सदस्यीय विदेशी दल की सहभागिता रही, जिससे परिसर में वैश्विक शैक्षिक संवाद का माहौल बना रहा।



कार्यक्रम में मुंबई से आई डा. रश्मि त्यागी ने शिक्षकों को नवीन शिक्षण प)तियों और कक्षा-कक्ष में नवाचार के प्रभावी तरीकों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अनुभवात्मक शिक्षा और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। दक्षिण एशियाई अंतरराष्ट्रीय शिक्षा मंच के अध्यक्ष कमल गोडा के नेतृत्व में आए विदेशी प्रतिनिधिमंडल का विद्यालय प्रबंधन की ओर से डा. आयुष सिंघल, डा. रोहन सिंघल और डा. निधि मलिक ने पौधा और भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। सम्मेलन के दौरान शिक्षकों के लिए आयोजित विशेष प्रतियोगिता में अनुभवात्मक शिक्षा और नैतिक मूल्यों पर आधारित प्रस्तुतियों ने सबका ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में सुश्री रुचिका खुराना और उनकी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हिमांशु की टीम द्वितीय और सुश्री मीनाक्षी की टीम तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में विद्यालय के विद्यार्थियों ने भारतीय कला और विरासत पर आधारित शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विदेशी प्रतिनिधियों ने विद्यालय के सहयोगात्मक शिक्षण मॉडल और छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी पहल बताया। आयोजन के माध्यम से शिक्षा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नवाचार को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई गई।

# पिलखुवा लूट कांड में फरार आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र में चावल व्यापारी से 64 लाख रुपये की लूट के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने दोनों आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित करते हुए आमजन से सहयोग की अपील की है।





पुलिस के अनुसार घटना 31 जनवरी को पिलखुवा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर हुई थी। राजस्थान के सीकर जनपद के डाणी पाटन निवासी चावल व्यापारी राकेश ने रेलवे रोड स्थित बैंक से 64 लाख रुपये निकाले थे।

यह धनराशि किसानों को भुगतान के लिए ले जाई जा रही थी। व्यापारी जब बाइक से दिल्ली की ओर जा रहे थे, तभी पिलखुवा फ्लाईओवर के पास स्कूटी सवार बदमाशों ने हथियारों के बल पर उनसे नकदी लूट ली और फरार हो गए। घटना के खुलासे में पुलिस ने पहले ही कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के दौरान एक घायल आरोपी समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। उनके कब्जे से 44 लाख 37 हजार रुपये, अवैध हथियार और दो दोपहिया वाहन बरामद किए गए थे। पुलिस जांच में सामने आया कि वारदात में शामिल दो आरोपी अभी गिरफ्त से बाहर हैं। फरार आरोपियों की पहचान गाजियाबाद के विजयनगर क्षेत्र निवासी अकरम और हापुड़ जनपद के माधोपुर गांव निवासी अर्जुन त्यागी के रूप में हुई है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

# कानून से खिलवाड़ महंगा पड़ा, फर्जी हमले का आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** थाना पिलखुवा क्षेत्र में खुद पर गोली चलवाने की सनसनीखेज साजिश का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। मामले में पुलिस ने घटना के मास्टरमाइंड वीरपाल सैनी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने अपने साथियों से स्वयं पर गोली चलवाकर एक व्यक्ति को झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रची थी।



थाना प्रभारी के अनुसार 9 फरवरी 2026 को प्रीती सैनी पत्नी वीरपाल सैनी निवासी मोहल्ला साकेत रेलवे रोड ने थाना पिलखुवा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 7 फरवरी की रात मनोज पुत्र बबली निवासी ग्राम छिजारसी और एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके पति वीरपाल को तमंचे से गोली मार दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को घटनाक्रम संदिग्ध लगा। साक्ष्यों के आधार पर नामजद मनोज की संलिप्तता गलत पाई गई। आगे की पड़ताल में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि वीरपाल ने स्वयं षडयंत्र रचकर अपने साथियों से अपने ऊपर गोली चलवाई थी, ताकि मनोज को झूठे मुकदमे में फंसाया जा सके। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी वीरपाल सैनी पुत्र पप्पू सैनी निवासी मोहल्ला साकेत रेलवे रोड कस्बा व थाना पिलखुवा को धौलाना रोड से गिरफ्तार कर लिया। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि झूठे मुकदमे दर्ज कर कानून व्यवस्था को प्रभावित करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। घटना के खुलासे के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और पुलिस की त्वरित व निष्पक्ष जांच की सराहना की जा रही है।

# हापुड़ में एमआरआई-डायलिसिस की तैयारी, विधायक ने उठाए बड़े मुद्दे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने मंगलवार को लखनऊ में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। बैठक में क्षेत्र के अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने और डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

विधायक ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में मरीजों को उन्नत जांच और उपचार के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। इस स्थिति को बदलने के लिए उन्होंने डायलिसिस मशीन, एमआरआई मशीन, डिजिटल सिटी स्कैन, कलर अल्ट्रासाउंड जैसी अत्याधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति का आग्रह किया। उनका कहना था कि इन व्यवस्थाओं के लागू होने से स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार संभव होगा और मरीजों को समय व खर्च दोनों की बचत होगी। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की स्थापना से क्षेत्र के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर भरोसा बढ़ेगा और गंभीर रोगियों को त्वरित उपचार मिल सकेगा। इससे लोगों की निर्भरता बड़े शहरों के अस्पतालों पर कम होगी और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच व्यापक बनेगी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विधायक की मांगों को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और प्रस्तुत प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को जनहित में महत्वपूर्ण बताते हुए विधायक के प्रयासों की सराहना की।

## एक नजर

### वायरल वीडियो पर त्वरित एक्शन, हापुड़ देहात पुलिस ने मारपीट के आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र में सोमवार को सोशल मीडिया पर एक मारपीट का वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई। वीडियो में कुछ युवक एक व्यक्ति को नाली में गिराकर बेरहमी से पीटते दिखाई दे रहे थे। मामला सामने आते ही पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए मारपीट करने वाले एक आरोपी युवक को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी के अनुसार वायरल वीडियो में बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना सामने आई थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए थाना हापुड़ देहात पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी की पहचान होने के बाद उसे मौहल्ला कोटला सादात क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त रिहान पुत्र वसीम निवासी मौहल्ला नवीकरीम थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ है। थाना प्रभारी का कहना है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की हिंसा या अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी के दो मामलों में सजा, हापुड़ पुलिस की प्रभावी पैरवी से आरोपियों को कारावास व अर्थदंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में चोरी के मामलों पर सख्ती बरतते हुए पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों को माननीय न्यायालय से सजा सुनाई गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में की गई।

पहले मामले में वर्ष 2022 में चार बैट्री ई-रिक्शा चोरी करने के आरोप में अभियुक्त राहुल पुत्र जीतसिंह निवासी ग्राम मुरादपुर थाना हापुड़ देहात के विरुद्ध मु.अ.सं. 108/2022 धारा 380/411 भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्य संकलन कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने जुर्म इकबाल के आधार पर अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि 02 वर्ष 04 माह 16 दिवस के कारावास तथा 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। दूसरे मामले में वर्ष 2010 में मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में अभियुक्त टिंकू पुत्र महावीर निवासी ग्राम पांची थाना खरखौदा जनपद मेरठ के विरुद्ध मु.अ.सं. 163/2010 धारा 379/411 भादवि थाना हापुड़ नगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि 06 माह 26 दिवस के कारावास तथा 2000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# क्षेत्र से युवती लापता, पिता ने लगाया सहकर्मी पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** क्षेत्र के यूपीएसआईडीसी चौकी इलाके में एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार मूल रूप से बदायूं जनपद का रहने वाला है और इन दिनों औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरी कर रहा है। बताया गया है कि युवती भी स्थानीय कंपनी में कार्यरत थी। दो दिन पूर्व वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।

युवती के पिता मुन्ने ने आरोप लगाया है कि कंपनी में ही काम करने वाला एक युवक उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। घटना के बाद से परिवार बेहद परेशान है और लगातार पुलिस चौकी के चक्कर लगा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है। मंगलवार को पीड़ित पिता ने थाना धौलाना पहुंचकर थाना प्रभारी अवनीश शर्मा को लिखित शिकायत पत्र सौंपा और मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की। उन्होंने पुलिस से बेटी की सकुशल बरामदगी और आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं, घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

# निरीक्षण में मंडलायुक्त सख्त, रिकॉर्ड संधारण पर दिया विशेष जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ मंडल के आयुक्त भानू चंद्र गोस्वामी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट हापुड़ का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समीक्षा की और अधिकारियों-कर्मचारियों को रिकॉर्ड प्रबंधन तथा कार्यों की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जबकि जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



निरीक्षण से पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक कार्यों का व्यवस्थित रजिस्टर तैयार कर अभिलेखों को प्रतिदिन अद्यतन रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन और शिकायत का पूरा विवरण-प्राप्ति की तिथि, की गई कार्रवाई, लंबित स्थिति तथा निस्तारण की जानकारी रजिस्टर और कंप्यूटर में सुरक्षित रूप से दर्ज होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने राजस्व लेखा विभाग, रिकॉर्ड रूम, भूलेख, संयुक्त कार्यालय, शस्त्र अनुभाग सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर पत्रावलियों के रखरखाव और रिकॉर्ड प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों का स्थानांतरण होता रहता है, इसलिए प्रत्येक कार्य का स्पष्ट उल्लेख अभिलेखों में होना आवश्यक है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता बनी रहे। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को अपने-अपने पटल के कार्यों का नियमित निरीक्षण और साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर अधिकारी को अपने अनुभाग के सभी कार्यों की जानकारी होना अनिवार्य है और रिकॉर्ड संधारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि अगली समीक्षा से पूर्व सभी विभाग रिकॉर्ड व्यवस्था और कार्यप्रणाली को पूरी तरह व्यवस्थित करना सुनिश्चित करें।

# अनुशासित संगठन की दिशा में कदम, भाजपा का प्रशिक्षण अभियान तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रीत विहार स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में संगठनात्मक मजबूती और अनुशासित कार्यशैली पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं की कार्यकुशलता निखरती है और उन्हें पार्टी की विचारधारा के अनुरूप अनुशासित ढंग से कार्य करने की दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में मिली सीख को जीवन में उतारकर कार्यकर्ता समाज और राष्ट्रहित में प्रभावी भूमिका निभाते हैं।

जिला अध्यक्ष कविता माद्रे ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग 7 मार्च से प्रारंभ होकर अगले एक माह तक जिले और मंडलों में चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, अनुशासन और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत कराया जाएगा, ताकि सभी एक सूत्र में बंधकर पार्टी के लिए कार्य कर सकें। प्रशिक्षण वर्ग के संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक पाल तथा सहसंयोजक जिला महामंत्री पुनीत गोयल रहे। कार्यक्रम में रेखा नगर, विभु बंसल, हरेंद्र तेवतिया, श्यामेंद्र त्यागी, राजेश शर्मा, पायल गुप्ता, सुमित परछा, छवि दीक्षित, सुनील वर्मा, पवन गर्ग, दीपक गौड़, दिनेश त्यागी, कपिल सिंगल, जितेंद्र सिंह, अनिरुद्ध कस्तला, जतिन साहनी और दीपक भाटी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बरसाना की रंगीली होली: सुरक्षा के कड़े इंतजाम, अभद्रता पर जीरो टॉलरेंस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोवर्धन।** विश्वप्रसिद्ध लठामार एवं रंगीली होली के मद्देनजर बरसाना में प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। मेले को शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है। खास तौर पर महिला एवं विदेशी श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मेला तैयारियों की समीक्षा बैठक में एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अभद्रता, जबरन रंग या कीचड़ डालने और हुड़दंग जैसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं या विदेशी मेहमानों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादा वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। प्रशासन द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों को चिह्नित कर वहां विशेष निगरानी की व्यवस्था की जा रही है। प्रमुख मार्गों, मंदिर परिसरों तथा निर्धारित होली स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। राजस्व एवं पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। सीओ अनिल कुमार सिंह ने चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

# बौद्धिक आईकेएस परीक्षा: संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने बाजी मारी



**मथुरा।** संस्कृति विश्व विद्यालय के विद्यार्थियों ने विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, दिल्ली के तत्वाधान में आयोजित भारत बौधिक्स आईकेएस परीक्षा-2026 में अपनी योग्यता का परचम लहराते हुए टाप-30 में अपना नाम दर्ज कराया। बृजप्रांत में मूल्यांकन के उपरांत 2168 स्टूडेंट्स में से सुपर 30 स्टूडेंट्स का चयन किया गया था जिसमें संस्कृति विश्वविद्यालय की भूमि बघेल ने टाप टेन की सूची में विशिष्ट स्थान प्राप्त किया तथा अन्य छात्रा भूमिका व गुंजन चौरसिया ने सुपर 30मे अपना स्थान अर्जित किया। संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता द्वारा सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पुरुस्कार प्रदान किए। बताते चलें कि विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, दिल्ली द्वारा संपूर्ण भारत के विभिन्न प्रांतों में बौद्धिक आईकेएस परीक्षा-2026 आयोजित की गई थी। विद्यार्थियों की इस सफलता पर संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ सचिन गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी तथा ब्रजप्रांत में विश्वविद्यालय के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि संस्कृति विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान विज्ञान परम्परा के साथ आधुनिक शिक्षा दीक्षा के लिए आईकेएस सेल, आईकेएस टास्क फोर्स व लायब्रेरी की व्यवस्था छात्रध्छात्राओं के लिए उपलब्ध है। संस्कृति विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि भारत-सरकार के द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आधुनिक भारत के निर्माण में भारतीय ज्ञान विज्ञान परम्परा को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है।

# रमजान को लेकर शहर में रौनक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुकद्दस माहे रमजान के आगमन से पहले मंगलवार को शहर के बाजारों में खासा उत्साह देखने को मिला। रमजान की तैयारियों को लेकर बाजार गुलजार रहे और देर शाम तक खरीदारी का सिलसिला जारी रहा। विशेष रूप से जामा मस्जिद के आसपास स्थित दुकानों पर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भीड़ उमड़ी रही।

आगामी 19 फरवरी से माहे रमजान की शुरुआत होने जा रही है। इस बार रमजान के दौरान चार जुमे पड़ेंगे। बुधवार देर शाम से ही मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू हो जाएगी। इसे लेकर मस्जिदों में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई और अन्य तैयारियां मंगलवार को दिनभर चलती रहीं। कई मस्जिदों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया, जिससे धार्मिक माहौल हो गया। रमजान की तैयारियों के चलते बाजारों में सबसे अधिक खरीदारी धार्मिक उपयोग की वस्तुओं की रही। जामा मस्जिद के पास स्थित दुकानों पर जानमाज, तस्बीह, चटाई और अन्य आवश्यक सामान की जमकर बिक्री हुई। वहीं पंसारी की दुकानों पर भी खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ रही, जहां लोगों ने सेहरी और इफ्तार के लिए मेवे, सवइयां और अन्य खाद्य सामग्री की खरीदारी की। व्यापारियों के अनुसार रमजान के नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है और आने वाले दिनों में खरीदारी और बढ़ने की उम्मीद है। वहीं लोगों में भी पवित्र महीने को लेकर उत्साह देखा जा रहा है और सभी लोग इबादत व रोजों की तैयारियों में जुट गए हैं।

# अतिक्रमण के कारण गंगेरू मार्ग पर, ई-रिक्शा पलटा, बाल-बाल बचे राहगीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के गंगेरू मार्ग पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के चलते आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। संकरा रास्ता होने के कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी के चलते मंगलवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।मंगलवार को कस्बा निवासी सरफराज ने गंगेरू मार्ग स्थित एक प्रतिष्ठान के बाहर अपना ई-रिक्शा खड़ा किया था और किराए के पैसे लेने दुकान के अंदर गया हुआ था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही गन्ने से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ई-रिक्शा से टकरा गई। टक्कर के बाद ई-रिक्शा विद्युत पोल से जा टकराया और पलट गया।हादसे के समय आसपास खड़े लोग बाल-बाल बच गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और ई-रिक्शा को सीधा कराया। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली को वहां से हटवाया गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि गंगेरू मार्ग पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर रखा गया है, जिससे सड़क संकरी हो गई है। इसी कारण रोजाना जाम लगता है और छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटवाने और यातायात व्यवस्था सुचारू कराने की मांग की है।

## विश्वकर्मा धाम में प्रथम भंडारे का आयोजन

**शामली।** मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर विश्वकर्मा धाम सेवा परिवार की ओर से धीमानपुरा स्थित विश्वकर्मा धाम में वर्ष के प्रथम भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में अशोक धीमान द्वारा खीर का प्रसाद वितरित किया गया, वहीं खिचड़ी का प्रसाद भी श्रद्धालुओं में बांटा गया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ उठाते हुए आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर डा। राजेन्द्र स्वामी, सुभाष धीमान, विकास धीमान, वासु धीमान, नीरज धीमान, श्यामसुंदर धीमान, अनिल धीमान, प्रदीप विश्वकर्मा, नरेन्द्र धीमान तथा रमेशचंद धीमान मौजूद रहे।

## दो बच्चों की मां युवक के साथ लापता, पति ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव के ही एक युवक पर महिला को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि महिला दो बच्चों की मां है और देर रात घर से निकल गई। सुबह परिजनों को घटना की जानकारी होने पर उन्होंने आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।

महिला के पति सतीश ने थाने में पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और संबंधित युवक की तलाश की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। साथ ही गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जा रही है। महिला की सकुशल बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

# सर्विस रोड का निर्माण शीघ्रता से पूर्ण होः डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने आज मेरठ करनाल हाईवे बधैव बाईपास पर सर्विस रोड के निर्माण कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर मौका मुआयना करते हुए निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग राजकुमार, सहित एनएचएआई के साइट इंजीनियर मौजूद रहे।



# डीएम ने किया नगर पंचायत एलम का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर पालिका परिषद कांधला में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों के निर्गमन की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की गुणवत्ता और उनके निस्तारण की स्थिति को विस्तार से परखा। उन्होंने एक शिकायतकर्ता से सीधे फोन पर वार्ता कर निस्तारण की वास्तविक स्थिति जानी। शिकायतकर्ता द्वारा समाधान पर संतोष व्यक्त किए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए।निरीक्षण के समय कांधला पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम, अधिशासी अधिकारी पूर्णिमा, सभासदगण एवं पालिका परिषद के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कार्यालय की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने नगर पंचायत एलम कार्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां भी उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं के अंतर्गत संचालित कार्यों की पत्रावलियों का अवलोकन किया तथा बीते माह आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रीना पंवार, अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप, सभासदगण व कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## प्राथमिक विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय लिलौन नंबर-1 का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कक्षा-4 एवं कक्षा-5 में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई से संबंधित जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जो कमियां सामने आईं, उन्हें सुधारने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय विद्यालय में कुल 122 छात्रों के सापेक्ष 82 छात्र उपस्थित पाए गए, जबकि समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित मिला। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई एवं शिक्षण कार्य संतोषजनक पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। डीएम ने शिक्षकों को बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने और नियमित रूप से शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बीएसए लता राठौर सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पालिका कार्यालय में हंगामा, सरकारी फाइल फाड़ने का आरोप

## अध्यक्ष व कर्मचारियों ने दी तहरीर, आरोपी पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब एक व्यक्ति पर कार्यालय में घुसकर हंगामा करने और सरकारी फाइल फाड़ने का आरोप लगा। घटना के बाद पालिका अध्यक्ष व कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने कर्मचारियों के साथ थाने में दी गई तहरीर में बताया कि कस्बे के मोहल्ला मि.गान निवासी तनवीर पुत्र सहीद बीते कुछ समय से लगातार सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहा है। आरोप है कि वह पालिका की कार्यप्रणाली पर अनर्गल आरोप लगाकर जनमानस में भ्रम की स्थिति पैदा करने का प्रयास कर रहा है। इतना ही नहीं, कई बार वह बिना किसी पूर्व सूचना के पालिका कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों से तीखी बहस करता है और कार्य में अनावश्यक हस्तक्षेप करता है। मंगलवार को भी आरोपी अचानक पालिका कार्यालय पहुंच गया और किसी प्रशासनिक विषय को लेकर बहस करने लगा। कर्मचारियों द्वारा समझाने का प्रयास किए जाने पर वह उग्र हो गया और जोर-जोर से चिल्लाते हुए कार्यालय में हंगामा करने लगा। आरोप है कि इसी दौरान उसने एक मेज पर रखी सरकारी फाइल को उठाकर फाड़ दिया, जिसमें महत्वपूर्ण पत्राचार एवं अभिलेख संलग्न थे। फाइल फटने से दस्तावेज क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कार्यालय के कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। घटना के समय कार्यालय में मौजूद अन्य कर्मचारी और नागरिक भी हंगामे से घबरा गए। स्थिति को बिगड़ता देख कर्मचारियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से चला गया। कर्मचारियों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से कार्यालय का अनुशासन और कार्य वातावरण प्रभावित हो रहा है।पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने कहा कि सरकारी अभिलेखों को नुकसान पहुंचाना गंभीर अपराध है और इससे प्रशासनिक कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होता है। उन्होंने पुलिस से आरोपी के विरुद्ध सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सरकारी कार्य में बाधा डालने का साहस न कर सके। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पालिका अध्यक्ष एवं कर्मचारियों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है। यदि जांच में आरोप सत्य पाए जाते हैं तो संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर घायल, पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के बस स्टैंड पर एक बुजुर्ग व्यक्ति अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना भवन पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए घायल को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। घायल की पहचान जनपद मुजफ्फरनगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव आदमपुर निवासी इकराम पुत्र घीशु के रूप में हुई है। बताया गया है कि इकराम इन दिनों थाना भवन के बंदागढ़ स्थित मोहल्ला रेती में अपने भाई के यहां रह रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मारी और चालक मौके से फरार हो गया। थाना भवन पुलिस निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया है। आरोपी की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही फरार वाहन चालक को चिन्हित कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### विवाहित युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में बागपत जनपद निवासी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पिता ने कोतवाली कैराना में दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री विगत 7 फरवरी को शाम करीब 4रू30 बजे घर से अचानक लापता हो गई थी। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। इस संबंध में 8 फरवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। अब पीड़ित ने आरोप लगाया है कि ग्राम सबगा, तहसील बड़ौत, जनपद बागपत निवासी सोनू उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। आरोप है कि युवक की नीयत ठीक नहीं है और वह उसकी पुत्री के साथ गलत कार्य कर सकता है। पीड़ित का यह भी कहना है कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और उसकी एक पुत्री भी है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, दो विवाह समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने तथा पुत्री को सकुशल बरामद कराने की मांग की है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं और शीघ्र ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार मजदूर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे बाईपास पर रामड़ा चौराहे पर मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार मजदूर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल शामली रेफर कर दिया।

ग्राम रामड़ा निवासी इरशाद मंगलवार को मजदूरी का कार्य कर अपनी बाइक से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह रामड़ा चौराहे पर पहुंचा, तभी सामने से आ रही तेज गति की कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इरशाद उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस चालक मोहनलाल मौके पर पहुंचे और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन हालत चिंताजनक होने पर उसे जिला अस्पताल शामली रेफर कर दिया गया। परिजन सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंच गए। उधर, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और वाहन की तलाश शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ देर तक यातायात भी प्रभावित रहा।

# साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कॉलेज की एनएसएस द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का कार्यक्रम प्राकृतिक चिकित्सालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामदत्त शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो। एमके जैली द्वारा मां सरस्वती एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम का मुख्य विषय विकसित भारत 2047 एवं साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा रहा। वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और इनसे बचाव के लिए जागरूकता एवं सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वयंसेवकों को साइबर ठगी, डेटा चोरी और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ। रोहित राणा एवं कु। गायत्री त्रिपाठी ने साइबर अपराध से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि इंटरनेट या नेटवर्क के माध्यम से की जाने वाली अवैध गतिविधियां साइबर अपराध की श्रेणी में आती हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

इस दौरान विकसित भारत 2047 मिशन के अंतर्गत डिजिटल सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं तकनीकी विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई।अंत में गोद लिए गए ग्राम मुंडेट एवं टिटोली में स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी से बचाव, ओटीपी साझा न करने, मजबूत पासवर्ड रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।

# 40 हजार हरी मिर्च की पौध चोरी, कार्रवाई की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना क्षेत्र के गांव मंडावर में अज्ञात चोरों द्वारा एक किसान के खेत से करीब 40 हजार हरी मिर्च की पौध चोरी कर ली है। पीड़ित किसान ने कैराना थाना में शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम ईस्सापुर खुरगान निवासी अकरम पुत्र राशिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी कृषि भूमि ग्राम मंडावर, परगना व तहसील कैराना में स्थित है।

खेत में उसने हरी मिर्च की लगभग 40 हजार पौध तैयार कर रखी थी। आरोप है कि सोमवार की रात अज्ञात व्यक्ति खेत से पौध उखाड़कर चोरी कर ले गए। पीड़ित के अनुसार मंगलवार की सुबह जब वह खेत पर पहुंचा तो पूरी पौध गायब मिली। आसपास के खेत मालिकों और ग्रामीणों से पूछताछ की गई, लेकिन चोरों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। घटना से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। किसान अकरम ने बताया कि वह एक मजदूर किसान है और खेती ही उसकी आय का मुख्य साधन है। पौध चोरी होने से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से शीघ्र रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी और नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।





# बाल विवाह की रोकथाम को ऊन के जमालपुर में लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित ष्बाल विवाह मुक्त भारत विशेष राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत जनपद शामली में निरंतर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में जिलाधिकारी शामली अरविंद कुमार चौहान के निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 01फरवरी 2026 से 08 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायतध्नगर निकायध वार्ड तथा समुदाय स्तर से जुड़े सेवा प्रदाताओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन द्वारा किया गया।इस अवसर पर ग्राम पंचायत जमालपुर, के पंचायत सचिवालय में उक्त अभियान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बबलू द्वारा की गई एवं बाल विवाह के विरुद्ध सभी समुदाय के लोगों को शपथ दिलाई।कार्यक्रम में बताया गया कि जनपद शामली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है।जिसका मुख्य उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति का उन्मूलन है।महिला कल्याण विभाग से उपस्थित सुपरवाइजर लोकेश कुमार व वन स्टॉप सेंटर से किरन देवी केस वर्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह पूर्णतः गैर-कानूनी है।

बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक, मानसिक, शैक्षिक एवं सामाजिक विकास पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बाल विवाह करने, कराने अथवा सहयोग करने पर 02 वर्ष तक का कठोर कारावास या घ्1,00,000 तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है।

साथ ही बराती, मौलवी पंडित, फोटोग्राफर, टैंट, कैटरिंग, बैंड पार्टी संचालक आदि के विरुद्ध भी FIR दर्ज की जा सकती है।

यह भी जानकारी दी गई कि जनपद में जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी नामित किया गया है। वन स्टॉप सेंटर से किरन देवी केस वर्कर द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना की जानकारी दी गई।अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि बाल विवाह की सूचना या आशंका होने पर तुरंत 1098, 112, 181 या नजदीकी पुलिस थाना को सूचित करें।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्राम विकास अधिकारी नवीन कुमार,ग्राम प्रधान बबलू, ग्राम पंचायत सहायक कमल कुमार, आंगनवाड़ी कार्यकत्री रविता तोमर, सरला देवी, आदि समुदाय के लोगों को बाल विवाह न करने एवं समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।

# छात्रों को अनाधिकृत वाहन से केंद्रों पर न भेजने की अपील

## परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, रात दस बजे के बाद डीजे बजाए जाने पर एसपी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आज से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही है। परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। एसपी सूरजकुमार राय ने अभिभावकों से परीक्षा के दौरान सड़क दुघर्टना और कार्रवाई से बचने के लिए छात्रों को अनाधिकृत वाहन से केंद्रों पर न भेजने की अपील की है। साथ ही परीक्षा के दौरान रात दस बजे के बाद डीजे बजाने पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को दस बजे के डीजे बजाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

आज से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही है। परीक्षा को लेकर जहां प्रशासन ने सभी तैयारी पूरी कर ली है, वही पुलिस प्रशासन भी परीक्षा को लेकर तैयार है। एसपी सूरज कुमार राय ने अभिभावकों से परीक्षा के दौरान छात्र-छात्राओं को अना. धिकृत वाहनों के माध्यम से केंद्रों पर खोजने के बजाए सार्वजनिक



परिवहन का प्रयोग करने की सलाह दी है। उनका कहना कि अनेक छात्र-छात्राएं दोपहिया अथवा चारपहिया वाहन चलाकर परीक्षा केंद्रों तक पहुंच रहे हैं, जबकि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे ड्राइविंग लाइसेंस के लिए पात्र नहीं होते। साथ ही कई विद्यार्थी बिना हेलमेट के वाहन चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे सड़क दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि परीक्षा अवधि के दौरान बच्चों को सार्वजनिक परिवहन या फिर अधिकृत परिवहन व्यवस्था से ही परीक्षा केंद्रों पर खोजें। ताकि सड़क दुर्घटना या कानूनी कार्यवाही से बचा जा सकें। इसके अलावा विवाह समारोह के कारण डीजे/तेज ध्वनि होने से छात्र-छात्राओं की परीक्षा की तैयारी प्रभावित होने की शिकायतें मिल रही है। उन्होंने रात दस बजे के बाद डीजे नही बजाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को विद्यार्थियों के उज्ज्वल खाविष्य को ध्यान में रखते हुए ध्वनि नियमों का पालन करने के निर्देश दिए है।

### 37 परीक्षा केंद्रों पर शुरू होगी बोर्ड परीक्षा, तीन जोनल, दस सेक्टर और 37 स्टेटिक मजिस्टेट किए नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आज से बोर्ड परीक्षा का महाकुंभ शुरू होगा। जिले में 37 परीक्षा केंद्रों पर 13766 हाईस्कूल और 13417 परीक्षार्थी इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। परीक्षा शांतिपूर्ण कराने के लिए जिले में तीन जोनल, दस सेक्टर और 37 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। केंद्रों पर स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए पुलिस कर्मी तैनात किए गए है। रात में स्ट्रांग रूम और केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए भी अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

परीक्षा के लिए प्रधानाचार्य गीता शर्मा व जिला अल्पसंख्यक अधिकारी कैलाश तिवारी को कंट्रोल रूम प्रखाारी नियुक्त किया गया है। प्रधानाचार्य अंतरिक्ष कुमार को परीक्षा का विभागीय परीक्षा नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बोर्ड परीक्षा के लिए नियुक्त किए गए माध्यमिक विद्यालयों के 1021 और बेसिक शिक्षा परिषद के 483 शिक्षकों के फोटोयुक्त, पदनाम, विषय और मोबाइल नंबर सहित आईकार्ड जारी किए गए है। परीक्षा के दौरान केंद्र पर मोबाइल फोन और वाहय लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रहेगी और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर वाइस रिकार्डर सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं।

## जेईई मेन परीक्षा में 97.6 अंक प्राप्त कर की उपलब्धि हासिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रटौल।** एक छात्र नें जेईई मेन परीक्षा में 97.6 अंक हासिल कर परीक्षा पास कर कस्बें का नाम रोशन किया। कस्बें के लोग परि. जनों को शुभकामनाएं देने में लगे है।

रटौल निवासी मास्टर जाहिद अली का 17 वर्षीय पुत्र साद खेकड़ा के जेपी एकेडमी में कक्षा 12 का छात्र है। उसनें जेईई मेन टेस्ट के लिए फार्म भरा था और परीक्षा में सम्मिलित हुआ था। सोमवार देर रात जेईई मेन का रिज्लट घोषित किया गया जिसमें साद नें 97.6 प्रतिशत के साथ परीक्षा पास की जिसके बाद उसका एडमिशन सरकारी आईआईटी कालिज में होगा। रिज्लट घोषित होने के बाद परिजनों में खुशी का माहौल है। कस्बें के लोग परिजनों को शुभकामनाएं देने मे लगे है, छात्र साद नें बताया कि इसका श्रेय अपने माता जीनत प्रवीन और पिता जाहिद अली को देता है क्योकि उनकी प्रेरणा से ही यह मुकाम हासिल हुआ है। वही उसने बताया उसके मामा समीर काजी,और तमसीर काजी ने उनकी पढाई में हमेशा सहयोग किया जिससे ये मुकाम हासिल किया। वही पढाई को लेकर उसके चाचा डाक्टर नाजिम अली, अवैश, नवेद, शाहिद, प्रवेजने हमेशा पढाई को लेकर प्रेरणा दी। रिज्लट आनें के बाद परिजनों ने कस्बें में मिठाई बाटकर जश्न मनाया। वही कस्बें के बुजुर्ग छात्र साद को आशिर्वाद देने मे लगे है।

## पुलिस ने चैकिंग के दौरान शराब तस्कर को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी, तभी एक युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 25 पव्वे अवैध देशी शराब (यूपी मार्का) बरामद हुई।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान आकाश पुत्र डालचंद के रूप में हुई है, जिसकी उम्र लगभग 20 वर्ष है। वह काशीराम कॉलोनी, नानू रोड, कस्बा व थाना खेकड़ा, जनपद बागपत का निवासी है। पुलिस ने आरोपी को मौके से हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। बरामद शराब को जब्त कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए हैं। इस मामले में खेकड़ा थाने में उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और क्षेत्र में अवैध शराब के



कारोबार पर लगातार सख्ती बरती जाएगी।

## स्कूल में एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल, शबगा में दिगंबर जैन पॉलिटेक्निक बड़ौत बागपत द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित सीडीटीपी योजना अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि सहेंद्र सिंह, ब्लॉक विकास अधिकारी बड़ौत थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डा.अजय कुमार त्यागी प्रधानाचार्य दिगंबर जैन पॉलिटेक्निक, हरि दत्त शर्मा, प्रधानाचार्य संस्कृति पब्लिक स्कूल, धर्मेंद्र मनेजर, अंकुर पवार, भोला सिंह प्रमोद चेयरमैन,इकबाल सिंह, मीनाक्षी सिसोदिया आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रणंजय लांबा, विभाग अध्यक्ष यांत्रिक अभियंत्रण दिगंबर जैन पॉलिटेक्निक द्वारा किया गया। डा. अजय कुमार त्यागी ने सीडीटीपी योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न कर्यक्रमों के विषय में विस्तार से बताया। हरेन्दर कुमार कर्मशाला अधीक्षक ने तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठयक्रमों के विषय में छात्रों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम शिवम वर्मा नीरज कुमार गीता सैनी आदि उपस्थित रहे।



## एल्पाइन पब्लिक स्कूल के छात्र उत्कर्ष ने किया पूरे प्रदेश का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित एल्पाइन पब्लिक स्कूल, लूम्ब के मेधावी छात्र उत्कर्ष पुत्र दीपेंद्र खोखर ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026 में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त कर विद्यालय, जनपद तथा पूरे प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उत्कर्ष ने अखिल भारतीय स्तर पर 13वां स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने 99.999 अंक प्राप्त कर अपनी असाधारण प्रतिभा, अनुशासन, एकाग्रता तथा कठोर परिश्रम का श्रेष्ठ परिचय दिया है।

उत्कर्ष की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष और गौरव का वातावरण व्याप्त है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पूरे विद्यालय परिवार के लिए स्वर्णिम क्षण बताया। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि यह सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि ही नहीं, बल्कि समर्पित शिक्षण, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल भी है। उत्कर्ष ने अपनी लगन, धैर्य और नियमित अध्ययन के बल पर यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ निश्चय और लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानाचार्य ने अपने संदेश में कहा कि उत्कर्ष की यह उपलब्धि समस्त विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि उत्कर्ष प्रारंभ से ही परिश्रमी, अनुशासित एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्र रहे हैं, जिन्होंने कठिन परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपना मूल मंत्र बनाया। उनकी यह ऐतिहासिक







सफलता विद्यालय के शैक्षणिक स्तर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की भी सशक्त पहचान है। विद्यालय परिवार ने उत्कर्ष के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। साथ ही विद्यालय की ओर से उत्कर्ष एवं उनके गौरवान्वित माता-पिता को इस विशिष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि उत्कर्ष आगामी उच्च स्तरीय परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और समाज का नाम रोशन करते रहेंगे तथा अपनी प्रतिभा से नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।

## आशा व आंगनबाड़ी कर्मचारियों को पेंशन दे सरकारः सुभाष कश्यप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को समाजसेवी सुभाष चंद कश्यप ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा। उन्होने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि आशा और आंगनवाड़ी कर्मचारी अपना जीवन समाज में लगा देते हैं जब वह रिटायरमेंट होते हैं उन्हें किसी भी प्रकार की पेंशन नहीं मिलती है, जबकि सबसे बड़ी समस्या रिटायरमेंट के बाद ही शुरू होती है आशा और आंगनबाड़ी कर्मचारी को भी सरकार पेंशन दे।

जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए सुभाषचंद कश्यप ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मेरठ मंडल में कश्यप समाज की दो अनुसूचित जातियां तुरैहा और महार,1891 की जातिगत जनगणना के अनुसार अनुसूचित जाति में हुआ करती थी, लेकिन धोखेबाज सरक. ारी कर्मचारी और अधिकारियों ने समय-समय पर इन जातियों को



अनेकों पिछड़ी जातियों धीवर झीमर कहार केवट मल्लाह निषाद बिन्द गोंड तुरैहा बॉथम कश्यप धीमर आदि में बदलकर उनका अनुसूचित जाति का आरक्षण बिना सरकार की अनुमति से ही खत्म कर दिया। सुभाष चंद कश्यप ने मांग की है कि इन जातियों को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र दिया जाए अन्यथा 1891 की जातिगत जनगणना के अनुसार अनुसूचित जाति की तुरैहा और महार जाति के प्रमाण पत्र दिए जाएं।

## एक नजर

### अत्याधुनिक एस्ट्रोनॉमी लैब ने ग्रामीण छात्राओं के सपनों को दे दिए हैं पंख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा और वैज्ञानिक सोच को नई उड़ान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर अब सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली बेटियां भी अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियां सीख रही हैं। जनपद के छपरौली ब्लॉक में स्थापित अत्याधुनिक एस्ट्रोनॉमी लैब ने ग्रामीण छात्राओं के सपनों को पंख दे दिए हैं।

ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में बनाई गई। इस हाईटेक खगोलशास्त्र प्रयोगशाला के माध्यम से छपरौली ब्लॉक की लगभग 100 बालिकाओं को आधुनिक विज्ञान को प्रत्यक्ष रुप से समझने का अवसर मिल रहा है। प्रयोगशाला में 45 प्रकार के प्रयोगों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे छात्राएं अंतरिक्ष से जुड़े जटिल सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप से समझ पा रही हैं। योगी सरकार के इस प्रयास से अब ग्रामीण पृष्ठभूमि की छात्राएं भी टेलिस्कोप संचालित करने से लेकर नाइट-स्काई ऑब्जर्वेशन तक की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर रही हैं।

**बागपत जिलाधिकारी की पहल से विज्ञान शिक्षा को नई दिशा**

जनपद बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल की दूरदर्शी पहल से जिले में विज्ञान शिक्षा को नई गति मिली है। उनके मार्गदर्शन में ब्लॉक संसाधन केंद्र छपरौली में स्थापित एस्ट्रोनॉमी लैब को विकसित किया गया है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि प्रयोगशाला में आधु. निक उपकरणों के साथ-साथ छात्राओं को एस्ट्रोनॉमी सॉफ्टवेयर के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इससे वे आकाशीय पिंडों की स्थिति, गति और संरचना को डिजिटल माध्यम से समझ पा रही हैं। इस तरह का व्यावहारिक प्रशिक्षण छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में बेहद सहायक होगा।

**टेलिस्कोप से चंद्रमा देख बढ़ रहा आत्मविश्वास**

इस पहल की सबसे खास बात यह है कि अब छात्राएं स्वयं टेलिस्कोप के माध्यम से चंद्रमा और अन्य आकाशीय पिंडों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर रही हैं। जब एक बालिका अपने हाथों से टेलिस्कोप संचालित कर चंद्रमा देखती है, तो उसके भीतर आत्मविश्वास और जिज्ञासा दोनों का विकास होता है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय छपरौली की सभी छात्राएं इस लैब में नियमित रूप से प्रशिक्षण ले रही हैं। नाइट-स्काई प्रेक्षण जैसी गतिविधियां उनके लिए रोमांचक अनुभव साबित हो रही हैं। शिक्षकों के अनुसार, इससे बालिकाओं की विज्ञान के प्रति रुचि तेजी से बढ़ी है और वे अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े करियर के बारे में गंभीरता से सोचने लगी हैं।

**एआई-संचालित स्मार्ट क्लास से मिल रही आधुनिक शिक्षा**

बागपत जनपद में शिक्षा के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिले के 25 सरकारी विद्यालयों में टैगहाइव द्वारा एआई-संचालित स्मार्ट क्लास शुरू की गई हैं। इन स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को इंटरैक्टिव और तकनीक आधारित शिक्षा मिल रही है, जिससे सीखने की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।

## बच्चा चोरी की अफवाह फैलने से गांव में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** काठा गांव में बच्चा चोरी की अफवाह फैलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने एक संदिग्ध महिला को घूमते देख उसे घेर लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि महिला रास्ता भटककर गांव में पहुंच गई थी।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि महिला अलग-अलग स्थानों पर घूम रही थी और बच्चों पर नजर रख रही थी। उन्होंने महिला पर बच्चा चोरी का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने महिला से गहन पूछताछ की। पूछताछ के दौरान पता चला कि महिला रास्ता भटकने के



कारण गांव में आ गई थी और ग्रामीणों द्वारा घेरे जाने पर काफी घबरा गई थी। दरोगा अनिल यादव ने बताया कि महिला सहारनपुर की रहने वाली है और खेड़की गांव में अपने रिश्तेदारों के यहां आई थी। वह रास्ता भटककर काठा गांव पहुंच गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चा चोरी जैसा कोई मामला सामने नहीं आया है। महिला से पूछताछ के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई है।

## पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना बिनौली क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। परिवार का आरोप है कि 40 साल पुराने जमीन विवाद में उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने और आगामी शादी समारोह को रोकने की धमकी दी जा रही है।

पीड़ित पक्ष ने बताया कि उनका गांव के ही युवक के साथ पिछले लगभग 40 वर्षों से जमीन को लेकर एक मुकदमा चल रहा है। इस मामले में वे बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी, मेरठ के यहां 18 दिसंबर 2025 को जीत चुके हैं और वीरेंद्र कुमार की अपील भी खारिज हो चुकी है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि 7 फरवरी 2026 को वीरेंद्र कुमार के बेटे अंकित को गोली लगने की घटना हुई थी, जिसमें गांव के दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उनका कहना है कि इस घटना से उनका कोई संबंध नहीं है, लेकिन वीरेंद्र कुमार रंजिश के चलते



उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। आरोप है कि वह गांव में खुलेआम कह रहा है कि जमीन के मुकदमे की रंजिश निक. ालने के लिए पूरे परिवार को फंसा देगा। प्रार्थीगण ने यह भी बताया कि 11 मार्च 2026 को उनके परिवार में शनि कुमार की शादी निर्धारित है। उनका आरोप है कि वीरेंद्र कुमार और उसके परिजन शादी न होने देने की धमकी दे रहे हैं। साथ ही, उन्होंने पुलिस द्वारा बिना कारण परेशान किए जाने की भी शिकायत की है। पीड़ित परिवार ने एसपी से मांग की है कि उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने से बचाया जाए, थाना बिनौली पुलिस को अनावश्यक दबाव न बनाने के निर्देश दिए जाएं और शादी समारोह के दौरान सुरक्षा मुहैया कराई जाए। एसपी सूरज कुमार ने मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## जिला कारागार में जेल प्रीमियम लीग 2 का हुआ शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जिला कारागार में बंदियों के मानसिक एवं शारीरिक विकास हेतु समय समय पर विभिन्न प्रकार के खेलकूद आदि कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाता है। उसी कड़ी में जेल बैडमिंटन प्रीमियर लीग 2 का शुभारंभ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनीता सिंह एवं ए. सी. जे. एम. रेलवे सूर्य भान वर्मा के द्वारा फीता काटकर एवं प्रतीकात्मक बैडमिंटन खेलकर किया गया।उक्त लीग में कुल 64 बन्दी प्रतिभाग कर रहे हैं जिन्हें 2 ग्रुप में बांटा गया है । इस प्रकार प्रत्येक ग्रुप में कुल 16 बंदी खेलेंगे। अंतिम विजयी खिलाड़ियों को कारागार द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर उनके द्वारा बंदी कल्याण हेतु कारागार के इस प्रयास की सराहना की गई तथा अधिक से अधिक बंदियों को इस प्रकार की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त अवसर पर जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग के द्वारा बंदियों को संबोधित किया गया तथा उनको कारागार से रिहा होने पर अपने को कारागार से बदल कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ कर समाज को सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर एल. ए.डी. सी. एडवोकेट्स एवम् कारागार अधिकारी जेलर सुरेंद्र मोहन सिंह, चिकित्साधिकारी डा0 उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, उप जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह,रवीन्द्र कुमार, हेमराज, फार्मासिस्ट सोहन सारस्वत, कनिष्ठ सहायक सुनील कुमार चौहान व अन्य कारागार कार्मिक उपस्थित रहे।

## भाजपा की प्रशिक्षण महाअभियान की कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी डा.चन्द्रमोहन ने संगठन सशक्तिकरण पर जोर दिया।

इस दौरान डा.चन्द्रमोहन ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ता को तराशने की प्रक्रिया है। जो सीखता है। वही आगे बढ़ता है और जो सीखना छोड़ देता है वह आगे नहीं बढ़ पाता। उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण से ही संगठन निर्माण संभव है। यह महाअभियान कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व के स्तर पर समृद्ध करेगा और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाएगा। कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद का दर्शन भाजपा की कार्यसंस्कृति की आधारशिला है। उनके विचार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की प्रेरणा देते हैं। कहा कि जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर और बूथ स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे। इसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त करना और सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना है। जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय कहा कि जब संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता विचार से दृढ़ और व्यवहार से विनम्र होगा, तभी पार्टी की शक्ति समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगी।

## वेद संपूर्ण मानव जाति के पूर्वजों के धर्म ग्रंथः आचार्य नरेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड पर मेडिसिटी में पहुंची आर्य समाज की यात्रा धनुषकोटि रामेश्यवरम से लाल चौक श्रीनगर के लिए चल रही सनातन जागरण राष्ट्र कल्याण वेद यज्ञ यात्रा का यज्ञशाला परिसर बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के द्वारा स्वागत किया गया।

विभिन्न प्रदेशों से आए आर्य जनों के साथ हजारों लोगों ने मिलकर यज्ञ किया। यजमान डा.मनीष तोमर, डा. गीतांजलि तोमर बने। अंतर्राष्ट्रीय वेद प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष एवं अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास में प्रथम सांस्कृतिक राजनयिक रहे। डा.मोक्ष राज ने कहां सभी मनुष्यों को वेद पढ़ने का अधिकार है। जागरण यात्रा के संयोजक आचार्य नरेंद्र ने कहा वेद संपूर्ण मानव जाति के पूर्वजों के धर्म ग्रंथ रहे हैं। तिब्बत और आर्यावर्त की भूमि पर अरबों वर्षों से वेदपाठ और वेदाध्ययन की परंपरा चली आ रही है। वेद किसी एक वर्ग या समुदाय के नहीं है, बल्कि सभी मनुष्यों को वेद पढ़ने और समझने का अधिकार है। हमारा उद्देश्य मानव समाज को एकता के लिए वेद धर्म का प्रचार और विभिन्न प्रकार के पर्यावरणीय मानसिक प्रदूषण के निवारण हेतु यज्ञ का प्रदर्शन है। हैदराबाद से आए वेद भगवान पुस्तक के संपादक कृष्णा रेड्डी ने बताया इस यात्रा में चारों वेदों के कुल 20379 मन्त्रों से आहुतियां दी जाएगी। आम जन वेदों को देख और पढ़ सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान यज्ञशाला के लिए वेद भगवान पुस्तक की एक प्रति डा. मनीष तोमर को भेट की गई। इस पुस्तक में चारों वेदों के मंत्र संक. लित है। अब आमजन यहां आकर




वेदों को देख और पढ़ सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रवि शास्त्री ने कहा आर्य समाज महर्षि दयानंद सरस्वती के द्वारा वेदों की ओर लौटो के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हमारा संगठन निरंतर कार्य कर रहा है। आर्य समाज का उद्देश्य जाति पाति का भेद मिटाना, युवा पीढ़ी को नशे से मुक्त रखना है। सामा. जिक बुराइयों को दूर करना है। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के अध्यक्ष सुशील राणा ने सभी का आभार प्रकट किया। जागरण यात्रा बड़ौत हाईवे से रोड शो करती हुई दिल्ली की ओर चली गई। इस अवसर पर कपिल आर्य, प्रोफेसर सुरेंद्र पाल आर्य, रामपाल तोमर, राष्ट्र वर्धन मनि, उपेंद्र मुनि, सुरेंद्र ठेकेदार, प्राचार्य अरविंद शास्त्री, आचार्य विनोद, मुकेश विद्यालय अलंकार, अमरपाल आर्य विजय सिंह राठी, नरेंद्र आर्य, सुकरम पाल, प्रधानाचार्य जेपी सिंह, ऋषि पाल आर्य, आरती रानी आदि उपस्थित रहे।

# गन्ने के ट्रक में रोडवेज चालक ने अनियंत्रित होकर मारी टक्कर

## बस में सवार दर्जनों लोग हुए घायल, मवाना सीएचसी में कराया भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव समसपुर के मुख्य मार्ग पर एक रोडवेज चालक ने अनियंत्रित होकर गन्ने से भरे ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बस में सवार दर्जनों लोग मामूली रूप से घायल हो गये। सूचना पर जाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मवाना सीएससी भर्ती कराया। जहां इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

बताते चलें कि बहसूमा-मवाना गांव समसपुर के पास गन्ने से भरे ट्रक में एक रोडवेज चालक ने अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें यात्री अमित कुमार पुत्र पुखराज सिंह निवासी जीतपुरा थाना कोतवाली बिजनौर, संदीप पुत्र हरीश पाल निवासी पौड़ी गढ़वाल थाना पौड़ी गढ़वाल, गगन पुत्र विनोद कुमार उम्र 35 वर्ष निवासी बुद्धविहार दिल्ली, सुमन पत्नी विनोद कुमार निवासी बुद्धविहार दिल्ली, प्रिया नंदिनी सिंह पत्नी मनीष कुमार निवासी बुद्ध विहार दिल्ली पता चालक सुरेंद्र सिंह पुत्र भगत सिंह उम्र 48 वर्ष निवासी सकरथल थाना सिवालाकला जिला बिजनौर मामूली रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मवाना सीएससी भर्ती कराया इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह का कहना है कि रोडवेज चालक ने अनियंत्रित होकर टक्कर मारी है। हालात इस मामले में अभी तक किसी व्यक्ति ने कोई तहरीर नहीं दी है तहरीर आने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

### प्रोपर्टी में हिस्सा लेने के लिए तीन बहनों ने खुद को किया कमरे में बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मंगलवार को जानी थाना क्षेत्र के गांव में तीन महिलाओं ने अपने आप को प्रोपर्टी में हिस्सा लेने के लिए कमरे में बंद कर लिया और आत्महत्या की धमकी देने लगीं। तभी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उनको बंधन मुक्त कराया और तब जाकर सब ने राहत की सांस ली। पुढरी गांव में एक मकान और पांच बीघा जमीन को लेकर तीन बहनें अपनी मां से हिस्सा मांगने के लिए पहुंच गई जहां मां ने उनका हिस्सा देने से मना कर दिया तभी तीनों बहनों ने अपने आप को कमरे में बंद कर लिया। देखते ही देखते पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पहुंचे एसएसआई कपिल देव, उप निरीक्षक भगवती प्रसाद ने किसी तरह महिलाओं को समझाया और कमरे से बाहर निकाला उनको थाने लेकर आए जहां पुलिस ने उनको किसी तरह समझाया और तब जाकर मामला शांत हुआ।

# रमजान में नेक बंदों पर नाजिल होती हैं रहमतें: मौलाना मशहूदुर्रहमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रमजान का महीना बरकतों वाला महीना है। इस महीने में अल्लाह की तरफ से अपने नेक बंदों के लिए रोजा एक खास तोहफा है। जब रमजान का महीना आता है तो स्वर्ग के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। अल्लाह रमजान के महीने में पहले अशरे के दस दिनों में अपने नेक बंदों पर रहमत नाजिल करता है। दूसरे अशरे के दस दिनों में अल्लाह अपने नेक बंदों पर मगफिरत नाजिल करता है। तीसरे अशरे के दस दिनों में अल्लाह अपने नेक बंदों को नर्क से आजाध्दी देता है। रमजान के महीने में रोजा रखने का अर्थ है अल्लाह के लिए अपने आप को समर्पित कर देना। जब अल्लाह हुकुम दे खा लो तो खा लेना और जब हुकुम दे खाना पीना छोड़ दो तो छोड़ देना ही अपने आप को समर्पित कर देना है। इसी को रोजा कहते हैं।

हदीस में आता है कि जब किसी व्यक्ति का रोजा हो तो वह बुराई और गुनाह से बचा रहे और अगर दूसरा व्यक्ति किसी रोजेदार से गाली गलौज का बरताव करे या झगड़े का बरताव करे तो गाली देने वाले का जवाब गाली से ना दे बलके शांतिपूर्वक कह दे मेरा रोजा है। रमजान के रोजे का असल मकसद अपने आप को संवारना है। रमजान के महीने में दूसरे इंसानों से हमदर्दी, और गरीबों की जरूरत पूरा करने, दुसरों के दुख दर्द में शरीक होना ही रमजान का विशेष महीना है। रमजान का महीना अपनी अंतरात्मा को शुद्ध करने का नाम है। जिस व्यक्ति की अंतर आत्मा शुद्ध हो जाए वह व्यक्ति मूल रूप से सही इंसान और इंसानियत



के काम आने वाला होता है और समाज सेवा में रुचि दिखाने वाला होता है इसलिए रमजान के रोजे इंसान की अंतरात्मा को शुद्ध करती है। अपने सभी मुस्लिम भाइयों से गुजारिश करता हूं के रोजों का खास एहतमाम करें। हर काम अल्लाह को राजी करने के लिए करें। रोजा रखने के साथ-साथ अपनी जबान, आंख, हाथ पैर को भी महफूज रखें। जबान से कोई गलत लफ्ज ना बोलें, आंख से कोई गलत चीज ना देखें, और हाथ से कोई गुनाह वाला काम ना करें और पैर से गुनाहों की तरफ ना जाए। अपने आप को गुनाहों से बचाना ही रमजान का विशेष महीना है।

# संदिग्ध समझकर दो महिलाएं पकड़ीं

## शास्त्रीनगर के सेक्टर-2 का मामला, पूछताछ के बाद पुलिस ने छोड़ा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर सेक्टर दो में रात में घूम रही दो महिलाओं को संदिग्ध मानकर स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद उन्हें पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस दोनों महिलाओं को थाने ले गई, जहां घंटों तक पूछताछ करने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। पुलिस के अनुसार, शास्त्रीनगर सेक्टर दो में नरेश शर्मा का एक मकान है। मध्य प्रदेश के राजगढ़ निवासी नौ महिलाओं ने एक सप्ताह पहले यह मकान किराए पर लिया था। ये सभी महिलाएं कॉलोनियों में घूम-घूमकर पुराने कपड़े खरीदने और नए कपड़े बेचने का काम करती थीं। कॉलोनी के लोगों ने एक मकान में इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं को देखकर विरा. ेध किया था जिसके बाद रविवार को सभी महिलाएं मकान खाली कर चली गई थीं। सोमवार रात को, उन्हीं नौ महिलाओं में से दो परिचित महिलाएं नरेश शर्मा के खाली मकान पर पहुंचीं। जब उन्हें पता चला कि मकान खाली कर दिया गया है तो वह वापस जाने लगीं। इसी दौरान कॉलोनी के लोगों ने दोनों महिलाओं को संदिग्ध समझकर पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें अपनी हिरासत में ले लिया। नौचंदी थाना प्रभारी ईलम पंवार ने बताया कि मकान में किसी भी तरह का गलत काम नहीं हो रहा था। कॉलोनी के लोगों ने शक के आधार पर विरोध किया था, जिसके बाद महिलाएं दूसरी जगह चली गई थीं। पूछताछ के बाद दोनों महिलाओं को छोड़ दिया गया।

### पुलिस ने गुम हुए 10 मोबाइल बरामद कर स्वामियों को सौंपे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश व एसपी देहात व सीओ सदर देहात के कुशल मार्गदर्शन में सीईआईआर पोर्टल की सहायता से दस गुम हुए मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों को सौंपने का सराहनीय काम किया है। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि परीक्षितगढ़ पुलिस द्वारा 1 फरवरी 2026 से 16 फरवरी 26 के दौरान हुए दस मोबाइल फोन अथक परिश्रम कर बरामद किए जिनकी अनुमानित लागत एक लाख चालीस हजार रुपए है। सभी बरामद मोबाइल उनके पंजीकृत मालिकों को विधिक कार्रवाई कर सौंप दिए गए। फोन पाकर सभी ने पुलिस के कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस कार्य में थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही सहित दरोगा विनय प्रताप, कुलदीप यादव,अजय शर्मा, छवि राम सिंह, सहित कांस्टेबल सुशील गौतम, दीपक कुमार, हेड कांस्टेबल अनिल राणा का विशेष सहयोग रहा।

# मेरठ पब्लिक स्कूल वेदव्यासपुरी में श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया 10वां संस्थापक दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ पब्लिक स्कूल, वेद व्यास पुरी में 10वें संस्थापक दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धापूर्ण, गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। यह अवसर विद्यालय की गौरवशाली यात्रा, उपलब्धियों तथा मूल्यों को स्मरण करने और भविष्य के प्रति संकल्प को सुदृढ़ करने का प्रतीक रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेरठ पब्लिक स्कूल समूह की गवर्निंग काउंसिल की सदस्य मधु सिरोही की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय परिवार ने उनका स्वागत एक पौधा भेंट कर किया, जो पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसके पश्चात संस्थापक स्वर्गीय ताराचंद शास्त्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके दूरदर्शी नेतृत्व, मूल्य आधारित शिक्षा के प्रति समर्पण तथा समाज निर्माण की भावना को स्मरण करते हुए उन्हें विनम्र नमन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समन्वयक सुश्री



जगनदीप कौर ने मेरठ पब्लिक स्कूल समूह की स्थापना, विकास यात्रा तथा विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस विशेष अवसर पर वर्ष 2020-21 के प्रथम बैच के पूर्व छात्र-छात्राएँ (एलुमनाई) भी समारोह में सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि मधु सिरोही मैम ने उनसे आत्मीय संवाद करते हुए उनकी वर्तमान शैक्षिक एवं व्यावसायिक उपलब्धियों के बारे में जाना। पूर्व विद्यार्थियों ने हर्षपूर्वक साझा किया कि विद्यालय ने उन्हें एक स्नेहपूर्ण, अनुशासित एवं प्रेरणादायक वातावरण प्रदान किया, जिसने उनके व्यक्तित्व विकास और सफलता की नींव रखी। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य, भावपूर्ण काव्य पाठ तथा मधुर संगीतमय प्रस्तुति ने समारोह को अत्यंत आकर्षक एवं भावनात्मक बना दिया। इसके पश्चात आयोजित पवित्र हवन समारोह ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से भर दिया।

मुख्य अतिथि मधु सिरोही मैम ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम, संस्कार और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया तथा जीवन में मूल्यों की महत्ता पर बल दिया। विद्यालय की प्राचार्या ज्योति पी. वैद्य ने अपने संबोधन में संस्थापक के सपनों को साकार करने में प्रबंधन, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक योगदान की सराहना की तथा विद्यालय की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि प्रबंध निदेशक विक्रमजीत सिंह शास्त्री एवं केतकी सिंह शास्त्री ने अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं, वहीं सह-संस्थापिका श्रद्धेय कुसुम शास्त्री ने विद्यालय परिवार को अपना स्नेहपूर्ण आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने यह संकल्प व्यक्त किया कि संस्थापक के आदर्शों से प्रेरित होकर भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे।

# यूजीसी के विरोध में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यूजीसी के विरोध में भारतीय जन साधारण पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस काले कानून को वापस लेने की मांग की है। बता दें कि जब से यूजीसी विवाद सामने आया है जिला मुख्यालय पर आए दिन इसके समर्थन व विरोध में लगातार धरना प्रदर्शन हो रहा है। मंगलवार को भी भारतीय जन साधारण पार्टी के बैनर तले प्रदर्शन हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिवाच, राष्ट्रीय प्रवक्ता हरिओम सिंघल, किरन लाल, सत्य प्रकाश चौधरी, मुक्ता चौधरी, रमा कुमारी, नवीन, नरेश चौधरी, बन्टी चौधरी, पंकज सिवाच समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# डीपीएम पब्लिक स्कूल में निःशुल्क दंत परीक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल बहसूमा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक भव्य एवं अत्यंत उपयोगी निःशुल्क दंत परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुभारती डेंटल कॉलेज एवं आईडीए मेरठ कैंट ब्रांच के सौजन्य से संपन्न हुआ जिसमें विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों की टीम ने विद्यालय परिसर में विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया।इस अवसर पर डॉ. मोहनीश मचल, डॉ. ऋषभ, डॉ. अनुषा, डॉ. कनिष्का, डॉ. नक्षत्र एवं डॉ. शिवम् की विशेषज्ञ टीम ने प्रत्येक छात्र का सावधानीपूर्वक परीक्षण किया। चिकित्सकों ने न केवल दाँतों की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन किया, बल्कि दंत समस्याओं के संभावित कारणों की भी जानकारी दी। बच्चों को दाँतों में कीड़े लगने, मसूड़ों की सूजन, पायरिया जैसी समस्याओं से बचने के प्रभावी उपाय बताए गए।विशेष रूप से ब्रश करने की सही तकनीक का व्यावहारिक



प्रदर्शन किया गया। जिसमें बताया गया कि किस प्रकार दिन में दो बार सही दिशा और समयावधि में ब्रश करना चाहिए। बच्चों को संतुलित आहार, मीठे पदार्थों के सीमित सेवन तथा नियमित दंत जांच के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस शिविर के माध्यम से बच्चों में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का एक नया उत्साह देखने को मिला। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय रहा। उनके कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति गहरी संवे. दनशीलता के कारण ही यह विशाल एवं सुव्यवस्थित शिविर संभव हो सका। सचिव जगदीश त्यागी ने स्वयं संपूर्ण व्यवस्थाओं की देखरेख की, अभिभावकों की उपस्थिति सुनिश्चित करवाई तथा यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक बच्चे को इस सुविधा का पूर्ण लाभ मिले। उनके प्रयासों से विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता की एक सशक्त पहल को मूर्त रूप मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ विद्यार्थी ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने बच्चों को नियमित स्वच्छता अपनाने दंत स्वास्थ्य का ध्यान रखने तथा डॉक्टरों की सलाह का पालन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने सुभारती डेंटल कॉलेज एवं चिकित्सकों की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया। अभिभावकों ने इस स्वास्थ्य शिविर की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी पहल बताया और विद्यालय प्रबंधन का आभार प्रकट किया। डीपीएम पब्लिक स्कूल सदैव अपने विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि हमारे विद्यार्थी स्वस्थ,जागरूक और सशक्त नागरिक बन सकें।

# अनियंत्रित होकर बम्बे की खाई में गिरा शराब से भरा ट्रक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को बिजली बंबा बाईपास पर हादसा हो गया जिसमें शराब से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर बम्बे की खाई में गिरा गया। अलीगढ़ से मेरठ की ओर शराब की खेप लेकर आ रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया। बताया जा रहा है कि रास्ते में चालक शाहिद का वाहन पर से संतुलन बिगड़ गया, जिससे ट्रक बाईपास के पास सड़क किनारे खाई में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार ट्रक शराब से भरा हुआ था। चालक को हल्की चोटें आने की सूचना है। पुलिस द्वारा ट्रक को क्रेन की सहायता से बाहर निकालने की कार्रवाई की जा रही है तथा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# पाकिस्तानी महिला पर पुलिस कार्रवाई को कोर्ट में देंगे चुनौती

## अधिवक्ता ने कहा सबा फरहत की गिरफ्तारी गलत, विरोधियों की साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पाकिस्तानी महिला सबा उर्फ नाजी उर्फ नाजिया की गिरफ्तारी को उनके अधिवक्ता वीके शर्मा कोर्ट में चुनौती देंगे। उनका आरोप है कि पुलिस ने गलत तरीके से सबा उर्फ नाजी उर्फ नाजिया को गिरफ्तार किया है। वह लान्ग टर्म वीजा पर यहां है, जो 2027 तक वैलिड है। जहां तक बात नकली वेटर क्लकार्ड तैयार कराने की है तो वह भी उन्होंने नहीं बनवाया। उन्होंने इसे उन विरोधियों की साजिश बताया है, जिनका लांबे समय से सबा उर्फ नाजी उर्फ नाजिया से प्रोपटी विवाद चला आ रहा है।



देहलीगेट की कोठी अतानस की रहने वाली रुकसाना ने उच्चाधिकारियों को एक शिकायती पत्र देकर पाकिस्तानी महिला सबा उर्फ नाजी उर्फ राजिया पर गैरकानूनी तरीके से भारत में रहने का आरोप लगाया था। महिला ने बताया कि नादिर अली बिल्डिंग निवासी फरहत मसूद ने पाकिस्तान जाकर सथा उर्फ नाजी से निकाह किया।

25 मई, 1993 को पाकिस्तान में सबा ने एक बेटी ऐमन फरहत को जन्म दिया। बाद में वह लान्ग टर्म वीजा पर भारत आई और अपने पासपोर्ट पर बेटी को भी ले आई। आरोप है कि भारत आकर सबा उर्फ नाजी ने फर्जी तरीके से अपने दो वोटर कार्ड बनवा लिए। इनमें एक वोटर कार्ड सबा मसूद तो दूसरा नाजिया मसूद के नाम का है। इसके अलावा गलत तर किसे अपनी बेटी का पासपोर्ट भी तैयार करा लिया। सबा के एडवोकेट बी.के. शर्मा ने बताया कि यह विवाद प्रोपर्टी का है जो पहचान पत्र बनवाए गए हैं और दिखाए गए हैं वह विरोधियों की साजिश है और सबा की गिरफ्तारी को वह कोर्ट में चैलेंज करेंगे। वहीं उनके एडवोकेट का कहना है कि सबा के कागज पक्के हैं और उसका वीजा 2027 तक वैध है। वहीं इस मामलें में आज कोर्ट में सुनवाई है। मामले को लेकर लोगों में काफी दिलचस्पी है।

# प्रेमिका के मोबाइल स्विच ऑफ करने पर प्रेमी ने लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में एक युवक ने अपनी प्रेमिका का फोन बंद होने पर आत्महत्या कर ली। प्रेमी व प्रेमिका के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के गली नंबर 23 के लक्खीपुरा में एक युवक ने कथित तौर पर अपनी प्रेमिका से विवाद के बाद आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि सोमवार रात प्रेमिका द्वारा फोन बंद कर देने से नाराज होकर युवक ने फांसी लगा ली। मृतक की पहचान निवासी लक्खीपुरा गली नंबर 23 शहवेज पुत्र जावेद 21 वर्षीय के रूप में हुई है। पास में ही असलम के यहां पावरलूम चलाने का कार्य करता था।

मृतक शहवेज का पड़ोस की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोमवार रात वह अपनी प्रेमिका से फोन पर बात कर रहा था, तभी किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद प्रेमिका ने अपना फोन बंद कर लिया।



जिसके चलते प्रेमिका के फोन बंद करने से नाराज होकर शहवेज अपने मकान की निचली मंजिल में गया। वहां उसने गाटर पर फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की जानक. ारी मिलते ही परिवार में मातम छा गया और कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# जमीयत उलेमा-ए-हिंद की इस्लाह-ए-मुआशरा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुसलमानों के इस्लामिक जीवन से जुड़ी बातों पर गोरो फिक्र किया गया। आज मुसलमान जिन तकलीफों, परेशानियों से गुजर रहा है उस पर भी अफसोस जाहिर किया गया और मुसलमानों की जिंदगी को पुर सुकून बनाने पर इस्लामी जिंदगी और उससे जुड़ी बातों को बताया गया। मुसलमानों को इस दुनिया में किस तरह जिंदगी जीनी है अपने पड़ोसी से कैसा व्यवहार करना है। अपने वालीदेन की किस तरह से देखभाल और खिदमत करनी है अपनी रोजी-रोटी को किस तरह से जायज ढंग से कामना है। समाज में सभी को इज्जत और तरक्की मिले और देश में सुकून रहे इसके लिए दुआ भी की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से शहर काजी जैनुल सालेकीन, नायक शहर काजी जैनुल रशीदीन, मौलाना साबिक, मौलाना इमरान, सिराजुर रहमान, मौलाना शाहनवाज, मौलाना मोबीन, मुफ्ती असरार, मौलाना मोइन अख्तर, मौलाना इमरान, हाफिज इमरान, हाफिज अब्दुल कलाम कुरैशी, इमरान एडवोकेट, समीर एडवोकेट, आफताब ठेकेदार, मौलाना अरशद आदि रहे।



# गावस्कर, कपिल समेत 14 कप्तानों की इमरान से बेहतर बर्ताव की अपील



● **14 हस्ताक्षर करने वाले कप्तानों ने इमरान खान के साथ हुए कथित बर्ताव और जेल के हालात पर गहरी चिंता जताई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सुनील गावस्कर और कपिल देव समेत 14 इंटरनेशनल कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार से इमरान खान के साथ शारीरिक, मानसिक, पर्यावरण और यहां तक कि सामाजिक तौर पर भी बेहतर बर्ताव की जोरदार अपील की है। क्रिकबज समेत कुछ चुनिंदा मीडिया आउटलेट्स को जारी किया गया यह जॉइंट स्टेटमेंट, पूर्व वर्ल्ड कप विनिंग कप्तान की भलाई के लिए एक ऑफिशियल रिप्रेजेंटेशन है, जो जेल में बंद हैं और उनकी हेल्थ या सेफ्टी के बारे में कोई जानकारी मौजूद नहीं है। 14 साइन करने वालों में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और भारत के पूर्व हेड कोच ग्रेग चैपल भी शामिल हैं।

अपनी एक पेज की रिक्वेस्ट में, उन्होंने कहा है कि हम पाकिस्तान सरकार से आदर के साथ रिक्वेस्ट करते हैं कि इमरान खान को ए मिलें। उनकी बताई गई हेल्थ प्रॉब्लम को ठीक करने के लिए उनकी पसंद के क्वालिफाइड स्पेशलिस्ट से तुरंत, सही और लगातार मेडिकल मदद। इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के हिसाब से हिरासत में इंसानी और इज्जतदार हालात, जिसमें परिवार के करीबी सदस्य रेगुलर तौर पर उनसे मिलते रहें। बिना किसी बेवजह देरी या रुकावट के कानूनी प्रोसेस तक सही और ट्रांसपेरेंट पहुंच। गावस्कर, कपिल और चैपल के अलावा, दूसरे साइन करने वालों में माइकल आथर्टन, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रेयरली , इयान चैपल, बेलिंडा क्लार्क, डेविड गॉवर, किम ह्यूजेस, नासिर हुसैन, सर क्लाइव लॉयड, स्टीव वॉ, और जॉन राइट शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि उनकी हेल्थ से जुड़ी हालिया रिपोर्ट खासकर हिरासत में रहने के दौरान उनकी नजर में खतरनाक गिरावट और पिछले दो सालों में उनके जेल में रहने के हालात। पिछले डेढ़ साल ने हमें बहुत चिंता में डाल दिया है।

उन्होंने लिखा कि साथी क्रिकेटरों के तौर पर, जो फेयर प्ले, सम्मान और इज्जत की वैल्यू को समझते हैं, जो हद से ज्यादा हैं, हमारा मानना है कि इमरान खान जैसे कद के इंसान के साथ वैसी ही इज्जत और बुनियादी इंसानी सोच होनी चाहिए जैसी एक पूर्व नेशनल लीडर और एक ग्लोबल स्पोर्टिंग आइकॉन के साथ होनी चाहिए। उन्होंने इमरान खान के साथ हुए कथित बर्ताव और जेल के हालात पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने बताया है कि कैसे इमरान को उनकी इंस्पायरिंग लीडरशिप और क्रिकेट में योगदान के लिए पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है। इमरान खान के खेल में योगदान की पूरी दुनिया में तारीफ होती है।

# पाक के लिए करो या मरो मुकाबला

## आज कोलंबो में भारत के दबाव के साथ उतरेगी पाक टीम, सुपर-8 की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए नामीबिया को हराना होगा




**कोलंबो/नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान का करो या मरो वाला मुकाबला और दक्षिण अफ्रीका का शानदार दबदबा बुधवार को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में एक दिलचस्प मुक. ाबला पेश करेगा। जहां दक्षिण अफ्रीका क्वालिफिकेशन पक्की करके और मोमेंटम के साथ यूनाइटेड अरब अमीरात के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप डी मुकाबले में उतरेगा, वहीं पाकिस्तान कोलंबो में भारी दबाव में उतरेगा, उसे सुपर आठ की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए नाम. ीबिया के खिलाफ जीत की जरूरत है। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, दक्षिण अफ्रीका हर तरह से खिताब का दावेदार लग रहा है। तीन मैचों में तीन जीत ने उन्हें आराम से अगले स्टेज में पहुंचा दिया है। कप्तान एडेन मार्करम ने आगे बढ़कर लीड किया है, उन्होंने तीन पारियों में 150 रन बनाए हैं, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ 44 गेंदों पर नाबाद 86 रन की तूफानी पारी भी शामिल है। बॉलिंग अटैक ने बैटिंग की ताकत का मुकाबला किया है। लुंगी एनगिडी ने तीन मैचों में आठ विकेट लेकर खतरनाक प्रदर्शन किया है, जबकि मार्को यानसन और केशव महाराज ने अहम सफलताएं दिलाई हैं। यूएई के खिलाफ जीत की 97 प्रतिशत संभावना के साथ, प्रोटियाज अपनी टीम को रोटेट भी कर सकते हैं क्योंकि उनका लक्ष्य ग्रुप स्टेज में बिना किसी गलती के जीत हासिल करना है। यूएई, जो पहले ही बाहर हो चुका है, ने अपने पिछले मैच में दम दिखाया। सोहैब खान ने अफगानिस्तान के खिलाफ 68 रन बनाकर टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार हाफ-सेंचुरी बनाई, लेकिन उनका 160/9 का स्कोर काफी नहीं था। हालांकि वे दक्षिण अफ्रीका को चुनौती देना चाहेंगे, लेकिन गहराई और कंसिस्टेंसी में अंतर साफ दिखता है। इसके बिल्कुल उलट, कोलंबो के एसएससी क्रिकेट ग्राउंड पर नामीबिया के खिलाफ पाकिस्तान का शाम का मुकाबला कहीं ज्यादा अहम है। भारत से 61 रन की करारी हार ने 2009 की चैंपियन टीम को मुश्किल में डाल दिया है। एक और चूक जल्दी बाहर होने का कारण बन सकती है। अनुभव से भरी टीम के बावजूद, पाकिस्तान की बैटिंग खराब रही है। साहिबजादा फरहान 120 रन के साथ उनके रन चार्ट में सबसे आगे हैं, लेकिन टॉप पर इन कंसिस्टेंटनेस ने उन्हें नुकसान पहुंचाया है। पूर्व कप्तान बाबर आजम तीन मैचों में सिर्फ 66 रन ही बना पाए हैं, जबकि कप्तान सलमान अली आगा मिडिल ऑर्डर को संभालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बॉलिंग यूनिट काफी मजबूत रही है, जिसमें कई योगदान देने वालों ने विकेट शेयर किए हैं, हालांकि शाहीन अफरीदी महंगे रहे हैं। कागज पर पाकिस्तान 93 परसेंट जीत की संभावना के साथ भारी फेवरेट बना हुआ है, लेकिन हालिया फॉर्म दबाव में कमजोर होने का संकेत देता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डुसान लाजोविच का रियो ओपन के अंतिम-16 में प्रवेश

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** सर्बियाई क्वालिफायर डुसान लाजोविच जर्मनी के सातवें सीड डेनियल अल्टमायर को 6-4, 7-6 (7) से हराकर रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंच गए। लाजोविक, जिन्होंने लकी लूजर के तौर पर मेन ड्रॉ में जगह बनाई थी, ने सोमवार को जॉकी क्लब ब्रासीलीरो के आउटडोर क्ले कोर्ट पर दो घंटे और दो मिनट में अपनी पहली सर्व पर 79 परसेंट पॉइंट जीते और नेट पर 14 में से 12 पॉइंट लेकर जीत हासिल की। वर्ल्ड नंबर 54 अल्टमायर ने आठ एस मारे लेकिन 38 अनफोर्स्ड गलतियां कीं और अपनी दूसरी सर्व पर सिर्फ 39 परसेंट पॉइंट जीते। 129वीं रैंक वाले लाजोविच एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में चिली के टॉमस बैरियोस वेरा या इटली के माटेओ से भिड़ेंगे।

### पेगुला ने आखिरी 9 गेम जीते, राउंड ऑफ-16 में पहुंचीं

**दुबई, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर 5 जेसिका पेगुला- जो ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार सेमीफाइनल रन के बाद आईं - ने डब्ल्यूटीए टूर पर मिडिल ईस्ट स्विंग के पहले दो टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया, बल्कि ठीक होने के लिए यूनाइटेड स्टेट्स वापस चली गईं। नंबर 4 सीड होने के नाते, पेग. ुला को दूसरे राउंड के लिए बाई मिली थी , जहां वह मंगलवार को क्वालिफायर वरवारा ग्राचेवा पर 6-4, 6-0 की रूटीन जीत में निश्चित रूप से तरोताजा और हावी दिखीं। पेगुला को तीसरे राउंड में आगे बढ़ने के लिए सिर्फ 70 मिनट लगे और अब इवा जो. विक और डायना नैडर के विनर का इंतजार है। पेगुला ने जीत के बाद कहा कि अच्छा लग रहा है। किसी स्लैम का इतना अच्छा रिजल्ट आने के बाद, और पहले हफ्ते, वापस खेलना और पिछले हफ्ते स्किप करना यह हमेशा थोड़ा अजीब लगता है।

# आयरलैंड पर टिकी है ऑस्ट्रेलिया की सुपर-8 की किस्मत

● **ताकतवर ऑस्ट्रेलिया की नेशनल टीम चौराहे पर खड़ी है उनकी सुपर-8 की किस्मत आयरलैंड व जिम्बाब्वे के सहारे**




**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट शानदार अनिश्चितताओं का खेल है, लेकिन आज स्क्रिप्ट हाई ड्रामा जैसी लग रही है - ताकतवर ऑस्ट्रेलिया की नेशनल क्रिकेट टीम चौराहे पर खड़ी है, उनकी सुपर 8 की किस्मत सिर्फ उनके अपने बल्ले से नहीं, बल्कि आयरलैंड और जिम्बाब्वे की किस्मत से जुड़ी है।

जब बड़ी टीमें आगे की बजाय बगल से देखने लगती हैं, तो आप समझ जाते हैं कि कहानी चूल्हे पर ज्यादा देर तक रखे चावल की तरह गाढ़ी हो गई है। ऑस्ट्रेलिया, चोटिल लेकिन सांस लेते हुए, एक मैथमेटिकल भूलभुलैया में फंस गया है। एक जीत, दो हार, और एक नेट रन रेट जो हल्का सा 0-414 पर मुस्कुरा रहा है - यह किसी चैंपियन का अकड़ नहीं है, यह एक ऐसी टीम का रस्सी पर चलना है जो खाई को देख रही है।

ओमान के खिलाफ उनका आखिरी लीग मुकाबला अब सिर्फ एक मैच नहीं है, यह एक बचाव मिशन है। लेकिन कहानी में ट्विस्ट यह है। ओमान पर जबरदस्त जीत भी शायद काफी न हो। कंगारू को नाचने से पहले बैगपाइप बजाना होगा। आयरलैंड को जिम्बाब्वे को हराना होगा। उस आयरिश बगावत के बिना, ऑस्ट्रेलिया का कैंपेन तूफान में मोमबत्ती की तरह बुझ जाएगा। इस बीच, श्रीलंका ने अब तक अपने तीनों मैच जीतकर छह पॉइंट्स के साथ सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर ली है। रविवार रात, मेजबान टीम ने ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया, जिसमें पथुम निसंका की शानदार सेंचुरी ने ग्रुप स्टेज में उनके शानदार प्रदर्शन को दिखाया। जिम्बाब्वे चार पॉइंट्स के साथ टेबल में सबसे ऊपर है और उसका नेट रन रेट 1-984 है। यह नंबर सिर्फ हिसाब-किताब नहीं है - यह एक किला है। अगर वे आयरलैंड को हरा देते हैं, तो ऑस्ट्रेलिया के लिए दरवाजा बंद हो जाएगा। अगर वे हार जाते हैं, तो नेट रन रेट महाभारत शुरू हो जाएगी - एक तीन-तरफा मुकाबला जहां हर रन, हर बचा हुआ ओवर, हर बाउंड्री एक खंजर या ढाल बन जाती है। ऑस्ट्रेलिया के लिए, अब यह जीतने के बारे में नहीं है - यह बड़ी जीत के बारे में है। इंच से नहीं, बल्कि मीलों से। पहाड़ खड़ा करो या बिजली की तरह पीछा करो। ओमान को कोल्हू में गन्ने की तरह निचोड़ो। क्योंकि एनआरआर के कोर्टरूम में, दया की कोई अपील नहीं है। विडंबना यह है कि यह काव्यात्मक है।

# सुपर-8 का अभ्यास करने उतरेगा भारत

● **आज नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का आखिरी ग्रुप मैच**

**अहमदाबाद, वार्ता।** जब आप आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप जैसा टूर्नामेंट खेलते हैं, तो दो तरह के मैच होते हैं। एक वो जिसमें जिंदा रहना दांव पर होता है। दूसरा वो जिसमें स्टैंडर्ड तय होते हैं। बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का आखिरी ग्रुप मैच साफ तौर पर दूसरी कैटेगरी में आता है।

भारत पहले ही सुपर 8 स्टेज के लिए क्वालीफाई कर चुका है। तीन मैच, तीन पक्की जीत। काम अच्छे से, लगभग क्लिनिकली किया गया है। लेकिन अगर दशकों से महान टीमों को देखने से आप एक बात सीखते हैं, तो वह यह है - वे कभी स्विच ऑफ नहीं होतीं। क्वालिफिकेशन फिनिश लाइन नहीं है( यह सिर्फ चेकपॉइंट है। इस भारतीय टीम ने कमाल का बैलेंस दिखाया है। टॉप ऑर्डर में इरादा है, मिडिल ऑर्डर में मैच्योरिटी है, और बॉलिंग में वैरायटी है। पिछले मैच में, ईशान किशन की 40 गेंदों पर 77 रन की शानदार पारी ने माहौल बना दिया। यह बिना सोचे-समझे हिटिंग नहीं थी, यह सोची- समझी आक्रामकता थी। यही एक अच्छी पारी को एक महान पारी से अलग करता है। सूर्या बीच के ओवरों में शांत रहते हैं, जबकि हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी भारत को टी-20 क्रिकेट में बहुत जरूरी फिनिशिंग देते हैं। टीम मैनेजमेंट के लिए अच्छी बात गहराई होगी। अगर एक या दो बैट्समैन फेल भी हो जाते हैं, तो भी भरपाई के लिए काफी फायरपावर है। बॉलिंग यूनिट शायद और भी शानदार रही है। अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने मिलकर अब तक टूर्नामेंट में 12 विकेट लिए हैं। जो बात सबसे अलग है, वह है उनका कंट्रोल। वे सिर्फ विकेट नहीं ढूंढते वे प्रेशर बनाते हैं। और प्रेशर, खासकर टी-20 क्रिकेट में, गलतियां करने पर मजबूर करता है।

ऐसी चर्चा है कि जसप्रीत बुम. राह को सुपर 8 स्टेज के लिए फ्रेश रखने के लिए आराम दिया जा सकता है। अगर ऐसा होता है, तो इससे भारत बहुत कमजोर नहीं होगा। यह सिर्फ बेंच स्ट्रेंथ को टेस्ट करेगा। जो टीमें टूर्नामेंट में गहराई तक जाती हैं, उन्हें अक्सर 14 या 15 प्लेयर्स की जरूरत होती है, न कि सिर्फ आम ग्यारह की। नीदरलैंड्स के लिए, सिचुएशन बिल्कुल अलग है। अमेरिका से भारी हार के बाद, वे खुद को मुश्किल स्थिति में पाते हैं।

# भारत 43 पदकों के साथ तालिका में टॉप पर

● **दुबई 2026 ग्रां प्री 17वीं फाजा इंटरनेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने 16 स्वर्ण, 13 सिल्वर और 14 कांस्य पदक जीते**

**दुबई, वार्ता।** भारत ने शुरुआती दुबई 2026 ग्रां प्री- 17वीं फाजा इंटरनेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप- में शानदार प्रदर्शन किया, और कुल 43 मेडल के साथ मेडल टेबल में टॉप पर रहा, जिसमें 16 गोल्ड मेडल, 13 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। कोलंबिया और केन्या ने अपने 20-20 मेडल में से 11 और 6 गोल्ड मेडल के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि मेजबान यूएई सीजन के पहले वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में 31 मेडल में से 6 गोल्ड के साथ चौथे स्थान पर रहा। भारत के लिए, जो नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अगला डब्ल्यूपीए ग्रां प्री होस्ट करेगा, उसके एथलीटों के लिए सीजन की शुरुआत कॉन्फिडेंस के साथ करना जरूरी था, और उन्होंने दुबई क्लब फॉर पीपल ऑफ डिटरमिनेशन ग्राउंड पर ठीक वैसा ही किया। दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल पुरुषों की जेवलिन थ्रो64 में गोल्ड के साथ अपने पसंदीदा मैदानों में से एक पर लौटे, जबकि उनके साथी थ्रोअर और पेरिस 2024 के गोल्ड मेडलिस्ट नवदीप (पुरुषों की जेवलिन थ्रो41) और धर्मबीर नैन (पुरुषों की क्लब थ्रो 51) ने भी दुबई में जीत के साथ सीजन की शुरुआत की। उनके साथ पेरिस 2024 की डबल ब्रॉन्ज मेडलिस्ट प्रीति पाल भी थीं, जिन्होंने महिलाओं की 100मी और 200मी टी35 इवेंट्स में क्रमशः गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल जीते। दुबई में उनके मेडल ने पेरिस 2024 पैरालंपिक्स के बाद उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन को और पक्का कर दिया।

# होबार्ट लेग को भारतीय टीम घोषित




**एफआईएच प्रो लीग**

● **भारतीय हॉकी टीम 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में तस्मानिया हॉकी सेंटर में खेलेगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के होबार्ट लेग के लिए 24 सदस्यों वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम का ऐलान किया। यह टीम 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में तस्मानिया हॉकी सेंटर में खेलेगी। आने वाले लेग में भारत स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला करेगा, जो एक हाई-इंटेंसिटी मुकाबला होने की उम्मीद है। राउरकेला लेग पूरा करने के बाद, जहां भारत का सामना बेल्जियम और अर्जेंटीना से हुआ था, टीम अब होबार्ट में फिर से इकठा होकर बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। टीम में अनुभव के साथ युवा टैलेंट का मेल है, क्योंकि टीम का मकसद मजबूती से वापसी करना है। टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 गेम्स में दो बार के ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट, अनुभवी मिडफील्डर हार्दिक सिंह को इस दौरे के लिए कप्तान बनाया गया है। हरमनप्रीत सिंह पर्सनल कारणों से टीम का हिस्सा नहीं होंगे। राउरकेला लेग के दौरान सीनियर टीम में डेब्यू करने वाले युवा खिलाड़ी अमनद. ीप लाकड़ा और मनमीत सिंह ने टीम में अपनी जगह बनाए रखी है। सूरज और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। डिफेंस में अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय और सुमित जैसे अनुभवी नाम हैं, साथ ही होनहार युवा खिलाड़ी अमनदीप लाकड़ा, यशदीप सिवाच और पूवन्ना चंदुरा बॉबी भी हैं।

**मिडफील्ड की** कमान कप्तान हार्दिक सिंह के साथ संजय, विवेक सागर प्रसाद और राज कुमार पाल संभालेंगे। उन्हें राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह और विष्णु कांत सिंह का साथ मिलेगा।

**फॉरवर्ड लाइन** में जाने-माने अटैकर मंदीप, अभिषेक और शिलानंद लाकड़ा शामिल हैं। मनिंदर सिंह टीम में वापस आए हैं, जो हीरो एशिया कप 2022 और एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पिछले एडिशन में खेल चुके हैं।

# सकारात्मक अंदाज में अपना अभियान समाप्त करना चाहता है इटली




**कोलकाता, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप सी में लगातार दूसरी हार के बावजूद इटली अपने अभियान को सकारात्मक अंदाज में खत्म करना चाहता है। हार के बावजूद, इटली की टीम ने दुनिया की टॉप टी 20 टीमों में से एक, इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने जुझारू प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया, जिससे पता चलता है कि वह अपने पहले वर्ल्ड कप में ग्लोबल स्टेज पर तेजी से आगे बढ़ रही है, ऐसा इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की वेबसाइट के अनुसार है। स्टैंड-इन कप्तान हैरी मैनेंटी ने टूर्नामेंट को टीम के लिए एक अनोखा अनुभव बताया। हार के बाद मैनेंटी ने कहा कि हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने हमारी तैयारी से पहले लाइट्स में नहीं खेला है। वे बस जोफ्रा आर्चर और दूसरों का सामना लाइट्स में शायद 15,000 लोगों के सामने कर रहे थे। जब आप आराम से बैठकर इसकी तारीफ करते हैं, तो यह काफी प्रभावशाली बात होती है। उन्होंने कम समय में इटली की शानदार बढ़त पर जोर दिया। हम रोम से आए थे, जहां हम यूरोप के छोटे देशों के खिलाफ सिंथेटिक क्रिकेट खेलते थे। लेकिन हम वहां से 18 महीने के अंदर ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने तक पहुंच गए हैं। यह एक बहुत बड़ी चढ़ाई है।

# भारतीय 'ए'महिला टीम सेमीफाइनल में




**महिला एशिया कप**

● **भारत 'ए' टीम ने बैंकॉक में टेर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड में नेपाल को सात विकेट से हराया**

**बैंकॉक, वार्ता।** भारत ए ने मंगलवार को थाईलैंड के बैंकॉक के टेर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड में अपने आखिरी ग्रुप ए मैच में नेपाल को सात विकेट से हराकर महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। पहले बॉलिंग करते हुए, इंडिया ए ने तनुजा कंवर की शानदार गेंदबाजी की बदौलत नेपाल को 18 ओवर में सिर्फ 78 रन पर ढेर कर दिया, जिन्होंने चार विकेट लिए।

इंडिया ए ने सिर्फ 7-5 ओवर में टारगेट हासिल कर आराम से जीत हासिल कर ली। इस जीत से डिफेंडिंग चैंपियन तीन मैचों में चार पॉइंट्स और प्लस 3-042 के नेट रन रेट के साथ ग्रुप ए में टॉप पर पहुंच गई। अपने पहले मैच में यूएई से हैरान करने वाली हार के बाद, कप्तान राधा यादव की टीम ने पाकिस्तान ए और नेपाल पर लगातार जीत के साथ जोरदार वापसी करते हुए नॉकआउट में अपनी जगह पक्की कर ली। फील्डिंग चुनने के बाद इंडिया ने जल्दी ही स्ट्राइक कर ली, मिन्नू मणि ने पांचवें ओवर में बिंदु रावल को आउट किया। इसके बाद इंडियन स्पिनर्स ने मैच पर कब्जा कर लिया, नेपाल के दस में से नौ विकेट लिए, जिसमें मिन्नू मणि ने 3/8 और राधा यादव ने दो विकेट लिए। नेपाल के लिए समझाना खड़का ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए, लेकिन बाकी बैटिंग लाइन-अप टिक नहीं पाई। जवाब में, इंडिया ए ने जल्दी ही एक विकेट खो दिया, लेकिन वृंदा दिनेश सिर्फ 18 गेंदों पर 39 रन बनाकर नाबाद रहीं और दूसरे छोर पर कुछ विकेट गंवाने के बावजूद टीम को आसानी से जीत दिलाई।

### सिनर ने दोहा में जबरदस्त डेब्यू के साथ फॉर्म में की वापसी

**दोहा, वार्ता।** जैनिक सिनर इस हफ्ते दोहा में कतर एक्सॉनमोबिल ओपन में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जैनिक सिनर ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियन ओपन में हारने के दर्द को सोमवार को दोहा में नए मकसद में बदलना शुरू किया, जहां उन्होंने कतर एक्सॉनमोबिल ओपन में शानदार डेब्यू परफॉर्मेंस से भीड़ को रोमांचित कर दिया। ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से पांच सेट में हारने के दो हफ्ते बाद, सिनर दोहा में हार्ड-कोर्ट एटीपी 500 इवेंट में टॉमस माचाक पर 6-1, 6-4 से शानदार जीत के साथ जीत की राह पर लौटे। अपनी 70 मिनट की जीत के साथ, दूसरे सीड खिलाड़ी ने इस लेवल पर अपनी जीत का सिलसिला 11 मैचों तक बढ़ा दिया, इससे पहले उन्होंने पिछले अक्टूबर में बीजिंग और वियना में खिताब जीते थे। अपने पहले राउंड के शानदार परफॉर्मेंस के दौरान, सिनर ने सर्व पर सिर्फ छह पॉइंट गंवाए।

# बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर-2025 बनी मंधाना



● **इस सम्मान के लिए भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख, शूटर सुरुचि सिंह और हर्डलर ज्योति याराजी को भी नॉमिनेट किया गया था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड कप जीतने वाली क्रिकेटर स्मृति मंधाना को भारत के लिए उनके शानदार प्रदर्शन के बाद 2025 के लिए बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर चुना गया। 29 साल की मंधाना ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीतने में भारत की वाइस-कैप्टन के तौर पर अहम भूमिका निभाई थी, उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान 434 रन बनाए थे। इस सम्मान के लिए भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख, शूटर सुरुचि सिंह और हर्डलर ज्योति याराजी को भी नॉमिनेट किया गया था। अवार्ड लेते हुए, मंधाना ने इसे महिला क्रिकेट के लिए एक यादगार दौर बताया। उन्होंने कहा कि यह एक खास साल रहा है। बीबीसी, मुझे बेस्ट स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर का अवॉर्ड देने के लिए धन्यवाद। मुझे खुशी है कि मैं योगदान दे सकी और भारत को मैच जीतने में मदद कर सकी। मंधाना को एक जूरी ने चुना था जिसमें पूर्व टेनिस स्टार लिएंडर पेस, पैरालंपिक मेडलिस्ट दीपा मलिक और लॉन्ग जम्पर अंजू बॉबी जॉर्ज शामिल थीं। उन्होंने 16 साल की उम्र में इंडिया के लिए डेब्यू किया था और सभी फॉर्मेट में 17 इंटरनेशनल सेंचुरी बनाई हैं, जिससे उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मंधाना ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ दो विमेंस प्रीमियर लीग टाइटल भी जीते हैं। दूसरे अवॉर्ड विनर्स में, दिव्या देशमुख को 20 साल की उम्र में विमेंस वर्ल्ड कप जीतने के बाद एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। पैरा-एथलीट प्रीति पाल को 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप में दो मेडल जीतने के बाद बीबीसी पैरा स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिला, जबकि पूर्व शूटर अंजलि भागवत को इंडियन शूटिंग में उनके योगदान के लिए बीबीसी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सिडनी 2000 में, अंजलि ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला इंडियन शूटर बनीं। उन्होंने चार कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडल भी जीते।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कैसे लगे लगाम

मंगलवार को हेट स्पीच पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी अहम टिप्पणी की। जिसमें उसने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारे बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट शिक्षाविद रूपरेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं पर सुनवाई कर रहा था। हालांकि कोर्ट ने अलग से एक याचिका दायर करने के लिए कहा है और मौजूदा याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार किया है। याचिका में नेताओं व मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाओं में कहा गया था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं की तरफ से चीफ जस्टि सूर्यकांत, जस्टि बीवी नागरत्ना और जस्टिस जायमाल्या बागची के समक्ष दलीलें रखी। सिब्बल का कहना था कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा का विशेष रूप से नाम लिया, लेकिन साथ ही कहा कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी जा रही है, बल्कि भाजपा में जवाब तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया जा रहा है, लेकिन बेंच उनकी दलीलों से असंतुष्ट दिखाई दी और चीफ जस्टिस ने साफ कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। इसलिए एक दूसरी याचिका दायर करें और इनको वापस लें। उस नई याचिका में यह बताया जाए कि राजनीतिक कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर कोर्ट सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान जस्टि नागरत्ना ने बेहद महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उस पर सभी को ध्यान देना चाहिए। नागरत्ना का कहना था कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। साथ ही उन्होंने सवाल भी उठाए, जिसमें उनकी पीड़ा भी दिखाई देती है कि अगर वह गाइडलाइन बना भी दें तो उनका पालन कौन करेगा। भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं। हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा। इस बीच अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने चुनाव प्रचार संहिता का भी जिक्र किया और पीठ को बताया कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन इससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उन्होंने जानना चाहा कि ऐसे मामलों में मीडिया की क्या जिम्मेदारी है। इस पर बड़ी बात जस्टिस बागची ने यह कहकर कही कि कोर्ट केवल आदेश पारित कर सकता है, लेकिन उन्हें लागू करना एक चुनौती है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट पहले भी हेट स्पीच को कई सिद्धांत तय चुका है। उनका यह कहना बिल्कुल सही था कि ऐसे में राजनीतिक दलों की बड़ी जिम्मेदारी बनती है, क्योंकि कोई भी नेता पार्टी का एक सदस्य होता है। जाहिर है हेट स्पीच एक बड़ी समस्या है, नि:संदेह वह केवल कोर्ट के सहारे नहीं रोकी जा सकती। राजनीतिक दल ही आगे आएं।

## पीएम मोदी की प्रचार पाने की भूख



एआई पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन दुनिया में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतर अवसर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार पाने की भूख के कारण इस शिखर सम्मेलन का पूरा माहौल अराजक हो गया है, एआई शिखर सम्मेलन में अव्यवस्थाओं को लेकर खबरें आ रही हैं, प्रचार की भूखी मोदी सरकार के घोर कुप्रबंधन के कारण यह सम्मेलन अराजकता में तब्दील हो गया है, इसमें शामिल संस्थाएं, अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले लोगों तथा आगंतुकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले ही दिन फोटो खिंचवाने के लिए सम्मेलन स्थल पर अचानक पहुंचने के कारण लोगों को सुरक्षा कारणों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, प्रदर्शकों को भोजन और पानी नहीं मिला, उनके उत्पाद चोरी हो गए, डिजी यात्रा बुरी तरह विफल रही, लैपटॉप, व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और यहां तक कि बैग भी प्रतिबंधित कर दिए गए, डिजिटल यूपीआई के बजाय केवल नकद भुगतान स्वीकार किया गया।

**–मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# रमजान मुबारकः इबादत, सब्र और इंसानियत का पाक महीना

रमजान मुबारक इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र और बरकतों से भरा महीना माना जाता है। यह महीना केवल रोजा रखने का नाम नहीं है, बल्कि आत्मशुद्धि, आत्मसंयम, त्याग, सब्र और अल्लाह की इबादत में डूब जाने का महीना है। दुनिया भर के मुसलमान इस महीने का बेसब्री से इंतजार करते हैं, क्योंकि यह महीना उन्हें आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाता है और जीवन को एक नई दिशा देता है। रमजान का चांद दिखाई देते ही मस्जिदों में रौनक बढ़ जाती है, घरों में इबादत का माहौल बन जाता है और हर दिल में एक खास सुकून उतर आता है।

रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है और इसी महीने में पवित्र कुरआन शरीफ का अवतरण हुआ था। यह महीना हमें याद दिलाता है कि इंसान को अपने अंदर की बुराइयों को दूर करके अच्छाइयों को अपनाना चाहिए। रोजा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि अपनी नजर, अपनी जुबान, अपने विचार और अपने व्यवहार को भी नियंत्रित रखने का नाम है। जब कोई व्यक्ति सुबह से शाम तक कुछ खाता-पीता नहीं है, तब उसे गरीब और जरूरतमंद लोगों की तकलीफ का एहसास होता है। यही एहसास उसे दया और इंसानियत की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

रमजान में सहरी और इफ्तार का विशेष महत्व होता है। सहरी वह भोजन है जो सूर्योदय से पहले किया जाता है, और इफ्तार सूर्यास्त के बाद रोजा खोलने का समय होता है। इफ्तार के समय परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठते हैं, दुआ करते हैं और खजूर तथा पानी से रोजा खोलते हैं। यह .श्य अपने आप में एकता और प्रेम का प्रतीक होता है। मस्जिदों में सामूहिक इफ्तार का आयोजन भी किया जाता है, जहां अमीर-गरीब सभी एक साथ बैठकर रोजा खोलते हैं। इससे सामाजिक समानता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

रमजान का महीना तरावीह की नमाज के लिए भी जाना जाता है। इस दौरान मुसलमान रात में विशेष नमाज अदा करते हैं जिसमें कुरआन शरीफ का पाठ किया जाता है। यह इबादत दिल को सुकून देती है और इंसान को अल्लाह के करीब ले जाती है। रातों की इबादत और दिन के रोजे मिलकर इंसान के जीवन में अनुशासन और संयम लाते हैं। यह महीना सिखाता है कि अगर इंसान चाहे तो अपने मन और इच्छाओं पर नियंत्रण पा सकता है।

रमजान में जकात और सदका देने की परंपरा भी है। जकात इस्लाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जिसके तहत संपन्न लोग अपनी आय का एक हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों को देते हैं। इससे समाज में आर्थिक संतुलन बना रहता है और जरूरतमंद लोगों की मदद होती है। रमजान के दौरान लोग खुलकर दान करते हैं, क्योंकि माना जाता है कि इस महीने में किए गए नेक कामों का सवाब कई गुना बढ़ जाता है।

रमजान केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्लेषण का अवसर भी है। यह महीना हमें अपने कर्मों पर विचार करने, अपनी गलतियों को सुधारने और एक बेहतर इंसान बनने का संदेश देता है। जब इंसान रोजा रखता है, तो वह झूठ, चुगली, गाली-गलौज और बुरे कामों से दूर रहने की कोशिश करता है। यह आत्मसंयम धीरे-धीरे उसके स्वभाव का हिस्सा बन जाता है।

इस महीने में आखिरी दस दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इन्हीं दिनों में शबे-कद्र आती है, जिसे हजार महीनों से बेहतर रात कहा गया है। इस रात की इबादत का सवाब अत्यधिक होता है। लोग पूरी रात जागकर नमाज अदा करते हैं, कुरआन पढ़ते हैं और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। यह रात इंसान को उम्मीद और नई शुरुआत का संदेश देती है।

रमजान का सामाजिक और पारिवारिक महत्व भी बहुत बड़ा है। यह महीना परिवार के सदस्यों को एक साथ लाता है। सहरी और इफ्तार के दौरान पूरा परिवार एक साथ बैठता है, जिससे रिश्तों में मधुरता आती है। बच्चे भी इस महीने में रोजे रखने की कोशिश करते हैं और धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। इससे उनमें बचपन से ही अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। रमजान हमें यह भी सिखाता है कि असली खुशी केवल भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं है, बल्कि आत्मिक शांति में है। जब इंसान भूखा-प्यासा रहकर भी सब्र करता है, तो उसे अपने अंदर की शक्ति का एहसास होता है। यह एहसास उसे जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार करता है। अंत में, रमजान मुबारक केवल एक शुभकामना नहीं है, बल्कि एक दुआ है कि यह महीना हमारे जीवन में खुशियां, शांति और बरकत लेकर आए। यह हमें सच्चाई, ईमानदारी और इंसा. नियत की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। रमजान हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी इंसान हैं और हमें एक-दूसरे के साथ प्रेम और सम्मान से रहना चाहिए। रमजान मुबारक का यह पवित्र महीना हर साल हमें खुद को सुधारने और अपने जीवन को बेहतर बनाने का अवसर देता है। अगर हम इस महीने की शिक्षाओं को पूरे साल अपने जीवन में उतार लें, तो हमारा समाज अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध बन सकता है। यही रमजान का असली संदेश है सब्र, इबादत, दया और इंसानियत।



**रमजान का सामाजिक और पारिवारिक महत्व भी बहुत बड़ा है। यह महीना परिवार के सदस्यों को एक साथ लाता है। सहरी और इफ्रतार के दौरान पूरा परिवार एक साथ बैठता है, जिससे रिश्तों में मधुरता आती है। बच्चे भी इस महीने में रोजे रखने की कोशिश करते हैं और धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। इससे उनमें बचपन से ही अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। रमजान हमें यह भी सिखाता है कि असली खुशी केवल भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं है, बल्कि आत्मिक शांति में है। जब इंसान भूखा-प्यासा रहकर भी सब्र करता है, तो उसे अपने अंदर की शक्ति का एहसास होता है।**

**नसीम राना**

# सूरजमुखी के पराबैंगनी की दोहरी भूमिका

**सूरजमुखी की दो प्रजातियों एच. एन्नस और एच. पेटियोला. रिस के जीनोम का अध्ययन किया गया। अकेले एच. एन्नस में एक जीन में बहुरुपता मिली जो फूलों के पैटर्न में 62 प्रतिशत विविधता के लिए जिम्मेदार थी। एच. पेटियोलारिस में स्पष्ट परिणाम नहीं दिखे। अन्य शोधकर्ताओं का कहना है कि ये निष्कर्ष अन्य फूलों पर भी लागू हो सकते हैं और इस तरह के अध्ययन यह समझने में मदद कर सकते हैं कि पौधे जलवायु परिवर्तन के प्रति किस तरह की प्रतिक्रिया दे सकते हैं।**

गर्मियों के अंत में खेतों में सूरजमुखी खिले दिखते हैं। लंबे तने के शीर्ष पर लगे सूरजमुखी के फूल लगभग एक जैसे ही दिखाई देते हैं। चटख पीले रंग की पंखुड़ियां और बीच में कत्थई रंग का गोला, लेकिन पराबैंगनी प्रकाश को देखने में सक्षम मधुमक्खियों व अन्य परागणकर्ताओं को सूरजमुखी का फूल बीच में गहरे रंग का और किनारों पर हल्के रंग का दिखता है जैसे चांदमारी का निशाना (बुल्स आई) हो।

हाल ही में ई-लाइफ में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक इस बुल्स आई में पाए जाने वाले यौगिक न सिर्फ परागणकर्ताओं को आकर्षित करते हैं, बल्कि पानी के ह्रास को भी नियंत्रित करते हैं और सूरजमुखी को अपने वातावरण में अनुकूलित होने में मदद करते हैं। शोधकर्ताओं को बुल्स आई के आकार के लिए जिम्मेदार एक एकल परिवर्तित जीन क्षेत्र भी मिला है। ये निष्कर्ष शोधकर्ताओं को यह समझने में मदद कर सकते हैं कि सूरजमुखी और कुछ अन्य फूल बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण अक्सर पड़ने वाले सूखे से कैसे निपटते हैं। सूरजमुखी (हेलिएंथस प्रजातियां) कठिन आवास स्थानों के प्रति अनुकूलित होने में माहिर हैं। इस वंश के पौधे अत्यधिक दुर्गम परिस्थितियों, जैसे गर्म, शुष्क रेगिस्तान और खारे दलदल में रह सकते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के पादप आनुवंशिकीविद मार्को टोडेस्को जैव विकास और जेनेटिक्स की दृष्टि से समझना चाहते थे कि ये ऐसा कैसे करते हैं। शोधकर्ताओं ने उत्तरी अमेरिका के दूरस्थ स्थानों से लाकर यूनिवर्सिटी में उगाए गए 1900 से अधिक सूरजमुखी पौधों का अध्ययन किया। अध्ययन का उद्देश्य फूलों के रंग जैसे विभिन्न लक्षणों को देखना था ताकि उनका



आनुवंशिक आधार खोजा जा सके। शोधकर्ताओं द्वारा सूरजमुखी की पराबैंगनी तस्वीरें लेने पर पता चला कि हरेक सूरजमुखी के फूल के लिए बुल्स आई का आकार बहुत अलग था। फूल के बीच में छोटे से घेरे से लेकर पूरी पंखुड़ियों पर बड़े घेरे तक बने थे। ये भिन्नता न केवल अलग-अलग प्रजातियों में थी बल्कि एक ही प्रजाति के फूलों के बीच भी थी, जिससे लगता है कि इसका कोई वैकासिक महत्व होगा। अन्य प्रजातियों के फूल परागणकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए इसी तरह के पैटर्न का उपयोग करते हैं, इसलिए शोधकर्ता देखना चाहते थे कि क्या सूरजमुखी के मामले में भी ऐसा ही है। जैसी कि उम्मीद थी, परागणकर्ता छोटे या बड़े बुल्स आई वाले फूलों की तुलना में मध्यम आकार की बुल्स आई वाले फूलों पर 20-30 प्रतिशत बार अधिक आए। सवाल उठा कि यदि मध्यम आकार परागणकर्ताओं के लिए सबसे आकर्षक है तो फिर इन फूलों में बुल्स आई के इतने भिन्न आकार क्यों दिखते हैं? शोधकर्ताओं का अनुमान था कि बुल्स आई का कोई अन्य कार्य भी होगा जिसके चलते आकार में इतनी विविधता है। इस संभावना की जांच के लिए शोधकर्ताओं ने उत्तरी अमेरिका वाले सूरजमुखी (हेलिएन्थस एन्नस) के विभिन्न आकार की बुल्स आई का भौगोलिक क्षेत्र के हिसाब से मानचित्र बनाया, जैसी कि उम्मीद थी उन्हें विविधता में एक स्पष्ट भौगोलिक पैटर्न दिखाई दिया। पहले तो शोधकर्ताओं को लगा था कि बुल्स आई, जिसमें पराबैंगनी सोखने वाले रंजक होते हैं, सूरजमुखी को अतिरिक्त सौर विकिरण से बचाती होगी, लेकिन सूरजमुखी के मूल भौगोलिक क्षेत्र में पराबैंगनी किरणों की तीव्रता और बुल्स आई के औसत आकार के बीच कोई सम्बंध नहीं दिखा। फिर शोधकर्ताओं को लगा कि शायद तापमान का इससे सम्बंध होगा। पूर्व अध्ययनों ने बताया गया था कि सूरजमुखी के फूल ऊष्मा को अवशोषित करने के लिए सूरज की तरफ रुख करते हैं, जो उन्हें तेजी से बढ़ने और परागणकर्ताओं को आकर्षित करने में मदद करता है। इसलिए शोधकर्ताओं का विचार था कि बड़ी बुल्स आई फूलों को ऊष्मा देने में मदद करती होगी ताकि परागणकर्ता भी आकर्षित हों और वृद्धि भी तेजी से हो, लेकिन जब शोधकर्ताओं ने विभिन्न आकार के बुल्स आई वाले फूलों से आने वाली गर्मी की मात्र की तुलना की तो उन्हें इसमें दिन में किसी भी समय कोई अंतर नहीं दिखा। अंत में, उन्होंने देखा कि बड़े बुल्स आई वाले सूरजमुखी शुष्क इलाकों से लाए गए थे, जबकि छोटी बुल्स आई वाले सूरजमुखी नम इलाकों से लाए गए थे। इस आधार पर शोधकर्ताओं का विचार था कि बुल्सआई के आकार का सम्बंध नमी रोधन से होगा।

**...स्रोत फीचर्स**

# एचबीए 1 सी टेस्ट पर नया अध्ययनः डायबिटीज की चुनौतियां



**विनीत नारायण**

डायबिटीज, जिसे आधुनिक युग की महामारी कहा जा रहा है, भारत में करोड़ों लोगों को अपनी चपेट में ले चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत दुनिया का डायबिटीज कैपिटल है, जहां 10 करोड़ से अधिक लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं। डायबिटीज के निदान और नियंत्रण के लिए एचबीए1 सी (ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन) टेस्ट को 'सोने का मानक' माना जाता रहा है। यह टेस्ट पिछले दो-तीन महीनों की औसत ब्लड शुगर लेवल को मापता है, जो आसान, गैर-आक्रामक और विश्वसनीय लगता है। लेकिन फरवरी 2026 में 'द लैंसेट रीजनल हेल्थ - साउथईस्ट एशिया' जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन ने इस धारणा को चुनौती दे दी है। यह अध्ययन, जो विशेष रूप से भारतीय और दक्षिण एशियाई आबादी पर केंद्रित है, चेतावनी देता है कि एनीमिया, हीमोग्लोबिन विकृतियों और अन्य कारकों के कारण एचबीए1सी टेस्ट गलत निदान कर सकता है, जिससे डायबिटीज का पता चार साल तक देरी से चल सकता है।

यह अध्ययन, प्रोफेसर अनूप मिश्रा और उनके सहयोगियों द्वारा लिखित, एचबीए1सी की सीमाओं पर गहन समीक्षा करता है। भारत में एनीमिया एक महामारी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक वयस्क महिलाएं और 25 प्रतिशत पुरुष एनीमिया से प्रभावित हैं। एनीमिया आयरन की कमी से लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या घटाता है, जिससे एचबीए1सी का स्तर कृत्रिम रूप से ऊंचा हो जाता है। परिणामस्वरूप, जो व्यक्ति डायबिटीज से ग्रस्त नहीं है, उसे गलत तरीके से डायबिटीज का मरीज घोषित कर दिया जा सकता है। इसके विपरीत, हीमोग्लोबिनोपैथी (जैसे थैलेसीमिया, जो भारत में 4: आबादी को प्रभावित करता है) या जी6पीडी की कमी एचबीए1सी को कम दिखा सकती है, जिससे वास्तविक डायबिटीज वाले मरीजों का निदान देरी से होता है।

अध्ययन के अनुसार, दक्षिण एशियाई लोगों में एचबीए1सी और वास्तविक ब्लड ग्लूकोज के बीच सहसंबंध कमजोर है। उदाहरण के लिए, एनीमिया वाले क्षेत्रों में एचबीए1सी पर निर्भरता से डायबिटीज का निदान 20-30 प्रतिशत मामलों में गलत हो सकता है। यह न केवल निदान को प्रभावित करता है, बल्कि उपचार को भी, अनावश्यक दवाएं या देरी से उपचार से जटिलताएं जैसे हृदय रोग, किडनी फेलियर बढ़ सकती हैं। अध्ययन की एक महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत जैसे विकासशील देशों में जहां एनीमिया और आनुवंशिक विकार आम हैं, एचबीए1सी को अकेले इस्तेमाल करना जोखिमपूर्ण है। यह पश्चिमी आबादी पर आधारित मानकों को सीधे लागू करने की भूल को उजागर करता है।

भारत में डायबिटीज का बोझ पहले से ही भारी है। आईसीएमआर के अनुसार, 2030 तक यह 13.5 करोड़ तक पहुंच सकता है, लेकिन यह अध्ययन बताता है कि लाखों लोग अनदेखे डायबिटीज से पीड़ित हो सकते हैं, क्योंकि एचबीए1सी पर अंधविश्वास ने अन्य टेस्ट जैसे ओरल ग्लूकोज टॉलरेंस टेस्ट (ओजीटीटी) या फास्टिंग प्लाज्मा ग्लूकोज (एफपीजी) को पीछे धकेल दिया है। विशेष रूप से ग्रामीण भारत और महिलाओं के लिए यह खतरा अधिक है, जहां एनीमिया दर 60 प्रतिशत से ऊपर है। देरी से निदान से न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बिगड़ता है, बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली पर बोझ भी बढ़ता है। चिंता का मतलब घबराहट नहीं होना चाहिए। यह अध्ययन एक जागृति का संकेत है। भारतीयों की आनुवंशिक संरचना जैसे 'थ्रिफ्टी जीन' हाइपोथेसिस, जो दक्षिण एशियाई लोगों में इंसुलिन रेजिस्टेंस को बढ़ावा देती है, पहले से ही डायबिटीज को जन्मभूमि बनाती है। लेकिन एचबीए1सी की सीमाएं जानकर हम बेहतर रणनीति बना सकते हैं। अगर हम इसे नजरअंदाज करेंगे, तो 'साइलेंट किलर' जाने जाने वाली डायबिटीज और घातक हो जाएगी।

गौरतलब है कि फार्मा उद्योग, जो डायबिटीज मार्केट से सालाना अरबों-खरबों कमाता है, इस अध्ययन से हलचल में आ सकता है। भारत में एचबीए1सी टेस्ट किट्स का बाजार 500 करोड़ रुपये से अधिक का है। इस अध्ययन से बड़ी कमानियों की बिक्री प्रभावित हो सकती है, क्योंकि डॉक्टर अब कॉम्बिनेशन टेस्ट की सिफारिश करेंगे। संभावना है कि फार्मा कंपनियां वैकल्पिक डायग्नोस्टिक टूल्स पर निवेश बढ़ाएंगी। दवाओं के मामले में भी सदियों से चली आ रही दवाओं पर सीधा असर कम होगा, क्योंकि निदान गलत होने से उपचार की शुरुआत प्रभावित होगी, लेकिन एक बार निदान हो जाए तो दवाओं को उसी मुताबिक दिया जाएगा। हालांकि, फार्मा इंडस्ट्री की लॉबी इस अध्ययन को चुनौती दे सकती है, यह दावा करते हुए कि एचबीए1सी अभी भी उपयोगी है। वहीं वैश्विक स्तर पर, कुछ कंपनियां, जो अलग तरह के जांच उपकरण व दवाएं बेचती हैं, इस नए अध्ययन को मार्केटिंग के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। कुल मिलाकर, यह उद्योग के लिए एक अवसर भी साबित हो सकता है, जो बाजार को नया आयाम देगा, लेकिन अगर प्रतिक्रिया नकारात्मक हुई, तो नियामक दबाव बढ़ सकता है। भारतीय डॉक्टर इस अध्ययन से सहमत हैं, लेकिन घबराहट की बजाय सतर्कता की वकालत करते हैं। प्रोफेसर अनूप मिश्रा, अध्ययन के मुख्य लेखक और फोर्टिस सीकेडी हॉस्पिटल के चेयरमैन, कहते हैं, एचबीए1सी पर पूर्ण निर्भरता से डायबिटीज की स्थिति का गलत वर्गीकरण हो सकता है। कुछ लोग अनुचित रूप से देरी से निदान हो सकते हैं। एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया के एक सर्वे में 70 प्रतिशत डॉक्टरों ने कहा कि एनीमिया वाले मरीजों में ओजीटीटी को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस अध्ययन के बाद, डॉक्टरों का मत है कि एचबीए1सी उपयोगी है, लेकिन अकेला नहीं। वो मानते हैं कि मिलीजुली प्रकिया के तहत डायबटीज जैसी बीमारी का निदान किया जा सकता है।

यह अध्ययन हमें निष्क्रियता से हटाकर सक्रियता की ओर ले जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार अगर आप एचबीए1सी टेस्ट करवा रहे हैं, तो सीबीसी (कम्प्लीट ब्लड काउंट) से एनीमिया भी चेक जरूर करवाएं। अगर एनीमिया है, तो ओजीटीटी या एफपीजी पर स्विच करें। इसके साथ ही 30 वर्ष से ऊपर वाले व्यक्तियों को हर साल कम से कम दो टेस्ट. एफपीजी और एचबीए1सी करवाने चाहिए। डायबिटीज का 80: जोखिम रोकथाम योग्य है। दैनिक 30 मिनट व्यायाम, फाइबर-युक्त आहार (दालें, सब्जियां) और वजन नियंत्रण अपनाएं। अध्ययन दिखाता है कि भारतीयों में वजन बढ़ने से इंसुलिन रेजिस्टेंस तेजी से बढ़ता है। एनीमिया रोकने के लिए आहार में पालक, गुड़ और पौष्टिक आहार शामिल करें, लेकिन अपने डॉक्टर की सलाह से। अस्पतालों और सामाजिक संस्थाओं को सामुदायिक स्तर पर कैंप लगाने चाहिए, जिससे कि जागरूकता बढ़े। सस्ते व आसानी से उपलब्ध ग्लूकोमीटर या ऐप्स से घर पर मॉनिटरिंग करें। ए कदम न केवल डायबिटीज को नियंत्रित करेंगे, बल्कि समग्र स्वास्थ्य भी सुधारेंगे। यह अध्ययन एचबीए1सी को खारिज नहीं करता, बल्कि इसकी सीमाओं को उजागर करता है। भारतीयों के लिए यह एक जागृति का क्षण है, चिंता करें, लेकिन उचित कार्रवाई भी करें। डायबिटीज से लड़ाई में सटीक निदान पहला कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



मुंबई। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन का स्वागत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## लालू यादव की जमानत खारिज करने संबंधी याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देवघर चारा घोटाला मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को मिली जमानत के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की अपील पर सुनवाई को अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिह की पीठ मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यादव की सजा निलंबित कर उन्हें जमानत दी गई थी। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने तर्क दिया कि उच्च न्यायालय ने सजा निलंबित करते समय कानून को गलत अर्थ में देखा है।

## भारत-नेपाल व्यापार महोत्सव 20 फरवरी से दिखेगी नेपाली संस्कृति की झलक

**नई दिल्ली।** एवरेस्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (ईसीसीआई) दिल्ली के हौज खास में 20 फरवरी से तीन दिवसीय भारत-नेपाल व्यापार सम्मेलन का आयोजन करेगा जिसमें लोगों को पर्वतीय देश की संस्कृति को करीब से जानने का मौका मिलेगा। भारत में नेपाली कारोबारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन के पदाधिका. रियों ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यहां पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भवन में 20 से 22 मार्च तक आयोजित होने वाले इस व्यापार मेले में नेपाल के खास उत्पाद, वहां के खान-पान और वहां की संस्कृति को दर्शाया जाएगा।

# नर्सरी में धतूरे का पौधा उगाता था जेफ्री एपस्टीन

## जेफ्री एपस्टीन की जहरीले पौधों में दिलचस्पी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई

**वाशिंगटन।** हाल ही में जारी हुए एपस्टीन फाइल्स के ईमेल्स में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की जहरीले पौधों में दिलचस्पी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। इन ईमेल्स में खास तौर पर 'ट्रम्पेट प्लांट्स' (धतुरा का पौधा) का जिक्र है। ईमेल्स में ऐसे लेख फारवर्ड किए गए थे, जिनमें कोलंबिया में इसके इस्तेमाल का जिक्र था।

बताया गया कि इसके असर में व्यक्ति को कहीं भी 'ले जाया' जा सकता है, क्योंकि वह पूरी तरह आज्ञाकारी और भ्रमित हो जाता है। हिंदू परंपरा में धतूरा भगवान शिव से जुड़ा हुआ है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन के दौरान जब विष निकला, तो शिव ने संसार की रक्षा के लिए उसे पी लिया। शिव मंदिरों में धतूरा के फूल और फल चढ़ाए जाते हैं। ईमेल के स्क्रीनशाट से पता चलता है कि उसके फाइनेंसर ने ऐसे पौधों में रुचि दिखाई थी। धतुरा के पौधों से स्कोपोलामीन नाम का एक रसायन निकलता है, जो दिमाग पर गहरा असर डालता है। स्कोपोलामीन याददाश्त कमजोर

■ ईमेल्स में ऐसे लेख फारवर्ड किए गए थे, जिनमें कोलंबिया में इसके इस्तेमाल का जिक्र था



कर सकता है, व्यक्ति को भ्रम की स्थिति में डाल सकता है। इसी वजह से कुछ विशेषज्ञ इसे 'जाम्बी ब्रीथ' भी कहते हैं। इसमें बताया गया था कि यह दवा लोगों को बहुत ज्यादा असर डालती है और उन्हें आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। ईमेल्स से पता चलता है कि एपस्टीन धतुरा के पौधे के बारे में पूछताछ कर रहा था। हालांकि यह साफ नहीं है कि उसने इनका इस्तेमाल किया या नहीं। वहीं, 2022 के एक अन्य ईमेल में एक पीड़ित के बयान का जिक्र है, जिसमें स्कोपोलामीन के संपर्क में आने की बात कही गई। इन दस्तावेजों से यह साफ होता है कि एपस्टीन ऐसे पौधों से जुड़ा था, जिनमें दिमाग को प्रभावित करने की ताकत होती है। ईमेल्स में 3 बार इस पौधे का जिक्र-पहला ईमेल (3 मार्च 2014- यह ईमेल सीधे एपस्टीन ने 'एन रोड्रिगेज' नाम के एक व्यक्ति को भेजा था। ईमेल में उन्होंने लिखा था कि नर्सरी में लगे उनके ट्रम्पेट पौधों के बारे में क्रिस से पूछो। इससे साफ संकेत मिलता है कि एपस्टीन की नर्सरी में ट्रम्पेट प्लांट यानी धतूरा के पौधे लगे हुए थे। दूसरा ईमेल (27 जनवरी 2015-बताया जाता है कि यह ईमेल फ्रांसीसी फैशन फोटोग्राफर एंटोनी वेरग्लास की ओर से आगे भेजा गया था। ईमेल्स में जिस 'जाम्बी फ्लावर' का जिक्र है, वह दरअसल ट्रम्पेट आकार वाले पौधे हैं। फारवर्ड किए गए एक मैसेज का शीर्षक था- स्कोपोलामीन: कोलंबिया के जंगलों में उगने वाली एक शक्तिशाली दवा, जो इंसान की चेतना को खत्म कर देती है। यह मैसेज डेली मेल और वाइस की एक रिपोर्ट से जुड़ा था।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी नागरिक अधिकार नेता जेसी जैक्सन का निधन

वॉशिंगटन। अमेरिका के नागरिक अधिकार नेता, मार्टिन लूथर किंग के सहयोगी और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जेसी जैक्सन का मंगलवार को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जैक्सन परिवार के बयान में कहा गया कि जैक्सन मंगलवार सुबह अपने परिवार के बीच शांति से गुज़र गये। न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए उनके पक्के इरादे ने आज़ादी और सम्मान के लिए दुनिया भर में चल रहे आंदोलन को हिला दिया। जैक्सन एक जाने-माने मानवा. धिकार कार्यकर्ता थे। उन्होंने 1984 और 1988 में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए दो बार चुनाव लड़ा था।

### स्पेन में आग लगने से पांच लोगों की मौत

**मैड्रिड।** उत्तर-पूर्वी स्पेन में सोमवार को आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य मामूली रूप से घायल हो गए। स्थानीय अधिका. रियों ने यह जानकारी दी है। कैटलन क्षेत्रीय अग्निशमन सेवा ने एक बयान में कहा कि आग बार्सिलोना प्रांत के मान्लेउ शहर में एक पांच मंजिला रिहायशी इमारत में लगी। दमकलकर्मियों ने लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया, लेकिन वहां पांच लोग मृत पाए गए। चार अन्य को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### म्यांमार में जेड खदान ढहने से कई लोगों के लापता होने की आशंका

**यांगून।** उत्तरी म्यांमार के काचिन में सोमवार रात एक जेड खदान ढहने से कई लोगों के लापता होने की आशंका है। यह घटना हपाकांत टाउनशिप में स्थानीय समयानुसार कल रात करीब 9:30 बजे हुई। खदान ढहने के बाद बड़ी संख्या में लोग बचाव कार्य के लिए घटनास्थल पर जमा हो गए, लेकिन खदान के बहुत बड़े पैमाने पर ढहने के कारण काम में रुकावट आई। काचिन राज्य पुलिस के अनुसार जब यह हादसा हुआ तब खदान में करीब 50 लोग काम कर रहे थे।

# तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने

## संसद भवन में शपथ हुई, 1 हिंदू समेत 49 मंत्री बनाए गए, इनमें 25 कैबिनेट, 24 राज्य मंत्री

**ढाका।** बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही 18 महीने से चल रही अंतर्. रम सरकार का कार्यकाल खत्म हो गया। तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। इससे पहले आज दोपहर में बीएनपी के सां. सदों ने उन्हें संसदीय दल का नेता चुना था। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे हैं।

17 साल तक लंदन में रहने के बाद वह दो महीने पहले ही बांग्लादेश लौटे थे। रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री निताई राय चौधरी भी शामिल है। वह कैबिनेट मंत्री बने। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। सभी 24 राज्य मंत्री नए हैं। पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था। इसके अलावा 3 सीटों पर उसकी सहयोगी पार्टियों ने जीत हासिल की। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने तारिक रहमान को प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई। बाद में दोनों ने हाथ मिलाया। इस बीच संविधान में बदलाव को लेकर सियासी टकराव तेज हो गया है। दरअसल, 12 फरवरी को संसद चुनाव के साथ 'जुलाई चार्टर' पर जनमत संग्रह भी हुआ था। इसमें 62 प्रतिशत लोगों ने 'हां' में वोट दिया। जुलाई चार्टर के मुता. बिक नई संसद 180 दिनों के लिए संविधान सभा की तरह काम करेगी। इस अवधि के दौरान संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं में बदलाव किए जाते। जुलाई चार्टर का मकसद देश में ताकत का एकाधिकार खत्म करना और संतुलन बनाना है। इससे प्रधानमंत्री की ताकत घट जाती और राष्ट्रपति को अधिकार दिए जाते। बीएनपी ने जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन उसके नेता कई प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। पार्टी का कहना है कि चार्टर तैयार करते समय उनसे सलाह नहीं ली गई थी। बीएनपी के स्टैंडिंग कमिटी सदस्य और सांसद सलाहुद्दीन अहमद ने बताया कि पार्टी के कोई भी सांसद इस परिषद के सदस्य के रूप में शपथ नहीं लेंगे। वर्तमान संविधान में ऐसी किसी परिषद का कोई प्रावधान नहीं है और न ही कोई अलग शपथ का फार्मेट मौजूद है। उनका कहना है कि संसद सदस्य केवल संसद के लिए चुने गए हैं, संवैधानिक सुधार परिषद के लिए नहीं। इस परिषद को वैध बनाने के लिए पहले संविधान में संशोधन करके इसे शामिल करना होगा, फिर संसद में इसे अपनाना होगा और उसके बाद ही शपथ का कोई कानूनी आधार बनेगा। यह परिषद जुलाई चार्टर के तहत संवैधानिक सुधारों को लागू करने के लिए बनाई गई है। योजना थी कि नए संसद सदस्य के साथ-साथ इस परिषद के सदस्य भी बनें और दोनों के लिए शपथ लें, लेकिन बीएनपी ने इसे असंवैधानिक बताते हुए केवल संसद सदस्य की शपथ ली है। जुलाई चार्टर के तहत पीएम के लिए जीवनभर कुल 10 साल (या अधिकतम दो टर्म) की सख्त टर्म लिमिट लगाई गई है, ताकि कोई लंबे समय तक सत्ता में न रह सके। पीएम पार्टी चीफ के पद के साथ नहीं रह सकता, इमरजेंसी घोषणा के लिए कैबिनेट और विपक्षी लीडर की लिखित सहमति जरूरी होगी। प्रेसिडेंट की भूमिका मजबूत होगी, जैसे कई स्वतंत्र संस्थाओं के प्रमुखों की नियुक्ति में प्रेसिडेंट को ज्यादा स्वतंत्र अधिकार मिलेंगे, जो पहले पीएम के प्रभाव में थे। बाइकैमरल संसद (ऊपरी सदन) बनने से पीएम-केंद्रित निचले सदन के फैसलों पर कंट्रोल लगेगा और कई संस्थाओं के लिए अलग सेलेक्शन कमिटी बनेंगी, जिससे पीएम का एकतरफा नियंत्रण कम होगा।



■ पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था

### यूनुस ने किया पूर्वोत्तर भारत के 'सेवन सिस्टर्स' राज्यों का उल्लेख

**ढाका।** बंगलादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने राष्ट्र के नाम अपने विदाई संबोधन में भारत का उल्लेख तो नहीं किया, लेकिन 'सात बहनों' का संबोधन करते हुए कहा कि बंगलादेश, नेपाल, भूटान और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के सात राज्यों (सेवेन सिस्टर्स) को आर्थिक समृद्धि के लिए विशाल अवसर दे सकता है। यूनुस ने सोमवार रात अपने संबोधन में कहा कि खुला समुद्र केवल (बंगलादेश की) भौगोलिक सीमा नहीं है। यह बंगलादेश के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ काम करने का अवसर है। बंगलादेश सात बहनों, नेपाल और भूटान के लिए आर्थिक खुशहाली की बहुत बड़ी संभावना दे सकता है। 'सात बहन राज्यों' का अर्थ भारत के पूर्वोत्तर में मौजूद सात राज्यों से हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मेघालय, असम, त्रिपुरा, नागालैंड और मणिपुर शामिल हैं। यूनुस ने अपने बयान में नेपाल और भूटान का भी जिक्र किया, लेकिन उनके शब्दों में पड़ोसी भारत का कोई उल्लेख नहीं था।

## ओम बिरला ने बांग्लादेश के नए पीएम तारिक रहमान से की मुलाकात

■ पीएम मोदी का पत्र सौंपा, भारत आने का दिया निमंत्रण

**ढाका।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को ढाका में नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की। इस बात की जानक. ारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी।

बिरला ने एक्स पर लिखा कि नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर खुशी हुई। भारत हमेशा बांग्लादेश के लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। मुलाकात के दौरान, बिरला ने रहमान को पद ग्रहण की बधाई दी और उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से भेजे गया पत्र भी तारिक रहमान को सौंपा। दोनों नेताओं ने भारत और बांग्लादेश के लोगों के भले के लिए मिलकर काम करने की आशा व्यक्त की। बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह ने बताया कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी शुभकामनाएं भेजी। उन्होंने कहा कि दोनों नेता जनकेंद्रित सहयोग के तहत भारत और बांग्लादेश के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने के लिए आशावादी हैं।

## ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा का पांच दिवसीय भारत दौरा 18 से

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा बुधवार को भारत की पांच यात्रा पर यहां पहुंच रहे हैं और इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनी. तिक समझौते करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार दा सिल्वा भारत की सरकारी यात्रा पर आएंगे और वह भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए वार्ता करेंगे। इस वार्ता में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। राष्ट्रपति दा सिल्वा के इस दौरे के दौरान ऊर्जा, नागरिक उड्डयन, महत्वपूर्ण खनिज और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। राष्ट्रपति दा सिल्वा अपनी भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति ने इस दौरान उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी करेंगी।

## भारतीय लड़की भी यौन अपराधी एपस्टीन का शिकार हुई

■ नई फाइल्स में खुलासा अमेरिकी अधिकारी पीड़ित मुआवजा फंड से मदद देने के लिए तलाश रहे थे

■ नई फाइल्स में 5 जून 2014 को बिल गेट्स और एपस्टीन के बीच बातचीत की एक ईमेल शामिल

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी नई फाइलों में खुलासा हुआ है कि एक भारतीय लड़की भी उसका शिकार हुई थी। दस्तावेजों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने उसे पीड़ित मुआवजा फंड से भुगतान दिलाने के लिए भारत में तलाश शुरू की थी।

13 जनवरी 2020 की एक ईमेल में अमेरिकी अधिकारियों के बीच हुई बातचीत सामने आई है। इसमें भारत में मौजूद पीड़िता का पता और जानकारी जुटाने को कहा गया है, ताकी भारत स्थित अमेरिकी दूतावास के जरिए उससे संपर्क किया जा सके। यह ईमेल एपस्टीन की अगस्त 2019 में जेल में हुई मौत के बाद की है। रिलीज दस्तावेजों में इस मेल का टाइटल 'एपस्टीन विक्टिम्स' है, हालांकि अधिकारियों के नाम और कुछ जानकारियां छुपाई गई हैं। दस्तावेज में अमेरिकी अधिकारियों से भारतीय लड़की और उसकी कान्टैक्ट डीटेल्स निकालने के लिए कहा गया है। नई फाइल्स में 5 जून 2014 को बिल गेट्स और एपस्टीन के बीच बातचीत की एक ईमेल शामिल है।

## उपभोक्ता हेल्पलाइन से 31 क्षेत्रों में 79521 शिकायतों का समाधान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने गत 31 जनवरी तक नौ महीनों की अवधि के दौरान धनवापसी के दावों से संबंधित 79521 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान किया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार यह समाधान 31 क्षेत्रों में किया गया है। सूचना में यह भी कहा गया है कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 31 क्षेत्रों में 52 करोड़ रुपये की राशि की वापसी हो सकी है। मुकदमे से पहले के चरण में 79,521 शिकायतों का समाधान किया गया है और इसमें ई-कॉमर्स का हिस्सा सबसे ज्यादा है। विभाग की यह प्रमुख पहल उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत प्रभावी, सुलभ और समयबद्ध शिकायत निवारण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# अमेरिका-ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत का दूसरा दौर शुरू

## अमेरिका इस बातचीत में ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर भी चर्चा करना चाहता है

■ बातचीत का पहला दौर पश्चिमी एशिया के कई देशों की मध्यस्थता के बाद ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था

**जिनेवा।** अमेरिका और ईरान के बीच बहुप्रतीक्षित अप्रत्यक्ष वार्ता का दूसरा दौर मंगलवार को जिनेवा में शुरू हुआ। यह बैठक ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित है।

ईरान का प्रस्ताव है कि अगर अमेरिका ईरान पर लगे सभी प्रतिबंध हटाने और उसकी स्थिर संपत्तियों के इस्तेमाल को मंजूरी देता है, तो वह अपने संवर्धित यूरेनियम की गुणवत्ता कम करने के लिए तैयार है। अमेरिका इस बातचीत में ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर भी चर्चा करना चाहता है, लेकिन ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने स्पष्ट किया है कि वह इसके पक्ष में नहीं हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह इस बैठक में 'अप्रत्यक्ष' रूप से शामिल होंगे। बैठक में ईरान की ओर से विदेश मंत्री अराघची शामिल होंगे, जबकि अमेरिका का प्रतिनिधित्व ट्रंप के विशेष राजदूत स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद जैरेड कुश्नर करेंगे। बातचीत का पहला दौर पश्चिमी एशिया के कई देशों की मध्यस्थता के बाद ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था। अमे. रिका और ईरान दोनों ने इसे एक 'अच्छी शुरुआत' करार दिया था, लेकिन दोनों देशों के बीच किसी तरह की सहमति नहीं बन पाई थी।

## हंगरी, अमेरिका ने परमाणु सहयोग समझौते पर किए हस्ताक्षर

**बुडापेस्ट।** हंगरी और अमेरिका ने नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर कर लिये हैं। यह समझौता सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की बुडापेस्ट यात्रा के दौरान संपन्न हुआ। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बान ने कहा कि यह समझौता तथा अमे. रिकी प्रशासन द्वारा प्रतिबंधों से संबंधित दी गई छूट, दोनों मिलकर हंगरी की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगे और देश को घरेलू उपभोक्ताओं तथा उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर ऊर्जा उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हंगरी अपने साझेदारों के साथ खुले और पारदर्शी दृष्टिकोण के साथ काम करता है और किसी भी चिंता का समाधान प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से किया जा सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने कहा कि यह परमाणु ऊर्जा समझौता नवंबर में व्हाइट हाउस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री ऑर्बान के बीच हुई बैठक में हुई चर्चाओं का परिणाम है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि अमे. रिकी सरकार ने हंगरी को प्रभावित करने वाले कुछ प्रतिबंधात्मक उपायों को निलंबित कर दिया है, जिससे द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# जेलेंस्की ने हंगरी के पीएम का उड़ाया मजाक

## कहा: वो अपना पेट बढ़ा रहे, सेना नहीं, यूक्रेन जंग में रूस का विरोध नहीं करने से नाराज

**म्यूनिख।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने जर्मनी के म्यूनिख सिक्योरिटी कान्फ्रेंस में हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर आर्बन का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन, रूस से लड़ रहा है, इसलिए यूरोप के देश आज आजादी से जी पा रहे हैं।

जेलेंस्की ने कहा कि विक्टर आर्बन सोच रहे हैं कि अपना पेट कैसे बढ़ाया जाए, लेकिन ये नहीं सोच रहे कि सेना को कैसे बढ़ाया जाए, ताकि रूस टैंकों को बुडापेस्ट (हंगरी की राजधानी) की सड़कों पर फिर लौटने से रोका जा सके। जेलेंस्की का कहना है कि आर्बन रूस के खतरे को गंभीरता से लेने के बजाय अपनी राजनीति और आराम पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। वे सुरक्षा और रक्षा तैयारियों के बजाय दूसरी बातों में ज्यादा उलझे हुए हैं। रूसी टैंकों के बुडापेस्ट की सड़कों पर लौटने की बात हंगरी के इतिहास से जुड़ी चेतावनी है। 1956 में सोवियत टैंक हंगरी में घुसे थे और विद्रोह को कुचल दिया गया था। जेलेंस्की याद दिलाना चाहते हैं कि अगर रूस को खुली छूट दी गई और समय रहते उसका विरोध नहीं किया गया, तो ऐसा खतरा दोबारा भी सामने आ सकता है। कोल्ड वार के समय हंगरी सोवियत यूनियन (आज का रूस) का हिस्सा था। बीते कुछ सालों में यूक्रेन और हंगरी के रिश्ते काफी तनावपूर्ण हुए हैं। इसकी वजह यह है कि आर्बन पर रूस को लेकर नरम रुख अपनाने का आरोप है। हाल के हफ्तों में उन्होंने देश के चुनाव से पहले यूक्रेन के खिलाफ बयानबाजी भी तेज कर दी है। इससे पहले 2022 में रूसी हमले के बाद यूक्रेन ने यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होने के लिए आवेदन किया था, लेकिन तब आर्बन के वीटो की वजह से आगे की बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी थी। बाकी यूरोपीय देशों के उलट, हंगरी ने यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद भी रूस से अपने इंपोर्ट में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया। जेलेंस्की ने कहा कि अब पुराने दिन खत्म हो चुके हैं। अमेरिका अब यूरोप को पहले जैसा साझेदार नहीं मानता। इसलिए यूरोप को यूक्रेन के साथ मिलकर अपनी खुद की सेना बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह युद्ध कुछ नेताओं के बीच बैठकर तय नहीं किया जा सकता। न तो डोनाल्ड ट्रम्प और व्लादिमीर पुतिन मिलकर इसका फैसला कर सकते हैं, न ही मैं खुद और पुतिन। म्यूनिख में बैठा कोई भी नेता अकेले पुतिन से बात करके इस युद्ध का अंत तय नहीं कर सकता।



■ रूसी टैंकों के बुडापेस्ट की सड़कों पर लौटने की बात हंगरी के इतिहास से जुड़ी चेतावनी है

## किम-जोंग की बहन या बेटी देश की अगली तानाशाह कौन

■ एक्सपर्ट बोले: भाई जितनी ही खूंखार, राष्ट्रपति को छोड़ सबको फांसी दे सकती हैं

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया में तानाशाह किम जोंग की बाद अगला तानाशाह बनने के लेकर उनकी बहन और बेटी में संघर्ष छिड़ सकता है। यह दावा दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। दरअसल किम जोंग पिछले कुछ समय से लगातार अपनी 13 साल की बेटी शकिम जू ऐश के साथ सर्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आ रहे हैं।

ऐसे में माना जा रहा है कि वो किम जू-ऐ को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर सकते हैं। इसे लेकर दक्षिण कोरिया के पूर्व राजदूत राह जोंग-यिल ने कहा कि किम जू-ए के लिए रास्ता बिल्कुल आसान नहीं होगा। उनकी सबसे बड़ी चुनौती किम जोंग-उन की छोटी बहन 'किम यो-जुंग' होंगी, जो अपने भाई जितनी ही खूंखार मानी जाती हैं। 38 साल की किम यो-जुंग को उत्तर कोरिया में दूसरी सबसे ताकतवर शख्स हैं। पार्टी से लेकर सेना तक उनकी मजबूत पकड़ है। यहां तक कहा जाता है कि वे राष्ट्रपति को छोड़कर पार्टी की 250 सदस्ईय केंद्रीय समिति के किसी भी नेता को मौत की सजा दे सकती हैं। राह जोंग-यिल का कहना है कि अगर किम यो-जुंग को लगा कि उनके पास शीर्ष नेता बनने का मौका है, तो वे बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगी। यानी सत्ता संघर्ष की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। अन्य एक्सपर्ट्स का भी कहना है कि अगर अचानक किम जोंग-उन को कुछ हो जाता है या वे शासन करने की हालत में नहीं रहते, तो किम यो-जुंग तुरंत सत्ता संभालने की कोशिश कर सकती हैं। किम यो-जुंग को बचपन में 'स्वीट प्रिंसेस यो-जोंग' कहा जाता था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॅान कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108